देवीपाटन मण्डल का प्रथम हिन्दी दैनिक

त्रिगुट

गोण्डा गुरुवार 12 अक्टूबर 2023 वर्ष 39 अंक 55 रजि0 नं0 46071/85 (हिन्दी दैनिक समाचार पत्र) फोन/फैक्स–05262-230683 डाक पंजीयन संख्या–NP/GONDA-30/2003 पृष्ठ– 8 मूल्य 2.00 रुपये

जनपद में 7 दिसंबर तक धारा 144 लागू

गोण्डा। गोण्डा में आने वाले त्योहारों और परीक्षाओं को लेकर जिला प्रशासन ने धारा 144 लागू कर दी है। इसमें बिना पूर्व अनुमति के सभी प्रकार के जुलूस, धरना, प्रदर्शन पर पाबंदी लगा दी गई है। अपर जिला मजिस्ट्रेट सुरेश कुमार सोनी ने बताया कि आगामी त्यौहार शारदीय नवरात्रि, महानवमी, दशहरा, दीपावली, गोवर्धन पूजा, भैयादूज, चित्रकूट जयंती, छठ पूजा, गुरु नानक जयंती, कार्तिक पूर्णिमा मेला एवं उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की परीक्षा को देखते हुए यह निषेधाज्ञा जारी की गयी है। धारा 144 आगामी 7 दिसंबर 2023 तक लागू रहेगी। इस दौरान सामान्य स्थितियों को छोड़कर एक स्थान पर पांच से अधिक व्यक्ति या व्यक्तियों का समूह जिसके क्रियाकलापों से शांति व्यवस्था प्रभावित हो सकती है, उन्हें एकत्रित होने का अधिकार नहीं होगा। किसी भी व्यक्ति संस्था व संगठन द्वारा सांप्रदायिक सद्भाव और सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास नहीं किया जाएगा।

नासिरा प्रेस
मालवीयनगर–गोण्डा
मो0–9236750993

हमारे यहां शादी कार्ड, मुण्डन कार्ड, हैण्डबिल, पोस्टर, स्टीकर आदि की छपाई उचित दर पर होती है।
एक बार सेवा का अवसर अवश्य दें।

इजरायल और हमास के बीच चल रहे युद्ध में हजारों की मौत से मचा हाहाकार

दुनिया दो भागों में बंटने लगी...इजराइली हमलों के बाद पूरे गाजा की बिजली ठप

गाजा पट्टी (ईएमएस)। इजराइल-हमास के बीच चल रही लड़ाई में दोनों तरफ से हजारों लोगों के मौत की खबर है। अब यह लड़ाई खतरनाक होती जा रही है। इजराइल पर फिलिस्तीन ने फास्फोरस बम दागने के आरोप लगाए गए हैं। इजराइली सेना ने गाजा से लगे हुए अल-करामा शहर पर इजराइल ने प्रतिबंधित फास्फोरस बम का इस्तेमाल किया। ये बम जिस इलाके में गिरते हैं वहां ऑक्सीजन लेवल कम हो जाता है। इसके कण इतने छोटो होते हैं कि मानव शरीर में घुस जाते हैं। वहीं, रातभर में इजराइल ने गाजा में हमास के 200 ठिकानों पर हमले किए। इजराइली एयरफोर्स ने बताया है कि उन्होंने हमास कमांडर मोहम्मद देइफ के पिता के घर पर अटैक किया है। टाइम्स ऑफ इजराइल की रिपोर्ट के मुताबिक इस हमले में देइफ के भाई की मौत हुई है। इजराइली हमलों के बाद पूरे गाजा में बिजली सप्लाई ठप हो गई है। गाजा पट्टी के एकमात्र पावर प्लांट में ईंधन खत्म हो गया है। इससे पूरे इलाके की बिजली सप्लाई रुक गई है। अस्पतालों की इमरजेंसी लाइट सिर्फ 2 दिन चल सकेगी। 9 अक्टूबर को गाजा बॉर्डर पर कब्जे के बाद इजराइल ने गाजा तक होने वाली बिजली सप्लाई रोक दी थी। इसके पहले इजराइल और हमास की जंग में अब तक 2,150 लोगों की मौत हुई है। इनमें से करीब 1,200 इजराइली हैं। वहीं अब तक करीब 950 फिलिस्तीनियों ने भी जान गंवाई है। गाजा पर इजराइल के हमले में हुके 9 कर्मचारी मारे गए हैं। इस बीच मंगलवार रात अमेरिका का पहला ट्रांसपोर्ट प्लेन गोला-बारूद के साथ इजराइल के नेवातिम एयरबेस पर पहुंच गया। दूसरी तरफ, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन ने पहली बार जंग को लेकर बयान दिया। उन्होंने कहा- यह युद्ध अमेरिकी विदेश नीति की विफलता है। अमेरिका फिलिस्तीनियों के हित को नजरअंदाज कर रहा है।

मदद दोगुना करने की घोषणा की

इस बीच अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन और उप राष्ट्रपति कमला हैरिस ने इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से युद्ध के हालात की जानकारी ली। बाइडेन ने व्हाइट हाउस से अपने संबोधन में कहा कि अमेरिका इजराइल के साथ है। इजराइल में एक हजार लोगों की अमानवीय तरह से हत्याएं की गई हैं। इनमें 14 अमेरिकी नागरिक मारे गए। इजराइल में नरसंहार हुआ है। इजराइल को इस हमले का जवाब देने का अधिकार है। इसके साथ ही उन्होंने इजराइल के लिए मदद को दोगुना करने की घोषणा की। बाइडेन ने कहा- यह आतंकवाद है, लेकिन दुख की बात है कि यहूदी लोगों के लिए यह कोई नई बात नहीं है। वहीं अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने बताया कि इजराइल के साथ एकजुटता दिखाने के लिए विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन आज इजराइल रवाना होंगे। वो गुरुवार को इजराइल पहुंच सकते हैं।

सीरिया से भी इजराइल पर हुए हमले

लेबनान के बाद इजराइल पर सीरिया ने भी हमला कर दिया है। इजराइली सेना ने दावा किया कि वह सीरिया की ओर से हो रही गोलीबारी और रॉकेट हमलों का जवाब तोपखाने और मोर्टार से दे रही है। सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स ने भी कहा है कि फिलिस्तीनी गुट ने सीरियाई क्षेत्र से इजराइल की तरफ रॉकेट हमले किए। दूसरी तरफ, लेबनान से भी इजराइल पर दोबारा हमला हुआ। टाइम्स ऑफ इजराइल के मुताबिक, लेबनान से 15 रॉकेट दागे गए। ये रॉकेट इजराइल के पश्चिमी शहर गलील और दक्षिणी तटीय शहर अश्कलोन में गिरे। जवाबी कार्रवाई में इजराइली सेना ने लेबनान के आतंकी संगठन हिजबुल्लाह के 3 ठिकानों पर हमला किया है। इससे पहले 8 अक्टूबर को लेबनान बॉर्डर से हिजबुल्लाह ने इजराइल पर गोलीबारी की थी और बम दागे थे।

हमास ने बनाया बंधक

इजरायली सेना के 50 से 100 लोगों को हमास ने बंधक बना रखा है। इसमें बच्चे और महिलाएं भी शामिल हैं। इन्हें हमास गाजा लेकर गया है।

मंडलायुक्त ने की भवन व सड़क निर्माण कार्यों की समीक्षा

कार्यदायी संस्थाएं समय व मानक के अनुरूप करें निर्माण कार्य - मण्डलायुक्त

त्रिगुट संवाददाता

गोण्डा। मण्डलायुक्त योगेश्वर राम मिश्र ने मण्डल की पचास लाख से अधिक लागत वाली भवन व सड़क परियोजनाओं, जल जीवन मिशन कार्यक्रम तथा मनरेगा कार्यक्रमों की समीक्षा की गयी। जिसमें उन्होंने पाया कि मण्डल में पचास लाख से अधिक लागत वाली कुल 245 भवन परियोजनाएं लक्षित है जबकि पचास लाख से अधिक लागत वाली सड़क परियोजनाओं के अन्तर्गत लक्षित 547 सड़को के सापेक्ष 201 पर कार्य पूर्ण हो चुका है तथा तीन अनारम्भ है व 343 निर्माणाधीन है। मंडलायुक्त द्वारा इन परियोजनाओं को समय से पूर्ण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए गये।

उन्होंने जल जीवन मिशन कार्यक्रम की समीक्षा में पाया कि मण्डल में कुल 3980 राजस्व ग्रामों हेतु कुल 2603 परियोजनाएं स्वीकृत है, जिसमें से 296 परियोजनाएं पूर्ण तथा 77 शिरोमणि जलाशय पूर्ण है। मण्डल में अब तक लक्षित 14 लाख 51 हजार 731 के सापेक्ष 7 लाख 24 हजार 563 हाउस कनेक्शन दिये गये है। वहीं मनरेगा के अन्तर्गत मण्डल में कुल वार्षिक अनुमोदित श्रम बजट 178.46 लाख के सापेक्ष मासान्त तक निर्धारित लक्ष्य 153.64 लाख के सापेक्ष 159.26 लाख मानव दिवस सृजित किये गये है। मण्डलायुक्त ने सभी सड़क निर्माण व भवन निर्माण तथा जल जीवन मिशन से सम्बन्धित सभी कार्यदायी विभागों को कार्य निर्धारित मानक एवं गुणवत्ता के अनुसार समय से पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिए एवं कहा कि जिन कार्यो पर धनराशि उपलब्ध नही है, उनके लिये सक्षम स्तर पर पत्र प्रेषित किया जाये।

जल जीवन मिशन के अन्तर्गत यह भी निर्देश दिये कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत दिये जा रहे हाऊस कनेक्शन में जो ग्रामीण सड़कें खोदी जा रही है, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर ठीक कराया जाय। मनरेगा में प्राप्त शिकायतों को समय से संज्ञान लेते हुये तत्काल निस्तारण कराये जाने के भी निर्देश दिये गये।

शासकीय कार्य के साथ अभियोजन के कार्यों को भी गंभीरता से लें अधिकारी -डीएम

जिलाधिकारी ने की अभियोजन कार्यों की मासिक समीक्षा

त्रिगुट संवाददाता

गोण्डा। डीएम नेहा शर्मा की अध्यक्षता में अभियोजन कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में सम्पन्न हुई। समीक्षा बैठक में डीएम ने निर्देश दिया कि गम्भीर प्राकृति के वादों में प्रभावी पैरवी कर अधिक से अधिक दोषियों को सजा दिलायी जाय। डीएम ने कहा कि अपराधी किस्म के लोगों को यह मैसेज जाये कि छोटा से छोटा अपराध करने पर भी वे सजा से बच नहीं सकते हैं। उन्हें ऐसी सजा दिलाई जाए कि वह एक नजीर बनें। डीएम ने यह भी निर्देश दिया कि न्यायालय में साक्ष्य के लिए आने वाले गवाहों से शत प्रतिशत परिक्षित कराया जाय तथा दोषमुक्त मामलों में नियमानुसार अपील की कार्यवाही भी सुनिश्चित की जाय। डीएम ने सभी अधिकारियों और शासकीय अधिकारों से कहा कि अभियोजन के कार्य को गंभीरता से लें। सभी सम्बन्धित विभाग के द्वारा अपने शासकीय कार्यों के साथ साथ अभियोजन के कार्यों में भी गंभीरता दिखायें। इस दौरान मुख्य राजस्व अधिकारी, अपर जिलाधिकारी, सिटी मजिस्ट्रेट, अपर पुलिस अधीक्षक, समस्त उप जिलाधिकारी, समस्त तहसीलदार, समस्त नायब तहसीलदार व अन्य संबंधित अधिकारीगढ़ उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (NDRF) के प्रशिक्षित बचाव कर्मियों ने स्कूल के छात्रों को दिया आपदा से निपटने का प्रशिक्षण

गोण्डा। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (11 NDRF) वाराणसी की टीम ने आज राजकीय इण्टर कॉलेज सिविल लाइन जनपद- गोंडा में स्कूल सेफ्टी कार्यक्रम किया।

11 एन0डी0आर0एफ0 वाराणसी के उप महानिरीक्षक श्री मनोज कुमार शर्मा व श्रीमती नेहा शर्मा (जिलाधिकारी गोंडा) के कुशल मार्गदर्शन में वाराणसी से आयी हुई प्रशिक्षित एनडीआरएफ की टीम द्वारा जिले भर में विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से आपदा प्रबंधन एवम जन-जागरूकता व एरिया फैमिलाइजेशन का कार्य किया जा रहा है इसी क्रम में आज एक स्कूल सुरक्षा कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम के दौरान एनडीआरएफ टीम ने कॉलेज के छात्रों को आपदा प्रबंधन तथा आपदा से बचाव के उपायों के बारे में विस्तृत जानकारी एवम प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षण के दौरान टीम ने एनडीआरएफ का परिचय और भूमिका के बारे में बताया, भूकंप से बचाव का तरीका, सर्पदंश से बचाव, बाढ़ से बचाव, आगजनी से बचाव, घायलों का प्राथमिक उपचार करना, घायल की ब्लीडिंग को रोकना, तात्कालिक स्ट्रेचर, आपातकालीन कदम और गैर आपातकालीन कदम, बिजली गरजना/बिजली चमकने के दौरान सतर्क रहने के बारे में, चोटों को एस्टेबलाइक करना एवम दामिनी ऐप और सचेत ऐप के बारे मे बखूबी डेमो देकर बताया।

इस कार्यक्रम में उपस्थित समस्त छात्रों के साथ साथ कॉलेज के अध्यापकगण भी लाभान्वित हुए। प्रधानाचार्य शैलेश कुमार पटेल ने इस प्रोग्राम को बहुत ही लाभप्रद बताया।

इस प्रोग्राम के दौरान एन0डी0आर0एफ0 टीम के टीम कमांडर निरीक्षक/सामान्य जितेन्द्र सिंह यादव व मुख्य आरक्षी/संचार जितेन्द्र के साथ चार सदस्यीय टीम मौजूद रहे।

किसान की समृद्धि से सभी का समृद्ध जुड़ी है: नेहा शर्मा

० बलरामपुर चीनी मिल्स लिमिटेड द्वारा किसान समृद्धि मेला का आयोजन

त्रिगुट संवाददाता

गोण्डा: जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने कहा कि किसान की समृद्धि की जब बात होती है तो सभी की समृद्धि उससे जुड़ी होती है। शासन के द्वारा किसानों के लिए विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। इन्हें सुदूर क्षेत्रों में बसने वाले किसानों तक पहुंचाने का काम समृद्धि मेले के माध्यम से किया जा रहा है। उन्होंने बलरामपुर फाउंडेशन और बलरामपुर चीनी मिल्स को इस पहल के लिए बधाई दी। जिलाधिकारी बुधवार को सबसे बड़ी चीनी मिल और भारत के एथेनाल सप्लाई करने वाली एक बड़ी कम्पनी बलरामपुर चीनी मिल की मनकापुर इकाई ने किसान समृद्धि मेला में बोल रहीं थी। गन्ना उत्पादक किसानों को सर्वोत्तम कृषि पद्धतियों के साथ साथ नवीनतम कृषि मशीनरी, उनके उपयोग और शासन की कल्याणकारी योजनाओं के बारे में शिक्षित करने के उद्देश्य से किया गया था।

मुख्य अतिथि जिलाधिकारी, गोण्डा श्रीमती नेहा शर्मा ने मेले का उद्घाटन किया। मुख्य अतिथि का स्वागत श्रीमती अवन्तिका सरावगी प्रमोटर एवं बिजनेस लीड बलरामपुर चीनी मिल्स लि0 और चीनी मिल के मुख्य महाप्रबन्धक श्री नीरज बंसल जी ने किया। इस मेले में महिन्द्रा एण्ड महिन्द्रा विपटेक पेरिफेरल्स प्रा0 लि0 राजकोट, धनुका एग्रीटेक लि0, ओरोगोनेक्स लाइफ साइन्स क्रिस्टल काप प्रोटेक्सन प्रा0 लि0, नैटको काप हेल्प साइन्स जैसी प्रसिद्ध कम्पनियों ने भाग लिया। लगभग 1000 किसानों की उपस्थिति में स्टॉल पर अपने उत्पाद प्रदर्शित किये। अग्रणी कृषि उपकरण निर्माता कम्पनियों के प्रशिक्षित अधिकारियों ने आधुनिक कृषि मशीनरी के उपयोग पर लाइव प्रदर्शन किया जबकि कीटनाशक की निर्माण करने वाली कम्पनियों ने फसल को बीमारी से बचाने के लिए कीटनाशकों के प्रभावी उपयोग पर प्रकाश डाला।

फीता काटने के बाद श्रीमती नेहा वर्मा ने स्टॉल्स का अवलोकन किया और उनसे जानकारी प्राप्त की। इस दौरान कृषि में नवीनतम तकनीकी का प्रयोग करने और उसका उल्लेखनीय परिणाम प्राप्त करने के लिए आधुनिक कृषि पद्धति और मशीनीकरण को अपनाने वाले किसानों को सम्मानित किया। उत्पादक समुदाय (किसान) चीनी निर्माण उद्योग मे प्रमुख हितधारक है। यह आयोजन बलरामपुर चीनी मिल्स लि0 द्वारा उत्पादक समुदाय को विकसित हो रही नई तकनीकि प्रगति के करीब लाने का प्रयास था। श्रीमती अवन्तिका सरावगी प्रमोटर एवं बिजनेस लीड बलरामपुर चीनी मिल्स लि0 ने उत्पादक समुदाय के हित के अनुरूप कम्पनी के प्रयासों पर जोर दिया और कहा कि किसानों का कल्याण हमारे संगठन के मिशन की आधारशिला है। हमारी मनकापुर इकाई में आयोजित किसान समृद्धि मेला की कल्पना गन्ने के खेतों में नवीनतम प्रगति के बारे में किसानों को जागरूक करने के प्राथमिक लक्ष्य के साथ की गयी है। इसका उद्देष्य उन लोगों को प्रोत्साहित करना था जिन किसानों ने आधुनिक पद्धति को अपनाने में सराहनीय प्रयास किये और पर्याप्त लाभ प्राप्त किये। उनकी यह सफलता की कहानी साथी किसानों के लिए प्रेरणा के रूप में कार्य करती है। हमारा उद्देष्य विशेषज्ञों के द्वारा आयोजित लाइव प्रदर्शन के माध्यम से कृषक समुदाय का मूल्यवान अर्न्तदृष्टि प्रदान करना था। प्रमुख तकनीकी साझीदारों ने जिन्होंने उत्साहपूर्वक इस कार्यक्रम में भाग लिया तथा उनके अत्याधुनिक लाभों के विषय में किसानों को बताया।

श्री नीरज बंसल मुख्य महाप्रबन्धक बलरामपुर चीनी मिल्स लि0, इकाई-मनकापुर ने कहा कि हम अपने सभी साझीदारों के बहुत आभारी है जिन्होंने किसानो (उत्पादक समुदाय) को तकनीकी प्रगति की दुनिया के साथ जोड़ने के हमारी प्रयास का समर्थन किया। हमारे मेहनती उत्पादक हमारे क्षेत्र की रीढ़ है। हमारी पहल उनमें गुणवत्ता परिवर्तन लाने के लिए समर्पित है। भारत के उज्जवल भविष्य को आकार देने के दिषा में एक महत्वपूर्ण कदम है। बलरामपुर चीनी मिल्स लि0 का मानना है कि हमारे इस तरह के पहल से न केवल उत्पादकों की उत्पादन क्षमता को बढ़ावा मिलेगा बल्कि ग्रामीण समृद्धि के चालक के रूप में बलरामपुर चीनी मिल्स लि0 का योगदान भी महत्वपूर्ण होगा।

इस अवसर पर उपजिलाधिकारी मनकापुर राजीव मोहन सक्सेना, जिला गन्ना अधिकारी सुनील कुमार सिंह, उपनिदेशक कृषि प्रेम ठाकुर, बलरामपुर चीनी मिल्स मालकिन अवांतिका, जीएम चीनी मिल्स बलरामपुर, एसएचओ मनकापुर सहित सभी संबंधित अधिकारीगण व तमाम संख्या में किसान बन्धु उपस्थित रहे।

डीएम ने जिला स्तरीय सतर्कता समिति की बैठक कर अधिकारियों को दिये आवश्यक निर्देश

निज संवाददाता

गोण्डा। जिलाधिकारी नेहा शर्मा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सतर्कता समिति की बैठक आयोजित हुई, जिसमें अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) गोण्डा, मुख्य राजस्व अधिकारी गोण्डा, अन्य जनपदीय अधिकारी उपस्थित थे। जिलाधिकारी ने अभिसूचना के आधार पर पुलिस सहयोग से मिलावट के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिये हैं। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने समस्त पुलिस कैन्टीनों, कस्तूरबा गाँधी विद्यालय, वृद्धाआश्रम, अटल आवासीय विद्यालय को ईट राइट इनीशिएटिव में शामिल कर प्रमाणित कराने का निर्देश दिये हैं।

उन्होंने कहा है कि एफ0एस0एस0एक्ट0 2006 के अन्तर्गत विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों के खाद्य लाइसेंसों / पंजीकरणों की संख्या में वृद्धि करने के उद्देश्य से मण्डी (गल्ला एवं फल) सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पी0डी0एस0), आबकारी की दुकाने एवं अन्य खाद्य व्यवसाय से जुड़े सभी लोगो को लाइसेंस बनवाने का निर्देश दिये।

बैठक में उपस्थित औषधि निरीक्षक को निर्देशित किया गया कि वे जनपद में नकली एवं मानको के विपरीत विक्रय की जा रही दवाओं के विक्रय पर रोक लगाने हेतु अभिसूचना आधारित प्रभावी प्रवर्तन कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी ने विभागीय कार्यों के सम्पादन में पूर्ण पारदर्शिता सुनिश्चित कराने हेतु सहायक आयुक्त (खाद्य)-11 को निर्देशित किया गया।

राज्य स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में राजकुमार मिश्र ने प्राप्त किया प्रथम स्थान

निज संवाददाता

गोण्डा। लखनऊ के अटल बिहारी बाजपेई साइनटिफिक कन्वेंशन सेंटर में आयोजित राज्य स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में उत्तर प्रदेश के सभी मंडलों के मंडल स्तर पर विजई बाल वैज्ञानिक एवं नवप्रवर्तकों ने प्रतिभाग किया, गोंडा जनपद के नवप्रवर्तक राज कुमार मिश्रा ने प्रथम स्थान एवं राम सजीवन ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त कर जनपद का गौरव बढ़ाया, राज कुमार मिश्रा जी को रू 10,000/, राम सजीवन जी को रू 3000/ धनराशि देकर विज्ञान एवम प्रोधौगिकी मंत्री माननीय योगेन्द्र उपाध्याय उत्तर प्रदेश शासन द्वारा सम्मानित किया गया सेंट जेवियर सीनियर सेकेंडरी स्कूल के अमृत राज सिंह, सूर्य शुक्ला एवं नारायणा पब्लिक स्कूल के सौरभ सिंह, सचिन सिंह के मॉडल की भी बहुत सराहना की गई।

अमृतराज सिंह का मॉडल हाइड्रो लिंक सिटी पर था जबकि सौरव सिंह ने सोलर ट्रेकिंग सिस्टम पर मॉडल तैयार किया था साथ ही जिला विज्ञान क्लब की समन्यवक डॉ रेखा शर्मा को सराहनीय कार्य के लिए सम्मानित किया गया। राजकुमार मिश्रा गोंडा जनपद के परसपुर ब्लाक के पसका क्षेत्र के निवासी हैं जिन्होंने कबाड़ से बुलारो गाड़ी उपलब्ध की और उस पर कम लागत में धान कूटने वाली मशीन लगा कर घर घर जाकर धान कूट कर स्वावलंबी बने वही राम सजीवन ने छुट्टा जानवरों को पकड़ने के लिए एक ऐसा यंत्र बनाया जिससे आसानी से सड़क पर घूमने वाले छुट्टा जानवरों को पकड़कर गौशाला भेजा जा सकता है।

जिला विज्ञान क्लब की इस सफलता पर जिला विज्ञान क्लब की अध्यक्ष जिलाधिकारी नेहा शर्मा, मुख्य विकास अधिकारी एम.अरुन्मोली, जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार सचिव जिला विज्ञान क्लब, प्राचार्य लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज रवींद्र कुमार पांडे, डॉ राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय शिक्षक संघ महामंत्री प्रो जीतेंद्र सिंह, शिक्षकसंघ अध्यक्ष शास्त्री डिग्री कॉलेज प्रो शैलेंद्र नाथ मिश्र, माध्यमिक शिक्षा संघ अध्यक्ष अजीत सिंह एवम शहर के अन्य गणमान्य लोगों ने नव प्रवर्तको एवम छात्रों को बधाई दी।

ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत ग्राम पंचायतों में लगेंगे सीसीटीवी

० ऑपरेशन त्रिनेत्र से मिलेगी महिलाओं व किशोरियों को सुरक्षा
० गोंडा में ऑपरेशन त्रिनेत्र लागू करने की बनी रणनीति

त्रिगुट संवाददाता

गोण्डा। जिलाधिकारी नेहा शर्मा की अध्यक्षता में आपरेशन त्रिनेत्र की बैठक कलेक्ट्रट सभागार में आयोजित की गयी। उक्त बैठक का संचालय जिला पंचायत राज अधिकारी लालजी दुबे ने किया। बैठक में आपरेशन त्रिनेत्र के अंतर्गत महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण तथा सामाजिक सुरक्षा के उद्देश्य से ग्राम पंचायतों के तिराहों, चौराहों व सार्वजनिक स्थलों पर सीसीटीवी कैमरा पब्लिक ऐड्रेस सिस्टम लगाए जाने को लेकर रणनीति बनाई गयी। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी ग्राम पंचायत में ऐसे स्थान का चयन कर लिया जाए जहां पर सीसीटीवी कैमरे व पब्लिक एड्रेस सिस्टम लगाया जाना है। कैमरे आदि उच्च गुणवत्ता के ही खरीदे जायें। उन्होंने कहा कि इस ऑपरेशन त्रिनेत्र महिलाओं और किशोरियों की सुरक्षा एवं सशक्तिकरण, मौसम पूर्वानुमान की सूचना ग्रामीण स्वच्छता के साथ-साथ अन्य कई व्यापक महत्व के लिए चलाया गया है। बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक, जिला विकास अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारी गण उपस्थित रहे।

इन स्थानों पर लगेगा सीसीटीवी कैमरा व पब्लिक एड्रेस सिस्टम

ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत जनपद की सभी ग्राम पंचायतों में प्रमुख स्थलों, सामुदायिक शौचालय, ग्राम सचिवालय, प्राथमिक व उच्च माध्यमिक विद्यालयों, प्रमुख मार्गो ग्राम पंचायत के मुख्य प्रवेश द्वार एवं निकास द्वार व मुख्य चौराहों एवं तिराहों पर सीसीटीवी कैमरा व पब्लिक एड्रेस सिस्टम को लगाया जाएगा। इस दौरान व्यक्तिगत स्थान पर सीसीटीवी कैमरा लगाए जाने पर प्रतिबंध रहेगा।

ऑपरेशन त्रिनेत्र से मिलेगी जनता को यह सहूलियतें

ऑपरेशन त्रिनेत्र से मिशन शक्ति को ग्रामीण एवं दूरदराज के क्षेत्र में लागू करने में यह एक क्रांतिकारी कदम साबित होगा। मौसम संबंधी जानकारी तथा चेतावनी को भी जन सामान्य तक पहुंचाने में सहायता मिलेगी। महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने एवं उन्हें सशक्त बनाने में इसका अहम योगदान होगा। इसके अलावा पंचायतों के संसाधन के छय को रोकने, आपात स्थिति में त्वरित सहायता प्रदान करने, उपयुक्त लाभार्थियों की पहचान करने, स्वच्छता अभियान में आने वाली विसंगतियों की पहचान करने, लोगों को जागरूक बनाने आदि में इसका काफी अहम रोल होगा।

कमेटी करेगी उच्च गुणवत्ता के कैमरे के मानक का निर्धारण

गोरखपुर मॉडल से प्रेरणा लेते हुए व उच्च गुणवत्ता के कैमरे हेतु मानकों का निर्धारण जिलाधिकारी की अध्यक्षता में समिति द्वारा किया जाएगा। समिति में मुख्य विकास अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, पुलिस अधीक्षक द्वारा नामित अपर पुलिस अधीक्षक, मुख्य वित्त एवं लेखा अधिकारी सदस्य के रूप में होंगे। आवश्यक होने पर जिलाधिकारी द्वारा अन्य सदस्यों को भी समिति में जोड़ा जा सकता है। इस अभियान में कैमरों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाएगा जिससे कि किसी परिसंपत्ति की हानि की दशा में सटीक फोटो प्राप्त हो सके एवं रात के समय में भी फुटेज कैप्चर हो सके।

समिति करेगी कैमरा लगाने के स्थल का चयन

ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत ग्राम पंचायतों में कैमरे के अधिष्ठापन हेतु स्थलों का चयन ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत अधिकारी व गणमान्य सदस्य जिसमें महिला स्वयं सहायता समूह, पंचायत सदस्य इत्यादि की समिति द्वारा किया जाएगा, जिनमें सार्वजनिक स्थलों, शासकीय कार्यालय व हाज बाजार जैसे भीड़ के स्थान शामिल हो।

संक्षिप्त समाचार

खेत में पराली जलाने पर 15 हजार पड़ेगा जुर्माना

बांदा। खेत में पराली जलती मिली तो किसान को 15 हजार रुपये तक का जुर्माना देना पड़ सकता है। सैटेलाइट से निगरानी होगी। कलक्ट्रेट सभागार में पराली फसल अवशेष प्रबंधन संबंधित कृषक जागरूकता कार्यशाला में कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को यह जानकारी दी। उप निदेशक कृषि विजय कुमार ने कहा कि पराली जलने से हानिकारक गैस जैसे कार्बनडाई आक्साइड एवं कार्बन मोनो आक्साइड निकलती है। वातावरण में इसके फैलने से स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। सांस संबंधित बीमारियां बढ़ जाती है। पराली जलाने पर सैटेलाइट से 24 घंटे निगरानी की जा रही है। दो एकड़ से कम में पराली जलाने पर 2500 व इससे अधिक में 5000 और पांच एकड़ से अधिक में 15 हजार रुपये तक के जुर्माने का नियम है। कहा कि पराली जलाने से खेत की उर्वरा शक्ति कम हो जाती है। कृषि विज्ञान केंद्र के डॉ. श्याम सिंह ने कहा कि किसान पराली को पशुशाला में बिछाने, कंपोस्ट खाद बनाने में उपयोग कर सकते हैं। जिला पंचायत राज अधिकारी अजय आनंद सरोज ने पराली को गोशाला को दे दें। इसकी आय-व्यय का खर्च ग्राम पंचायत करेगी। जिला कृषि अधिकारी डॉ. प्रमोद कुमार ने कहा कि मानव व मृदा स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए किसान पराली न जलाएं। प्रगतिशील किसान नवल किशोर सहित तमाम किसान मौजूद रहे।

धूमधाम से निकली कलश यात्रा, भारत माता के गूंजे जयकारे

बांदा। कस्बे में कई गांव से आए ग्रामीणों के साथ जन प्रतिनिधियों ने कलश यात्रा निकाली। रथ, बैलगाड़ी और घोड़े पर सवार होकर सिर पर कलश रख सांसद विधायक गांव में घूमे। भारत माता की जय के नारे लगाए गए और उत्साह के साथ यात्रा पूरी की गई। कलश यात्रा के बाद रामलीला मैदान में कार्यक्रम आयोजित हुआ। महर्षि कन्या इंटर कालेज की छात्राओं द्वारा स्वागत गीत गाया गया। सांसद आरके सिंह पटेल ने कहा कि प्रत्येक गांव से एकत्र की गई मिट्टी से लखनऊ में अमृत वाटिका बनाई जाएगी। अध्यक्षता ब्लॉक प्रमुख रमाकांत पटेल ने की। संचालन छेदी लाल पटेल ने किया। आभार बीडीओ अजय कुमार पांडेय ने किया। इस दौरान भाजपा नेता अजय सिंह पटेल, विश्वेश्वर पांडेय, बच्चा सिंह, डॉ. विवेकानंद गुप्ता, पूर्व विधायक चंद्रपाल कुशवाहा, प्रताप सिंह सचान, विजयपाल सिंह, विजय विक्रम सिंह, राम प्रकाश साहू, सुधीर कुशवाहा संतोष नंदन, राजा दीक्षित आदि मौजूद रहे।

निबंध व चित्रकला के विजेता छात्र-छात्राएं पुरस्कृत

बांदा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से सोमवार को एडीआर भवन में आयोजित कार्यक्रम में निबंध व चित्रकला प्रतियोगिता के विजेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। दो से आठ अक्तूबर तक स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया गया। प्राथमिक विद्यालयों/ उच्च माध्यमिक विद्यालयों / महाविद्यालयों में निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिताएं कराई गईं। महाविद्यालय स्तर की निबंध प्रतियोगिता में ज्योति सोनी, सिमरन देवी व संदीप व चित्रकला में सचि सिंह प्रथम, सीता सोनी द्वितीय, स्वाती यादव तृतीय रहीं। माध्यमिक व उच्च स्तर की निबंध प्रतियोगिता में खुशबू पटेल प्रथम, कुलदीप यादव द्वितीय, स्वाती तृतीय व चित्रकला में दीपक कुमार प्रथम, ऋषभ साहू द्वितीय व चांदनी तृतीय रहीं। प्राथमिक स्तर की निबंध प्रतियोगिता में सुमित मौर्या प्रथम, पुष्पित द्वितीय व शीतल तृतीय और चित्रकला प्रतियोगिता में नसरीन प्रथम, आस्था देवी द्वितीय व ज्योति तृतीय रहीं। जिला जज कमरुज्जमा खां ने सभी विजेताओं को पुरस्कृत कर सम्मानित किया। अपर जिला जज व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव अंजू कांबोज, एएसपी लक्ष्मी निवास मिश्रा, डीआईओएस विजयपाल सिंह मौजूद रहे।

इलेक्ट्रानिक की दुकान में आग से लाखों का सामान राख

बांदा। बिसंडा थाना क्षेत्र के कस्बा ओरन में बांदा रोड स्थित हीरालाल कुशवाहा की इलेक्ट्रानिक दुकान में सोमवार को सुबह पांच बजे बिजली शार्ट सर्किट से आग लग गई। दुकान में रखी बैटरियों में आग लगने के कारण आग ने देखते ही देखते विकराल रूप ले लिया। पड़ोसी दुकानदारों ने अपने-अपने घरों से सबमर्सिबल पंप व नलों से बाल्टियां भरकर आग बुझाने का प्रयास किया। एक घंटे बाद दमकल कर्मियों द्वारा आग बुझाई जा सकी। पुलिस करीब सात लाख रुपये के सामान जलने की बात कह रही है। ओरन निवासी पीड़ित दुकानदार हीरालाल कुशवाहा ने बताया कि आग से लाखों का सामान जल गया है। आग तब लगी, जब वह बंद थी। पड़ोसियों की सूचना से पता चला। पहुंचे तो लोगों की मदद से आग को बुझाने का प्रयास किया। सूचना पर दमकल वाहन पहुंच गया, लेकिन आग जब तक बुझती काफी नुकसान हो चुका था। नुकसान से बदहवास व्यापारी को सभी व्यापारियों ने मिलकर ढांढस बंधाया। व्यापार मंडल अध्यक्ष आनंद कुमार शिवहरे ने जिला प्रशासन से आर्थिक मुआवजे की मांग की है। सीओ बबेरू राकेश कुमार ने बताया कि शार्ट सर्किट से आग लगी थी। दमकल ने आग पर काबू पाया है।

निजी अल्ट्रासाउंड में सरकारी डॉक्टर के जाने की जांच करेगी टीम

बांदा। निजी अल्ट्रासाउंड सेंटर में सरकारी डॉक्टर की मौजूदगी में मौत के मामले की जांच दो सदस्यों की टीम करेगी। सेंटर में मरीज को भेजना और फिर डॉक्टर का आना समेत सभी बिंदुओं की जांच होगी। बिसंडा थाना क्षेत्र के चौसड़ गांव निवासी कल्लू (30) को लीवर में फोड़ा होने की वजह से पांच अक्तूबर को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। पिता राजकरन का आरोप है कि जिला अस्पताल के सर्जन डॉ. रामेंद्र ने कल्लू को एक निजी अल्ट्रासाउंड सेंटर में ले जाकर उसका वहां ऑपरेशन कर दिया। हालत बिगड़ने पर वहीं से रेफर करने की बात कही और एंबुलेंस में साथ भी गए, लेकिन रास्ते में उतर गए। कानपुर पहुंचे तो वहां बताया कि मरीज की बहुत पहले ही मौत हो चुकी है। हालांकि चिकित्सक ने आरोप निराधार बताए। लेकिन प्रशासन ने इसे गंभीरता से लिया और जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल ने नगर मजिस्ट्रेट राजेश कुमार व अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. अजय कुमार को शामिल करते हुए जांच कमेटी गठित कर दी। मंगलवार को यह टीम जांच करेगी, इसमें पीड़ित और डाक्टर के बयान लिए जाएंगे। रिपोर्ट बुधवार तक डीएम को सौंपी जाएगी।

शिशु मंदिर में हुआ छात्र संसद का गठन, अंशुमान बने अध्यक्ष

बस्ती। श्रीठाकुर विजय राघव सरस्वती शिशु मंदिर गायघाट में शिशु भारती का गठन किया गया। इसमें अंशुमान शुक्ल को अध्यक्ष, आयुष दुबे उपाध्यक्ष, रोशनी मंत्री, शिवांगी उपमंत्री, श्रेय को सेनापति और नैनसी को उप सेनापति चुना गया। छात्रा सरिता को वंदना प्रमुख, विकास को शारीरिक प्रमुख, मंगेशकर को घोसप्रमुख, आलोक को उद्यान प्रमुख, चांदनी को साज-सज्जा प्रमुख, प्रियांशी को अनुशासन प्रमुख, अंतिम को सांस्कृतिक प्रमुख, प्रिंस को स्वच्छता प्रमुख और अंजनी को शिक्षण प्रमुख मनोनीत किया गया। प्रबंधक अशोक कसौधन ने बताया कि छात्र संसद के गठन से बच्चों में लोकत्रंत के प्रति रुचि पैदा होती है। वह संगठन में काम करने के तौर तरीकों के बारे में अधिक जान पाते हैं। मौके पर सभासद जगदीश सोनकर, लोकेंद्र सिंह, ओम प्रकाश तिवारी, जानकी प्रसाद, राम ललित यादव, चंद्र प्रकाश तिवारी आदि मौजूद रहे।

स्कार्पियो की चपेट में आने से बाइक सवार मामा की मौत, भांजा गंभीर

बस्ती। रामजी गुप्ता (रवि) मंगलवार को किसी काम से कानपुर जाना था। उन्हें कप्तानगंज चौराहे से बस पकड़ना था। मंगलवार को तड़के वे अपने भांजे डब्लू के साथ बेलघाट बाजार से बाइक से कप्तानगंज आ रहे थे। वे कप्तानगंज चौराहे पर पहुंचे थे कि हर्रैया की तरफ से आ रही तेज रफ्तार स्कार्पियो ने बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। बस्ती जिले में कप्तानगंज चौराहे पर मंगलवार को तड़के तेज रफ्तार स्कार्पियो की चपेट में आने से बाइक सवार मामा भांजा गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों ने दोनों घायलों को इलाज के लिए सीएचसी कप्तानगंज पहुंचाया। घायलों की हालत नाजुक होने के कारण डॉक्टरों ने दोनों को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जिला अस्पताल पहुंचते ही मामा रामजी गुप्ता की मौत हो गई। रामजी की मौत की सूचना मिलते ही घर में कोहराम मच गया। घटना से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पैकोलिया थाना क्षेत्र के बेलघाट बाजार के रहने वाले रामजी गुप्ता (रवि) मंगलवार को किसी काम से कानपुर जाना था। उन्हें कप्तानगंज चौराहे से बस पकड़ना था। मंगलवार को तड़के वे अपने भांजे डब्लू के साथ बेलघाट बाजार से बाइक से कप्तानगंज आ रहे थे। गाड़ी डब्लू चला रहा था। सुबह पांच बजे जैसे ही वे कप्तानगंज चौराहे पर पहुंचे तभी हर्रैया की तरफ से आ रही तेज रफ्तार स्कार्पियो ने बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। घटना में राम जी (55) निवासी बेलघाट थाना पैकोलिया और उनका भांजा डब्लू गुप्ता (23) निवासी कप्तानगंज (बेलघाट) गंभीर रूप से घायल हो गए।

नीति आयोग का पायलट प्रोजेक्ट-11 जिलों तक होगी वृहद बनारस की सीमा, विकास के लिए बनेगी योजना

बलिया। नीति आयोग के पायलट प्रोजेक्ट में शामिल वृहद बनारस की परिकल्पना को साकार करने के लिए रविवार को आयोग के सीईओ बीवीआर सुब्रमण्यम ने वाराणसी में तैयारियों की समीक्षा की। महानगर का स्वरूप ले रहे बनारस में रोजगार की संभावनाओं और आबादी के दबाव कम करने के लिए 11 जिलों को समाहित करते हुए विस्तृत योजना तैयार करने का काम शुरू हो गया है। आयोग के पायलट प्रोजेक्ट में शामिल वृहद बनारस की परिकल्पना को साकार करने के लिए रविवार को आयोग के सीईओ बीवीआर सुब्रमण्यम ने वाराणसी में तैयारियों की समीक्षा की। इसमें वाराणसी सहित आजमगढ़, मिर्जापुर और प्रयागराज मंडल के जिलों की आवश्यकताओं के मुताबिक योजना तैयार करने की सलाह दी।

नीति आयोग के सीईओ बीवीआर सुब्रमण्यम ने कहा कि अलग-अलग स्टेक होल्डर्स से सुझाव लिए जाएं और हर क्षेत्र के विस्तार पर व्यापक योजना बनाएं। उन्होंने सलाह दी कि एयरपोर्ट के विस्तारीकरण के साथ ही उस क्षेत्र में आवासीय और औद्योगिक विकास की संभावनाओं पर सर्वे की आवश्यकता है। इसके अलावा जलमार्ग प्राधिकरण को भी उपयोगी बनाने के लिए पूर्वांचल के उद्योगों से इससे जोड़ा जाए।

ये हैं वो 11 जिले

इसके अलावा चारों मंडल के 11 जिलों में आवासीय, औद्योगिक, व्यावसायिक विकास सहित अन्य पहलुओं पर संभावनाएं तलाशने के लिए सभी विभागों के साझा प्रयास का सुझाव भी दिया। वृहद बनारस में वाराणसी मंडल के वाराणसी, चंदौली, जौनपुर, गाजीपुर, आजमगढ़ मंडल के आजमगढ़, मऊ, बलिया, मिर्जापुर मंडल के मिर्जापुर, सोनभद्र व भदोही और प्रयागराज मंडल के प्रयागराज को शामिल किया गया है। न जिलों के बीच मजबूत कनेक्टविटी के लिए मेट्रो सेवा सहित यातायात के सभी संसाधनों को मजबूत करने की योजना बनाई जा रही है। यहां बता दें कि नीति आयोग ने वाराणसी सहित देश के कुछ शहरों के रीजनल प्लान को पायलट प्रोजेक्ट में शामिल किया है।

कल वाराणसी में होगी बड़ी बैठक

वृहद बनारस को धरातल पर उतारने के लिए नीति आयोग की एक टीम मंगलवार को वाराणसी पहुंचेगी। 11 जिलों के समग्र विकास और काशी को इसका केंद्र बनाने के प्रयास की पहली बैठक होगी। इसमें चारों मंडल के आयुक्त शामिल होंगे और इसके बाद जिलों की योजना के मुताबिक काम शुरू किया जाएगा।

सलाहकार की मदद से तैयार होंगी परियोजनाएं

विकास प्राधिकरण की अवस्थापना निधि से आवंटित किए गए 75 लाख रुपये का बजट वृहद बनारस परियोजना में खर्च किए जाएंगे। इसमें नीति आयोग की सलाह पर नई टाउनशिप और सिटी डेवलपमेंट प्लान को तैयार करने के लिए सलाहकार की नियुक्ति की जाएगी। इन परियोजनाओं की योजनाबद्ध करने में इसी बजट का इस्तेमाल किया जाएगा।

नीति आयोग के सीईओ ने योजना विभाग और जिलों के डाटा की समीक्षा की है और कई सलाह भी दिए हैं। मंगलवार को चारों मंडल के आयुक्त के साथ ही नीति आयोग की टीम बैठक कर वृहद बनारस को धरातल पर उतारने की शुरुआत करेगी।-कौशल राज शर्मा, मंडलायुक्त

निजी अस्पताल में प्रसव के बाद दो महिलाओं की मौत, मृत पैदा हुए थे दोनों के बच्चे

बरेली। बरेली के एक निजी अस्पताल में दो गर्भवती महिलाओं को भर्ती कराया गया था। प्रसव के बाद दोनों ने मृत बच्चों को जन्म दिया। बाद में दोनों महिला की भी मौत हो गई। बरेली के सुभाष नगर क्षेत्र के नेकपुर स्थित निजी अस्पताल में प्रसव के बाद दो महिलाओं की मौत हो गई। उनके परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए काफी देर हंगामा किया। सूचना पर थाना सुभाष नगर पुलिस मौके पर पहुंच गई। अस्पताल प्रशासन का कहना है दोनों महिलाओं का ऑपरेशन से प्रसव होना था, उनके पेट में ही बच्चे की मौत हो गई तो महिलाओं के शरीर में सेप्टिक फैल गया और उनकी जान चली गई। थाना कैंट के चनहेटी निवासी निवासी महिला के पति अंकुर ने बताया कि उन्होंने पत्नी को तीन दिन पहले अस्पताल में भर्ती कराया था। सोमवार को प्रसव के दौरान बच्चे की मौत और मंगलवार सुबह उनकी पत्नी की मौत हो गई। उन्होंने आरोप लगाया कि अस्पताल की लापरवाही से उनकी पत्नी की मौत हो गई।

शिवपुरी निवासी महिला की भी मौत

इसी अस्पताल में भर्ती दूसरी महिला मिथलेश की भी मौत हो गई। अस्पताल में मौजूद सिरौली के शिवपुरी निवासी महिला के पति महेश ने बताया कि उनकी पत्नी को भी मरा हुआ बच्चा पैदा हुआ था।, बाद में मिथलेश की मौत हो गई। उसके बाद परिजनों ने हंगामा कर दिया। घटना की सूचना पर सुभाष नगर पुलिस मौके पर गई। लोगों को शांत कराया गया। एक महिला के परिजन शव लेकर चले गए।

लोडर की टक्कर से किसान की मौत

बांदा। खेत से पानी लगाकर लौट रहे किसान को तेज रफ्तार लोडर ने सामने से टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। बिसंडा थाना क्षेत्र के मरौली गांव निवासी भूरा यादव (65) सोमवार को सुबह साढ़े सात बजे खेत में धान के लिए पानी लगाकर लौट रहे थे। तभी ओरन-बबेरू मार्ग पर सामने से आए लोडर ने उन्हें टक्कर मार दी। जिससे भूरा की मौके पर ही मौत हो गई। ग्रामीणों ने लोडर चालक निलाथू निवासी रिंकू को पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया है। पुत्र रामकिशोर यादव ने बताया कि पिता खेती-किसानी करते थे। 35 बीघा जमीन है। पांच पुत्र व एक पुत्री है। पुत्र की तहरीर पर लोडर चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

बीम का पांच स्थानों से काटकर गायब करने की हुई कोशिश

बलिया। ब्लॉक सोहांव के कथरियां फिरोजपुर के बीच में बहने वाली मगई नदी पर 8.15 करोड़ की लागत से निर्माणाधीन पुल का बीम गिरने के मामले में सेतु निगम के अधिकारियों ने रात भर अपनी गर्दन बचाने की कोशिश की। रात में कई ट्रैक्टरों से मजदूर लाकर बीम को काटकर ले जाने का प्रयास किया, लेकिन ग्रामीणों ने ऐसा करने से रोक दिया। वहीं, सोमवार को ब्रिज कारपोरेशन के एमडी राकेश सिंह मौके पर पहुंचे। बीम गिरने को तकनीकी गड़बड़ी बताया और इसमें स्थानीय अधिकारियों की लापरवाही भी मानी। कहा कि पुल दिसंबर में तैयार होना था लेकिन अब मार्च तक बन कर तैयार हो पाएगा। बीम गिरने से हुए नुकसान की रिकवरी दोषी अधिकारियों से की जाएगी। नरही में मगई नदी पर 10.46 करोड़ और कथरियां-फिरोजपुर के बीच मगई नदी पर 8.15 करोड़ से पुल का शिलान्यास चार जनवरी 2022 में किया गया था। दोनों पुल टेंडर पहले प्रकाश कंस्ट्रक्शन को दिया गया। समय से काम शुरू नहीं होने के कारण सेतु निगम ने पुल का निर्माण कार्य स्वयं शुरू कर दिया। कथरियां-फिरोजपुर पुल का निर्माण कार्य फिरोजपुर की तरफ से शुरू कर दिया गया। अब तक 8.15 करोड़ की परियोजना के लिए लगभग छह करोड़ मिल भी चुके हैं। 17 सितंबर को पुल के पहले बीम की ढलाई की गई थी। इसकी शटरिंग रविवार को खोला गया। शटरिंग हटाने के दो घंटे बाद 83 फुट लंबा बीम (62 टन) दोनों पायों से खिसक कर जमीन पर गिर गया। गनीमत थी कि उस समय कोई मजदूर वहां नहीं था। अन्यथा बड़ा हादसा हो गया होता। घटना के बाद विभागीय अधिकारी मौके पर पहुंच गए।

विवाहिता की हालत बिगड़ी, मौत

बांदा। ससुराल में विवाहिता की हालत बिगड़ गई। ससुरालीजन उसे अस्पताल ले गए, वहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पिता ने बेटी की हत्या किए जाने का आरोप लगाया है। जसपुरा थाना क्षेत्र के गड़रिया गांव के मजरा छोरहन डेरा निवासी संगीता (26) की रविवार की देर शाम अचानक हालत बिगड़ गई। ससुराली उसे सीएचसी जसपुरा लेकर पहुंचे। वहां कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई। परिजन शव लेकर घर आ गए। यहां संगीता के पति बबलू ने उसके पिता और अन्य परिजनों को जानकारी दी। सूचना पाकर खैर डेरा निवासी पिता प्रताप निषाद वहां पहुंचे। उन्होंने ससुरालियों पर आरोप लगाया कि उसकी बेटी की मारपीट कर हत्या की गई है। बेटी के शरीर में चोट के निशान हैं। जसपुरा थाना प्रभारी वीरेंद्र त्रिपाठी ने बताया कि प्रथम दृष्टया संदिग्ध हालात में मौत हुई है। शव डॉक्टरों के पैनल से पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर कार्रवाई की जाएगी। मृतका की शादी वर्ष 2017 में हुई थी। पति बबलू ट्रक चालक है।

कानून का करें सम्मान, बिना हेलमेट न चलाएं बाइक

बाराबंकी। पहले कहावत थी कि खेलोगे, कूदोगे होगे खराब..., मगर इस दौर में पढ़ने व लिखने के साथ शरीर के लिए खेल और व्यायाम उतना ही जरूरी हो गया है। खेल अब कॅरियर का हिस्सा भी बन रहा है। सोमवार को अमर उजाला की ओर से असंद्रा इलाके के नसीपुर मंसारा गांव स्थित डॉ. अवधेश प्रकाश शर्मा स्मारक महाविद्यालय व कॉलेज ऑफ नर्सिंग में आयोजित पुलिस की पाठशाला में ये बातें अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी और सीओ रामसनेहीघाट जटाशंकर मिश्र ने विद्यार्थियों से कहीं। उन्होंने विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा से जुड़ी जानकारी के साथ ही यह भी बताया कि कैसे लोगों की मदद कर सकते हैं। शिक्षक की भूमिका में बोलते हुए सीओ जटाशंकर ने पूछा कि कितने छात्र-छात्राएं बाइक और स्कूटी चला लेते हैं। भारी संख्या में हाथ ऊपर उठे तो सीओ ने अगला सवाल किया कि कितनों के पास ड्राइविंग लाइसेंस है। इस पर केवल दो-तीन छात्रों ने हाथ उठाए तो सीओ ने कहा कि कानून का सम्मान हमारा कर्तव्य है। बिना हेलमेट के बाइक और ड्राइविंग लाइसेंस के वाहन न चलाएं। कुछ छात्राओं ने पुलिस की कार्यशैली के बारे में पूछा तो उन्हें बताया गया कि रिश्वत देना और लेना दोनों अपराध है, इसका विरोध करें। इस मौके पर डॉ. अवधेश प्रकाश शर्मा स्मारक महाविद्यालय व कॉलेज ऑफ नर्सिंग के प्रबंधक व समाजसेवी राजकुमार शर्मा ने अमर उजाला को ऐसे आयोजन के लिए बधाई दी। कॉलेज के प्रशासक विवेक प्रताप सिंह ने विद्यार्थियों को अमर उजाला अखबार के बारे में बताया। इस मौके पर प्राचार्य डॉ. सतीश यादव, रजनीश शर्मा, सत्यप्रकाश शर्मा, सुखराम, ब्रजेश राजपूत इंद्र बहादुर, सरिता राव, सलोनी मिश्र आदि मौजूद रहे। धावक के रूप में 400 से अधिक पदक जीतकर देश व दुनिया में नाम रोशन करने वाले जटाशंकर मिश्र पुलिस की पाठशाला में विद्यार्थियों के प्रेरणास्त्रोत रहे। हाल ही में कनाडा से पदक जीत कर लौटे जटाशंकर मिश्र ने विद्यार्थियों से कहा कि दो प्रतिशत नौकरियां खेल कोटे से होती हैं।

354 गांवों में 15 नवंबर तक दूर होगी पेयजल किल्लत

बांदा। पंप चलाकर चार विकास खंडों के कमासिन, बिसण्डा, महुआ व नरैनी के 354 गांवों में पाइप लाइन व टैप कनेक्शन के माध्यम से 15 नवंबर तक पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित कराने के निर्देश मंडलायुक्त ने दिए हैं। आयुक्त चित्रकूटधाम मंडल बालकृष्ण त्रिपाठी ने सोमवार को जल जीवन मिशन के अंतर्गत खटान ग्राम समूह पाइप पेयजल परियोजना का स्थलीय निरीक्षण किया। इंटकबेल (160एमएलडी) एवं वाटर ट्रीटमेंट प्लांट, इलेक्ट्रिकल रूम, पेयजल टेस्टिंग लैब आदि देखा। कहा कि निर्माणाधीन पाइप पेयजल योजना की कार्यदायी संस्था के प्रोजेक्ट हेड विनय वालियान एवं नोडल अधिकारी अभियंता जल निगम ग्रामीण महेंद्रराम को निर्देश दिए कि अगले माह तक सभी अधूरे काम पूरे कर पानी की आपूर्ति शुरू कर दी जाए। निर्माण कार्य में तेजी लाई जाए। आयुक्त ने वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के द्वारा जलशोधन के कार्य का निरीक्षण करते हुए पानी के स्लज को हटाने व पानी शुद्ध किये जाने के संबंध में जानकारी प्राप्त की।

बैंकों को चूना लगा रहा बड़ा गिरोह, कई खुलासे बाकी

बाराबंकी। जैदपुर थाना क्षेत्र के बरौली मलिक गांव स्थित बैंक ऑफ इंडिया में करीब 60 लोगों के नाम से करोड़ों का ऋण निकालकर हजम करने वाले बैंक मैनेजर और उसके साथियों की गिरफ्तारी तो इस पूरे खेल का ट्रेलर मात्र है। जांच में पता चला है कि इस खेल में कम से कम 10 लोग शामिल हैं। इसी गिरोह ने लखनऊ की खुर्रमनगर स्थित बैंक ऑफ इंडिया में भी बैंक मैनेजर से मिलकर बड़ा गबन किया है। अभी तो कई मुकदमे दर्ज होंगे। जैदपुर थाना क्षेत्र के बरौली मलिक स्थित बैंक ऑफ इंडिया में करीब 60 लोगों के नाम से करोड़ों का ऋण निकालने के मामले में जैदपुर थाने में बैंक मैनेजर समेत कई पर चार मुकदमे दर्ज हैं। रविवार को पुलिस ने कंचनपुर मटियारी लखनऊ निवासी बैंक मैनेजर अमन वर्मा, तेलीबाग निवासी बैंककर्मी शैलेंद्र प्रताप पंकज व मास्टर माइंड सुरेश मधु रावत को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। जांच में सामने आया है कि इस गिरोह में बैंककर्मी समेत कम से कम 10 लोग शामिल हैं। यह लोग गांव-गांव जाकर भोले-भाले ग्रामीणों को मुद्रा ऋण, केसीसी आदि के नाम पर बैंक लाकर हस्ताक्षर करवाते थे। लखनऊ के खुर्रमनगर स्थित बैंक ऑफ इंडिया की शाखा में भी इसी गिरोह ने बड़े पैमाने पर लोगों के नाम से करोड़ों का ऋण निकाला हैं। खुर्रमनगर ब्रांच के एक मैनेजर की मिलीभगत पाई जा रही है। जल्द ही उसकी भी गिरफ्तारी होगी। दोनों जिलों की बैंकों में मास्टरमाइंड के रूप में सुरेश मधु रावत ही सामने आ रहा है। सीओ सदर सुमित त्रिपाठी बताते हैं कि पुलिस हर एक बिंदु पर जांच कर रही है। कई पीड़ित और सामने आए हैं। उन्होंने स्वीकार किया कि इसी गिरोह ने खुर्रमनगर में भी गबन किया। बैंक को चपत लगाने वाले बैंक मैनेजर और उसके साथियों पर गैंगस्टर लगाया जाएगा। वहीं, सूत्रों के मुताबिक बैंक इनको बर्खास्त करने की तैयारी कर रही है। गैंगस्टर की कार्रवाई के बाद इनकी संपत्ति की कुर्की भी होगी।

तपा रहा बुखार, घंटों करना पड़ता इंतजार

बाराबंकी। जिला अस्पताल आने वाले मरीजों को दर्द लगातार बढ़ता जा रहा है। यहां आने वाले मरीजों का पूरा दिन पर्चा बनवाने से लेकर दिखाने और जांच कराने में ही गुजर जाता है। दो-तीन घंटे का इंतजार करने के बाद ही मरीजों का नंबर आता है। पर्चा बनवाने के लिए सोमवार को जिला अस्पताल में मरीजों और तीमारदारों की लंबी लाइन नजर आई। डीएम के आदेश के बाद जांच का समय बढ़ा तो भी यहां पर जांच कराने वालों की खासी भीड़ लगी थी। वहीं औषधि वितरण कक्ष पर भी लंबी लाइन थी और घंटों इंतजार के बाद जाकर दवाएं मिल रही थीं। ऐसे में इलाज के लिए अस्पताल आने वाले मरीज परेशान होकर यहां से लौट रहे हैं। जिला अस्पताल की ओपीडी में सोमवार को पैर रखने तक की जगह नहीं थी। पर्चा काउंटर से लेकर डॉक्टरों के कक्ष, फार्मेसी और पैथोलॉजी तक मरीजों की लंबी लाइन लगी रही। ऐसे में कई मरीज परेशान होकर घर भी लौट गए। ओपीडी में नए-पुराने मिलाकर करीब 2000 मरीज देखे गए। इनमें से करीब 500 मरीज तो केवल बुखार के ही रहे, जिनकी सीबीसी जांच भी पैथोलॉजी में कराई गई।

बीते शुक्रवार को डीएम ने निरीक्षण के दौरान पैथोलॉजी में जांच का समय बढ़ाने के निर्देश दिए थे। इसके बाद से अब दो बजे तक जांच की जा रही है। लेकिन मरीजों की भीड़ को देखते हुए इतना समय भी कम ही पड़ रहा है। जांच कराने आए देवा के खेवली निवासी सुशील ने बताया कि वह बुखार से पीड़ित हैं। सुबह अस्पताल आ गए थे। करीब एक घंटे से ज्यादा पर्चा बनवाने में चला गया। इसके बाद इतना ही समय डॉक्टर को दिखाने में लग गया। इसके अलावा जांच के लिए पिछले एक घंटे से लाइन में लगे हैं। अभी तक नंबर नहीं आया है।

रामकुमार ने बताया कि वह सुबह नौ बजे से लाइन में लगे थे और 11 बजे उनका पर्चा बन सका। कौशल ने बताया कि 10 बजे पर्चा बन गया था, 12 बजे डॉक्टर ने देखा और करीब दो घंटे से दवाई के लिए लाइन में लगा हूं। अस्पताल में मरीजों की भीड़ इतनी ज्यादा होती जा रही है कि लोगों को इलाज कराना मुश्किल होता जा रहा है। ओपीडी में आने वाले सभी मरीजों को डॉक्टर देख रहे हैं। जांच का समय बढ़ा दिया गया है। साथ ही दवाएं भी सभी को मिल रही हैं। किसी मरीजों को कोई असुविधा न हो, इसका पूरा प्रयास किया जाता है।

- डॉ. ब्रजेश कुमार, सीएमएस जिला अस्पताल

जानलेवा हमला करने वाले को नौ साल की सजा

बाराबंकी। अपर सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक कोर्ट राकेश ने जानलेवा हमला कर लूट का प्रयास करने वाले अभियुक्त को नौ साल की कैद व 10000 रुपये का जुर्माना भुगतने की सजा सुनाई है। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता शैलेंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि 30 जुलाई की रात जनपद सीतापुर के थाना तंबौर ग्राम रतनगंज निवासी जगमोहन, अवध राम, रामपती समेत छह साथियों के साथ किछौछा शरीफ के दर्शन के बाद बस स्टेशन पहुंचे थे। कोई बस न होने पर वह मैजिक पर बैठ गए। इसरौली पहुंचने पर चालक ने पुल टूटा बताते हुए गाड़ी दूसरे रास्ते पर मोड़ दी। शक होने पर जगमोहन ने विरोध किया तो चालक ने जानलेवा हमला कर दिया। इसके बाद गाड़ी लेकर वह भागने लगा। दोनों को थाने लाकर जगमोहन ने रिपोर्ट दर्ज कराई। इस मामले में पुलिस ने सूत मिल कॉलोनी निवासी निर्भय उर्फ पिंटू सिंह तथा ग्राम बधौली थाना जहांगीराबाद के फूलचंद तथा नीरज के विरुद्ध न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। गवाहों के बयान व दोनों पक्षों की बहस सुनने के पश्चात न्यायाधीश ने अभियुक्त निर्भय उर्फ पिंटू सिंह को दोषी पाते हुए सजा सुनाई। अभियुक्त फूलचंद को शनिवार को ही सजा सुनाई जा चुकी है।

28 अक्तूबर तक रूट बदल कर चलाई जाएंगी 12 ट्रेनें, तीन का समय बदला

बरेली। उत्तर रेलवे मुरादाबाद मंडल ने 17 से 28 अक्तूबर तक मेगा ब्लॉक के दौरान प्रभावित होने वाली ट्रेनों की सूची सोमवार को जारी कर दी है। मेगा ब्लॉक का असर बरेली से होकर गुजरने वाली 15 ट्रेनों पर पड़ेगा। लखनऊ रेल मंडल के जौनपुर-जाफराबाद रेल खंड में नॉन इंटरलॉकिंग कार्यों के चलते 17 से 28 अक्तूबर तक मेगा ब्लॉक का असर बरेली से होकर गुजरने वाली 15 ट्रेनों पर पड़ेगा। इनमें 12 ट्रेनों को रूट बदल कर चलाया जाएगा।

तीन ट्रेनों का इस दौरान समय परिवर्तित किया गया है। 28 अक्तूबर के बाद इन ट्रेनों का संचालन सामान्य होगा। उत्तर रेलवे मुरादाबाद मंडल ने 17 से 28 अक्तूबर तक मेगा ब्लॉक के दौरान प्रभावित होने वाली ट्रेनों की सूची सोमवार को जारी कर दी है। रूट बदलने संबंधी सूचना सभी स्टेशनों को भेजने के साथ स्टेशनों पर ट्रेन के आने से पहले एनाउंसमेंट करने के आदेश भी दिए गए हैं।

इन ट्रेनों का रूट बदला

18104/18103 जलियांवालाबाग एक्सप्रेस को 16 से 27 अक्तूबर तक लखनऊ-अयोध्या-जाफराबाद-वाराणसी के स्थान पर लखनऊ-प्रतापगढ़-वाराणसी के रास्ते चलाया जाएगा।

14018/14017 सदभावना एक्सप्रेस को 18, 25 और 19, 26 अक्तूबर को, 14007 रक्सौल-आनंद विहार एक्सप्रेस को 18 और 20 अक्तूबर को, 14015 आनंद विहार-रक्सौल एक्सप्रेस को 17 अक्तूबर को लखनऊ-अयोध्या-जाफराबाद-वाराणसी के स्थान पर लखनऊ-प्रतापगढ़-वाराणसी के रास्ते चलाया जाएगा। 13009 दून एक्सप्रेस को 16 से 27 अक्तूबर तक वाराणसी-जाफराबाद-अयोध्या-लखनऊ के स्थान पर वाराणसी-संघई-फाफामऊ-ऊंचाहार-रायबरेली-लखनऊ के रास्ते चलाया जाएगा।

12238 जम्मूतवी और 12370 कुंभ एक्सप्रेस को 16 से 27 अक्तूबर तक, 12328 दून-हावड़ा एक्सप्रेस को 18, 21, 25 अक्तूबर, 22356 पाटलिपुत्र एक्सप्रेस को 16 से 26 अक्तूबर तक लखनऊ-सुल्तानपुर-जाफराबाद-वाराणसी के स्थान पर लखनऊ-सुल्तानपुर-

संक्षिप्त समाचार

डीएम ने निर्माणाधीन तहसील भवन मिहींपुरवा का किया निरीक्षण

बहराइच। तहसील मिहींपुरवा (मोतीपुर) के निर्माणाधीन तहसील भवन का जिलाधिकारी मोनिका रानी ने औचक निरीक्षण किया। निर्माणाधीन तहसील भवन पहुंचकर डीएम ने भूतल व प्रथम तल पर बने कक्ष-कक्षों व गैलरी इत्यादि का निरीक्षण कर निर्माण कार्य की गुणवत्ता का जायज़ा लेते हुए निरीक्षण के दौरान परिलक्षित होने वाली छोटी मोटी कमियों को देर कराने के निर्देश दिये। तहसील भवन के निरीक्षण के दौरान डीएम ने तहसील भवन में जलापूर्ति व विद्युत आपूर्ति हेतु किये जा रहे कार्यों का भी पूरी सूक्ष्मता के साथ निरीक्षण कर मौके पर मौजूद कार्यदायी संस्था लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से जानकारी प्राप्त करते हुए उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश दिये। डीएम ने कार्यदायी संस्था के अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया कि अवशेष कार्यों का भी निर्धारित मानक व गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिये। निरीक्षण के समय मौके पर मौजूद उप जिलाधिकारी संजय कुमार को डीएम ने निर्देश दिया कि प्रतिदिन कार्यस्थल का निरीक्षण कर बचे हुए कार्यों का शीघ्र पूर्ण कराना सुनिश्चित करें ताकि जनसुविधा के मद्देनज़र शीघ्र ही भवन में तहसील का संचालन प्रारम्भ कर लोगों को बेहतर सुविधाएं प्रदान की जा सकें।

सीडीओ ने ग्राम पंचायत मुसल्लमपुर व पचेदवरी का किया भ्रमण

बहराइच। मुख्य विकास अधिकारी राम्या आर. ने उप निदेशक कृषि टी.पी. शाही के साथ विकास खण्ड शिवपुर अन्तर्गत ग्राम पंचायत मुसल्लमपुर व विकास खण्ड महसी की ग्राम पंचायत पंचदेवरी का निरीक्षण कर कृषि विभाग के क्षेत्रीय कर्मचारियों द्वारा संचालित गतिविधियों का जायज़ा लेते हुए निर्देश दिया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि अन्तर्गत अवशेष ई-केवाईसी कार्य को 02 दिवस में शत-प्रतिशत पूरा करना सुनिश्चित करें। सीडीओ ने सभी सम्बन्धित को सचेत किया कि निर्धारित अवधि 02 दिवस में शत-प्रतिशत कार्य पूर्ण न होने पर डीडी ऐग्री को सम्बन्धित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही करने के निर्देश दिये।

551 दिन की पैदल यात्रा पर निकले राहुल का स्वागत

बदायूं। जनकल्याण तथा भारतीय सेनाओं की सलामती की भावना को लेकर बारह ज्योतिर्लिंग सहित विभिन्न तीर्थस्थलों के दर्शनों को 551 दिन की पैदल यात्रा पर निकले पुजारी राहुल शर्मा के रविवार की रात नगर पहुंचने पर लोगों ने उनका जोरदार स्वागत किया। काली मंदिर पर रात्रि विश्राम के दौरान उन्होंने अपनी यात्रा के उद्देश्य तथा अब तक 132 दिनों की यात्रा के संस्मरण भी साझा किए। इस्लामनगर के ग्राम पिवारी स्थित नाग देवता मंदिर के पुजारी राहुल शर्मा ने 30 मई को अपनी पदयात्रा का नाग देवता मंदिर से शुभारंभ किया था। इस यात्रा में वह 12 ज्योतिर्लिंग के अलावा विभिन्न तीर्थस्थलों के साथ नेपाल स्थित भगवान पशुपतिनाथ के दर्शन भी करेंगे। तिरंगा हाथ में लेकर कुल 551 दिन की पैदल यात्रा का लक्ष्य लेकर निकले राहुल ने बताया कि अब तक वह 132 दिनों की यात्रा कर चुके हैं, जिसमें माता वैष्णो देवी, बाबा अमरनाथ, केदारनाथ तथा खाटूश्याम के दर्शन कर 4000 किमी की यात्रा पूरी हो चुकी है। यहां से वह सीधे नेपाल जाकर पशुपति नाथ के दर्शन करेंगे, उसके बाद सभी ज्योतिर्लिंगों के दर्शन करेंगे। बताया कि इस यात्रा में 12551 किमी की दूरी पैदल तय करेंगे।

मोबाइल फोन पर बात करने से रोका तो विवाहिता ने पति और ससुरालियों को पिटवाया

बदायूं। विवाहिता फोन पर बिजी रहती थी। पति ने उसे टोक दिया। इससे गुस्साई विवाहिता ने अपने मायके से लोगों को बुला लिया और पति, सास और ननद की पिटाई करा दी। बदायूं के उझानी क्षेत्र में विवाहिता को मोबाइल पर ज्यादा बात करने के लिए टोकना पति और उसके परिजनों को भारी पड़ गया। उसने रिश्तेदारों को बुलाकर पति, सास, ससुर और ननद को घर में ही पिटवाया। पुलिस ने इस मामले में पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। मामला कोतवाली क्षेत्र के गांव सांवती नगला का है। गांव की विमला देवी ने बताया कि उसके बेटे सुनील की पत्नी साधना ननद के बेटे मनीष से फोन पर बात कर रही थी। वह अक्सर फोन पर देर तक बात करती रहती है। मौसेरी बहन के प्यार में मारा गया अलीगढ़ का टिंकू, मौसा-मौसी ने रची थी साजिश, घर बुलाकर ली जान सुनील ने इसका विरोध किया तो साधना ने सुनील के तहेरे भाइयों को बुला लिया। उन्होंने घर में आने के बाद सुनील को मारना पीटना शुरू कर दिया। जब वह लोग बचाने के लिए गए तो उन लोगों साथ भी मारपीट की गई। मारपीट में सुनील, विमला और उसकी बेटी के चोटें आई हैं। घायल विमला ने रविवार शाम कोतवाली आकर पुलिस को पूरे घटनाक्रम से अवगत कराया। पुलिस ने विमला की तहरीर पर साधना, सुभाष, पिंटू, रिंकू और अभिषेक के खिलाफ घर में घुसकर मारपीट करने की नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने घायलों का मेडिकल कराया है।

चार पशु तस्करों को नहीं ढूंढ पाई दो थानों की पुलिस

बदायूं। बिनावर और मूसाझाग थाना क्षेत्र में चोरी करके छह बैलों की हत्या करने वाले चार तस्कर अभी तक नहीं पकड़े गए हैं। यह तस्कर पुलिस के लिए चुनौती बने हुए हैं। उन्होंने पहले बिनावर और दो बाद में मूसाझाग थाना क्षेत्र में बैलों की हत्या कर दी। बावजूद न तो बिनावर पुलिस उनका सुराग लगा पाई और न ही मूसाझाग पुलिस को उनका पता चला। बिनावर थाना क्षेत्र के गांव नौसाना में चार अक्तूबर की रात दो बैलों की चोरी करके हत्या कर दी गई थी। दूसरे दिन खेतों में उनके अवशेष पड़े मिले थे। थाना पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी थी। बाद में खोजबीन के दौरान सिकरोड़ी निवासी मोनिस और उसका भाई शानू पकड़ा गया लेकिन सिकरोड़ी निवासी आसिफ पुत्र पप्पू कुरैशी, शानू पुत्र हनीफ कुरैशी, कासिम पुत्र कल्लू और थाना क्षेत्र के ही गांव अहिरवारा निवासी जावेद पुत्र शराफत नहीं पकड़े गए। थाना पुलिस दो तस्करों को गिरफ्तार करके शांत बैठ गई। तीसरे दिन छह अक्तूबर की रात उन्होंने मूसाझाग थाना क्षेत्र के गांव हथिनीभूड़ और भैंरो नगला में चार बैलों की हत्या कर दी। इस घटना को अंजाम देने में भी आसिफ, शानू, कासिम और जावेद थे। थाना पुलिस इन्हें तो नहीं पकड़पाई लेकिन पुलिस ने हसनपुर के रज्जाक और मौसमपुर के निसार अहमद को गिरफ्तार करके इसका खुलासा कर दिया।

नगर विकास मंत्री ने कांशीराम आवासीय कालोनी तथा मलिन बस्ती का किया भ्रमण

त्रिगुट संवाददाता

बहराइच। मा. राज्य मंत्री नगर विकास, शहरी समग्र विकास, नगरीय रोज़गार एवं गरीबी उन्मूलन विभाग, उत्तर प्रदेश श्री राकेश राठौर ''गुरू'' जी ने एक दिवसीय जनपद भ्रमण कार्यक्रम के दौरान गुल्लाबीर स्थित कांशीराम आवासीय कालोनी तथा मलिन बस्ती शिवनगर दसईपुरवा का निरीक्षण कर साफ-सफाई का जायज़ा लिया तथा सरकार द्वारा संचालित नगरीय रोज़गार एवं गरीबी उन्मूलन कार्यक्रमों के सम्बन्ध जनसंवाद कर योजनाओं के बारे में फीड बैक प्राप्त किया। श्री राठौर ने बताया कि मा. प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी व प्रदेश के मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के कुशल नेतृत्व में मार्गदर्शन में संचालित विकास योजनाओं एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से समाज के अन्तिम पायदान पर खड़े ज़रूरतमन्त व्यक्ति के चेहरे पर मुस्कान लाने का सफल प्रयास किया जा रहा है। जनसंवाद के दौरान श्री राठौर ने लोगों से खाद्य सुरक्षा मिशन अन्तर्गत खाद्यान्न वितरण के बारे में भी जानकारी प्राप्त की।कांशीराम आवासीय कालोनी तथा मलिन बस्ती के निरीक्षण के दौरान मा. राज्यमंत्री ने नगर पालिका परिषद बहराइच के अधिकारियों को निर्देश दिया कि नगरीय क्षेत्र में साफ-सफाई के माकूल बन्दोबस्त के साथ-साथ समय से कूड़ा उठान की व्यवस्था सुनिश्चित की जाय। राज्यमंत्री ने नगरीय विकास विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि इन क्षेत्रों में गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम अन्तर्गत सभी पात्र लोगों को लाभान्वित किया जाय। मा. मंत्री श्री राठौर ने ई.ओ. प्रमिता सिंह को यह भी निर्देश दिये कि नगरीय क्षेत्रों में जल निकासी के बेहतर प्रबन्ध हेतु नाली-नालों की समुचित साफ-सफाई करा दी जाय तथा आवश्यकतानुसार नालों की मरम्मत व निर्माण कार्य भी कराया जाय।मा. राज्यमंत्री ने नगर पालिका परिषद बहराइच के मोहल्ला सलारगंज में इंटीग्रेटेड हाउसिंग एण्ड स्लम डेवलपमेन्ट प्रोग्राम योजना अन्तर्गत निर्माणाधीन 276 आवासीय भवनो का निरीक्षण करते हुए परियोजना अधिकारी डूडा सौरभ त्रिपाठी को निर्देश दिया कि आवासों को पूर्ण कराकर जनोपयोग में लाया जाय। इससे पूर्व श्री राठौर ने लोक निर्माण विभाग निरीक्षण में विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए अधिशासी अधिकारियों को निर्देष दिया कि स्वच्छता अभियान के सम्बन्ध में प्राप्त होने वाले दिशा निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित कराया जाय।

विभिन्न योजनाओं अन्तर्गत निर्माण कार्यों का प्रस्ताव समय से भिजवाया जाये। निर्माण कार्यों के सम्बन्ध में प्राप्त बजट का समय से सदुपयोग किया जाय तथा जिन परियोजनाओं में अतिरिक्त धन की आवश्यकता हो तो पूर्व में आवंटित धनराशि के उपभोग प्रमाण-पत्र के साथ मांग पत्र भिजवाया जाय। मा. राज्यमंत्री ने यह भी निर्देष दिया कि निकायों में रिक्त पदों की सूचना समय से शासन को उपलब्ध करायी जाय ताकि भर्ती के सम्बन्ध में कार्यवाही की जा सके। श्री राठौर ने कहा कि शहरों को स्वच्छ, सुन्दर और हरा-भरा बनाएं जाने हेतु सभी अधिकारी एवं कर्मचारी अपने उत्तरदायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ करें तथा इस कार्य में जनप्रतिनिधियों व आमजन का भी सहयोग प्राप्त किया जाय।

बोर्ड परीक्षा के आवेदनों में सुधार का दिया मौका

अमेठी। यूपी बोर्ड के हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के परीक्षार्थियों के आवेदन पत्रों में खामियों में ऑनलाइन सुधार किया जा सकता है। माध्यमिक शिक्षा परिषद की वेबसाइट को खोल दी गई है। जिस पर संबंधित विद्यालय के छात्रों के नाम, पिता का नाम, जन्म तिथि, जेंडर, जाति, फोटो व विषयों से संबंधित सूचना को संशोधित कर सकते हैं।

जिले में यूपी बोर्ड के हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा देने के लिए 48865 परीक्षार्थी पंजीकृत हुए हैं। इसमें हाईस्कूल में संस्थागत के रूप में 27967 व व्यक्तिगत 96 और इंटरमीडिएट में 20105 संस्थागत तथा 697 व्यक्तिगत परीक्षार्थी शामिल हैं। विलंब शुल्क के साथ आवेदन की तिथि 10 अक्तूबर तक बढ़ा दी गई है। छात्रों के आवेदन में लगातार त्रुटि सामने आ रही थी। माध्यमिक शिक्षा परिषद ने त्रुटियों को सही कराने के लिए बेवसाइट पर ऑनलाइन उसे सही कराने के निर्देश दिए हैं। माध्यमिक शिक्षा परिषद के अपर सचिव ने छात्रों के आवेदन में त्रुटिपूर्ण शैक्षिक विवरण को सही कराने का निर्देश दिया है। जिसमे छात्रों के नाम, पिता का नाम, माता का नाम, शैक्षिक विवरण, जन्म, पता आदि को सही किया जाएगा।

वेबसाइट पर प्रधानाचार्यों को परीक्षार्थियों की प्रविष्टि का दोबारा सत्यापन कर सुधार करने का मौका दिया गया है। डीआईओएस रीता सिंह ने बताया कि वेबसाइट पर अपने अपने छात्रों के आवेदन को चेक कर लें। उसमें त्रुटि हो तो उसे सही करा दें। जिससे बाद में परेशानी न हो। परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र जारी होने के बाद त्रुटि होने पर सुधार नहीं होगा तो संबंधित प्रधानाचार्य के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर आयोजित हुआ शिविर

बहराइच। विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस 10 अक्टूबर के उपलक्ष पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय परिसर में वृहद जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में मुख्य अतिथि मुख्य चिकित्सा अधिकारी महोदय डॉ सतीश कुमार सिंह के साथ मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एम.एम.एम. त्रिपाठी, एसीएमओ डॉ राजेश, डॉ. पी के बादिल, डॉ. सोलंकी, डॉ. संतोष राणा, आईएमए के सचिव डॉ. अरविंद शुक्ला, , डीएचईआईओ बृजेश कुमार सिंह, डीपीएम सरजू खान, हॉस्पिटल मैनेजर, लायन इंटरनेशनल क्लब आशा के सदस्य, जन सांस्कृतिक एवं सामाजिक विकास संस्थान के सदस्य, बाबा सुंदर सिंह मुख बधिर स्कूल से डॉ. बलजीत कौर, आर्य कन्या इंटर कॉलेज से श्रीमती शकुंतला, सिटी मांटेसरी इंटर कॉलेज से वेद प्रकाश, महाराज इंटर कॉलेज से अभय एवं विवेक श्रीवास्तव, मानसिक स्वास्थ्य विभाग से मुकेश कुमार हंस, राज कुमार महतो, सीमा कुमारी, अजय प्रताप सिंह, मनीष कुमार सिंह आदि अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा प्रतिभा किया गया। सीएमओ डॉ सतीश कुमार सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर शिविर का शुभारंभ करते हुए बताया कि इस वर्ष की थीम मानसिक स्वास्थ्य एक सार्वभौमिक मानव अधिकार है दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य आम जनमानस को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना और सभी लोगों तक मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित सुविधाएं उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि हम सभी को शारीरिक स्वास्थ्य के अलावा मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान देने की आवश्यकता है किशोरावस्था में बच्चों के अंदर कई सारे मानसिक बदलाव होते हैं जिस वजह से बच्चे चिड़चिड़े स्वभाव के हो जाते हैं और उनके मानसिक एवं व्यवहारिक बर्ताव में भी बदलाव आ जाता है। मानसिक रोग से संबंधित लक्षणों के प्रतीत होने पर झार फूंक करने से बचे एवं मानसिक रोग विशेषज्ञ से सलाह ले और यह भी बताया गया कि मनोरोगियों की अवहेलना नहीं करनी चाहिए मानसिक रूप अस्वस्थ व्यक्ति को संपूर्ण उपचार एवं परिवार को उनका सहयोग देना चाहिए।

मनोरोग विशेषज्ञ डॉ. विजित जायसवाल द्वारा मानसिक रोग के लक्षणों जैसे हर समय उदास महसूस करना, ध्यान केंद्रित न कर पाना, बहुत चिंता या भय होना, अपराध की भावनाएं महसूस करना, मानसिक स्थिति में बहुत बदलाव होना, समाज, परिवार और दोस्तों से दूर रहना, नींद ज्यादा या बहुत कम आना, किसी तरह की भ्रम की स्थिति में रहना, किसी भी प्रकार का नशा या शराब ज्यादा पीना, बहुत गुस्सा या हिंसक व्यवहार दिखाना, आत्महत्या करने के विचार आना इस तरह के लक्षणों के दिखने पर आपको अपने नजदीकी मनोरोग विशेषज्ञ से सलाह ले कर उचित उपचार करना चाहिए। डीएचईआईओ ब्रजेश कुमार सिंह ने शिविर का संचालन करते हुए बताया कि मानसिक रोगी को अपने तनाव, अवसाद, गहन चिंता आदि को नियंत्रित करना चाहिए। नियमित स्वास्थ्य देखभाल पर ध्यान देना चाहिए और पूरी नींद लेनी चाहिए। शिविर में आये हुए बाबा सुंदर सिंह स्कूल के दिव्यांग बच्चों द्वारा सरस्वती वन्दना गीत एवं देश भक्ति कार्यक्रम तथा नुक्कड नाटक की टीम द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम और मानसिक स्वास्थ्य के बारे में लोक प्रदर्शन से सम्बन्धित कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। शिविर में विद्यालयों से आये हुए चयनित मनदूत एवं मनपरी को मैडल पहना कर सम्मानित किया गया और निबंध पोस्टर प्रतियोगिता में प्रतिभाग किये गए छात्र/ छात्राओं को मेडल एवं पुरस्कार भी वितरित किया गया। कार्यक्रम में मौजूद एनजीओ और विद्यालयों के शिक्षण स्टाफ को भी मेडल पहना पर पुरस्कृत किया गया। शिविर में छः मानसिक दिव्यांग बच्चों को मानसिक दिव्यांगता प्रमाण पत्र की रिपोर्ट निर्गत करके फलाहार वितरित किया गया। शिविर समापन के अवसर पर राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम की टीम के द्वारा मुख्य चिकित्सा अधिकारी को स्मृति चिन्ह भी दिया गया।

मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण का कार्यक्रम निर्धारित

बहराइच। अर्हता तिथि 01 जनवरी 2024 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा समयसारिणी का निर्धारण कर दिया गया है। यह जानकारी देते हुए उप जिला निर्वाचन अधिकारी अवधेश कुमार मिश्र ने बताया कि आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार निर्वाचक नामावली के आलेख्य का प्रकाशन 27 अक्टूबर 2023 को होगा तथा 27 अक्टूबर से 09 दिसम्बर 2023 तक दावे तथा आपत्तियां प्राप्त की जायेगी। श्री मिश्र ने बताया कि दावे एवं आपत्तियां प्राप्त करने हेतु 04, 05, 25 व 26 नवम्बर तथा 02 व 03 दिसम्बर 2023 छः विशेष अभियान तिथियां होंगी। आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार निर्वाचक नामावली का अन्तिम प्रकाशन 05 जनवरी 2024 को किया जायेगा।

श्री मिश्र ने बताया कि विशेष अभियान की तिथियों में जनपद के समस्त बूथ लेवल आफिसर अपने-अपने मतदेय स्थलों पर पूर्वान्ह 10.00 बजे से सायं 4.00 बजे तक उपस्थित रहकर दावे तथा आपत्तियां प्राप्त करेंगे। विशेष अभियान की तिथियों के अतिरिक्त जनपद के प्रत्येक मतदेय स्थलों पर पदाभिहित अधिकारी द्वारा दावे तथा आपत्तियां प्राप्त की जायेगी। विशेष अभियान के दौरान दावे तथा आपत्तियों से सम्बंधित फार्म समस्त बूथ लेवल आफिसर तथा पदाभिहित अधिकारी के पास उपलब्ध रहेगा। श्री मिश्र ने बताया कि पुनरीक्षण अभियान को सफल बनाने के लिए विशेष अभियान की तिथियों में समस्त सुपरवाइज़र, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में भ्रमणशील रहेंगे। उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री मिश्र ने जनपद के समस्त अर्ह मतदाताओं से अपेक्षा की है कि नामावली में नाम सम्मिलित करने के लिए प्रारूप-6, मृतक शिफ्टेड तथा रिपीटेड होने पर निर्वाचक नामावली से नाम काटने के लिए प्रारूप-7 तथा किसी भी प्रकार की त्रुटि होने पर संशोधन करने के लिए प्रारूप-8 भर कर आवश्यक अभिलेख के साथ सम्बन्धित बूथ लेवल अधिकारी, सुपरवाइजर के पास अथवा सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के कार्यालय में जमा कर सकते हैं।

सीडीओ ने ग्राम पंचायत मुसल्लमपुर व पचेदवरी का किया भ्रमण

पीएम किसान योजना के ई-केवाईसी कार्य 02 दिवस में पूरा करने के दिये निर्देश

बहराइच। मुख्य विकास अधिकारी राम्या आर. ने उप निदेशक कृषि टी.पी. शाही के साथ विकास खण्ड शिवपुर अन्तर्गत ग्राम पंचायत मुसल्लमपुर व विकास खण्ड महसी की ग्राम पंचायत पंचदेवरी का निरीक्षण कर कृषि विभाग के क्षेत्रीय कर्मचारियों द्वारा संचालित गतिविधियों का जायज़ा लेते हुए निर्देश दिया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि अन्तर्गत अवशेष ई-केवाईसी कार्य को 02 दिवस में शत-प्रतिशत पूरा करना सुनिश्चित करें। सीडीओ ने सभी सम्बन्धित को सचेत किया कि निर्धारित अवधि 02 दिवस में शत-प्रतिशत कार्य पूर्ण न होने पर डीडी ऐग्री को सम्बन्धित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही करने के निर्देश दिये।

हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर किट से होगी डेंगू की जांच

अमेठी। दिन में धूप के बीच पड़ रही गर्मी व रात में ठंड लोगों को बीमार कर रही है। गांव से शहर तक लोग बुखार की चपेट में आ रहे हैं। गांव में लोगों को जांच व उपचार की सुविधा देने के लिए 100 हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर ग्रामीणों को अब तक उपचार के साथ जांच की सुविधा मिलेगी। किट से डेंगू समेत अन्य जांच होगी। जांच में संदिग्ध संक्रमित होने पर उसकी एलाइजा जांच कराई जाएगी। हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर जांच व उपचार की सुविधा शुरू हो सके इसके लिए सीएमओ ने सीएचओ को पत्र जारी कर दिशा-निर्देश दिया है। जिला अस्पताल, सीएचसी व पीएचसी के बाद अब जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित 100 हेल्थ वेलनेस सेंटरों पर सुविधाओं में विस्तार किया जा रहा है। वेलनेस सेंटरों पर एक सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी तथा एक-एक एएनएम की तैनाती है। अब तक इन केंद्रों पर गर्भावस्था एवं प्रसव संबंधी, नवजात एवं शिशु संबंधी, बाल्यकाल एवं किशोरावस्था संबंधी, सामान्य संचारी रोग प्रबंधन, सामान्य बीमारी वाले मरीजों का इलाज, गैर संचारी रोगों की जांच, बचाव, रोकथाम एवं प्रबंधन का कार्य होता था। अब इन सेंटरों पर ही ग्रामीण क्षेत्र के मरीजों को बुखार के उपचार के साथ किट की मदद से डेंगू व अन्य जांच की सुविधा मिलेगी। ऐसे में अब गांव के मरीजों को जांच व दवा के लिए सीएचसी या जिला अस्पताल का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा।

गांव में मिलेगा उपचार

सीएमओ डॉ. अंशुमान सिंह ने बताया कि गांव में मरीजों को उपचार मिल सके इसके लिए 100 हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर को जांच व उपचार की सुविधा दी गई है। सीएचओ को पत्र जारी कर प्रतिदिन हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर आने वाले मरीजों की जांच कर दवा देने को कहा गया है। किट की जांच में संदिग्ध डेंगू संक्रमित मिलने पर सूचना देते हुए जिला अस्पताल से एलाइजा जांच कराने का निर्देश दिया गया है।

संचालित योजनाओं का लाभ आमजन को मिले- जिलाधिकारी

(सत्य प्रकाश पांडेय)

अंबेडकर नगर , मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार के मंशा के अनुरूप सरकार द्वारा संचालित योजनाओ का लाभ आमजन को मिले, के उद्देश्य से जिलाधिकारी अविनाश सिंह के निर्देश पर सहायक श्रमायुक्त अंबेडकर नगर ने अवगत कराया की श्रम विभाग में संचालित विभिन्न योजनाओ का लाभ उ0प्र0 भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अन्तर्गत पंजीकरण के उपरांत ही प्राप्त किया जा सकता है इस हेतु -

पंजीकरण की पात्रता एवं प्रक्रिया-

आवेदक की आयु 18-60 वर्ष के मध्य हो आवेदक द्वारा निर्माण श्रमिक के रूप में वर्ष में कम से कम 90 दिन कार्य पूर्ण किया गया हो। निर्माण कार्यों की श्रेणी-बेल्डिंग का कार्य, बढ़ई, कुंआ खोदना, रोलर बनाना, छप्पर डालने कार्य, राजमिस्त्री, प्लम्बिरिंग, लोहार, मोजैक पालिश, सड़क निर्माण, मिक्चर चलाने वाला, पुताई, इलेक्ट्रिक वर्क, हथौड़ा चलाने, सुरंग निर्माण, टाइल्स लगाने का कार्य कुए में गाद हटाने, चट्टान तोड़ने, स्प्रे वर्क, मार्बल एवं स्टोन वर्क निर्माण स्थल पर चौकीदार, चूना बनाना मिट्टी का काम, सीमेंट कंकरीट, ईंट आदि ढोने, लिफ्ट एवं स्वचालित सीढ़ी का निर्माण, सुरक्षा द्वारा एवं अन्य उपकरणों की स्थापना, मिट्टी, बालू, मोरंग, खनन, ईंट निर्माण, सामुदायिक पार्क / फूटपाथ निर्माण, मॉड्यूल इकाईयों, खिड़की, ग्रिल, दरवाजे आदि की गढ़ाई एवं स्थापना, मकानों / भवनों की आंतरिक सज्जा, बड़े यांत्रिक कार्य, अग्निशमन प्रणाली की स्थापना, ठण्डा एवं गरम मशीनरी की स्थापना, बाढ़ प्रबन्धन, बांध, पुल, सड़क का निर्माण, सिविंग पूल, गोल्फ कोर्स आदि लिपिकीय / लेखा-कर्म (किसी निर्माण अधिष्ठान लिपिक व लेखाकार में रूप में कार्यरत्)

आवश्यक अभिलेख-

> पंजीकरण शुल्क रू. 20/- तथा सदस्यता बनाए रखने हेतु अंशदान के रूप में प्रति वर्ष रू 20/- या 3 वर्ष हेतु रु 60/- जमा किया जाना है।

श्रमिक का पासपोर्ट आकार का 01 फोटो अनिवार्य है।

स्व प्रमाणित आधार कार्ड की प्रतिलिपि अनिवार्य है।

स्वघोषणा पत्र की प्रतिलिपि अनिवार्य है। स्व प्रमाणित नियोजन प्रमाण पत्र की प्रतिलिपि ।

स्व प्रमाणित बैंक पासबुक की प्रतिलिपि।

पंजीयन प्रक्रिया-

पंजीयन प्रक्रिया जन सुविधा केन्द्रों / लोकवाणी केन्द्रों / बोर्ड के पोर्टल ह्वश्चड्डश्ष्.द्बठ्ठ के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है।

जिलाधिकारी अविनाश सिंह द्वारा पात्र अभ्यर्थियों से अपील किया गया कि अधिक से अधिक संख्या में पंजीकरण करा कर सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ प्राप्त करें।

नगर विकास मंत्री ने कांशीराम आवासीय कालोनी तथा मलिन बस्ती का किया भ्रमण

बहराइच। मा. राज्य मंत्री नगर विकास, शहरी समग्र विकास, नगरीय रोज़गार एवं गरीबी उन्मूलन विभाग, उत्तर प्रदेश श्री राकेश राठौर ''गुरू'' जी ने एक दिवसीय जनपद भ्रमण कार्यक्रम के दौरान गुल्लाबीर स्थित कांशीराम आवासीय कालोनी तथा मलिन बस्ती शिवनगर दसईपुरवा का निरीक्षण कर साफ-सफाई का जायज़ा लिया तथा सरकार द्वारा संचालित नगरीय रोज़गार एवं गरीबी उन्मूलन कार्यक्रमों के सम्बन्ध जनसंवाद कर योजनाओं के बारे में फीड बैक प्राप्त किया। श्री राठौर ने बताया कि मा. प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी व प्रदेश के मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के कुशल नेतृत्व में मार्गदर्शन में संचालित विकास योजनाओं एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से समाज के अन्तिम पायदान पर खड़े ज़रूरतमन्त व्यक्ति के चेहरे पर मुस्कान लाने का सफल प्रयास किया जा रहा है। जनसंवाद के दौरान श्री राठौर ने लोगों से खाद्य सुरक्षा मिशन अन्तर्गत खाद्यान्न वितरण के बारे में भी जानकारी प्राप्त की।

कांशीराम आवासीय कालोनी तथा मलिन बस्ती के निरीक्षण के दौरान मा. राज्यमंत्री ने नगर पालिका परिषद बहराइच के अधिकारियों को निर्देश दिया कि नगरीय क्षेत्र में साफ-सफाई के माकूल बन्दोबस्त के साथ-साथ समय से कूड़ा उठान की व्यवस्था सुनिश्चित की जाय। राज्यमंत्री ने नगरीय विकास विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि इन क्षेत्रों में गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम अन्तर्गत सभी पात्र लोगों को लाभान्वित किया जाय। मा. मंत्री श्री राठौर ने ई.ओ. प्रमिता सिंह को यह भी निर्देश दिये कि नगरीय क्षेत्रों में जल निकासी के बेहतर प्रबन्ध हेतु नाली-नालों की समुचित साफ-सफाई करा दी जाय तथा आवश्यकतानुसार नालों की मरम्मत व निर्माण कार्य भी कराया जाय।

मा. राज्यमंत्री ने नगर पालिका परिषद बहराइच के मोहल्ला सलारगंज में इंटीग्रेटेड हाउसिंग एण्ड स्लम डेवलपमेन्ट प्रोग्राम योजना अन्तर्गत निर्माणाधीन 276 आवासीय भवनो का निरीक्षण करते हुए परियोजना अधिकारी डूडा सौरभ त्रिपाठी को निर्देश दिया कि आवासों को पूर्ण कराकर जनोपयोग में लाया जाय। इससे पूर्व श्री राठौर ने लोक निर्माण विभाग निरीक्षण में विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए अधिशासी अधिकारियों को निर्देष दिया कि स्वच्छता अभियान के सम्बन्ध में प्राप्त होने वाले दिशा निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित कराया जाय।

विभिन्न योजनाओं अन्तर्गत निर्माण कार्यों का प्रस्ताव समय से भिजवाया जाये। निर्माण कार्यों के सम्बन्ध में प्राप्त बजट का समय से सदुपयोग किया जाय तथा जिन परियोजनाओं में अतिरिक्त धन की आवश्यकता हो तो पूर्व में आवंटित धनराशि के उपभोग प्रमाण-पत्र के साथ मांग पत्र भिजवाया जाय। मा. राज्यमंत्री ने यह भी निर्देष दिया कि निकायों में रिक्त पदों की सूचना समय से शासन को उपलब्ध करायी जाय ताकि भर्ती के सम्बन्ध में कार्यवाही की जा सके। श्री राठौर ने कहा कि शहरों को स्वच्छ, सुन्दर और हरा-भरा बनाएं जाने हेतु सभी अधिकारी एवं कर्मचारी अपने उत्तरदायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ करें तथा इस कार्य में जनप्रतिनिधियों व आमजन का भी सहयोग प्राप्त किया जाय।

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई जिला शान्ति समिति की बैठक

बहराइच। श्री मॉ दुर्गापूजा (नवरात्रि) तथा विजय दशमी (दशहरा) पर्व को शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट सभागार में सोमवार को देर शाम आयोजित जिला शान्ति समिति की बैठक के दौरान जिलाधिकारी मोनिका रानी व पुलिस अधीक्षक प्रशान्त वर्मा ने अपील की कि सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्यौहारों को मनायें तथा शान्ति व्यवस्था के सम्बन्ध में यदि कहीं से कोई भी सूचना प्राप्त हो तो उसे तत्काल जिम्मेदार अधिकारियों के संज्ञान में अवश्य लायें। जिले में विगत त्यौहार शान्तिपूर्ण ढ़ंग से सम्पन्न होने पर डीएम व एसपी ने सभी सम्बन्धित को बधाई दी।

डीएम व एसपी ने कहा कि जिले के अम्नो-अमान को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह से संजीदा है। माहौल खरा

त्रिगुट

गुरुवार 12 अक्टूबर 2023

लोकसभा चुनाव का सेमीफाइनल

केंद्रीय चुनाव आयोग ने पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव की अधिसूचना जारी कर दी है। 16 करोड़ मतदाता पांच राज्यों के चुनाव में मतदान करेंगे। इस चुनाव में लगभग 60 लाख नए मतदाता 18 वर्ष की उम्र के जुड़े हैं।यह पहली बार मतदान करेंगे। मध्य प्रदेश,छत्तीसगढ़ और राजस्थान में भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस के बीच में सीधी टक्कर है। तेलंगाना और मिजोरम में क्षेत्रीय दलों के साथ कांग्रेस और भाजपा को अपनी ताकत दिखानी है। तेलंगाना में स्थित अभी भी अस्पष्ट बनी हुई है। पूर्वोत्तर राज्यों में भी जिस तरीके की स्थिति देखने को मिल रही है।उसमें मिजोरम के चुनाव परिणाम भी इस बार आश्चर्यजनक होने की संभावना व्यक्त की जा रही है। 2018 के विधानसभा चुनाव में कर्नाटक,मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में कांग्रेस पार्टी ने जीत हासिल की थी।इन चारों राज्यों में 2018 के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को पराजय का सामना करना पड़ा था। चुनाव परिणाम के कुछ महीनो बाद कर्नाटक और मध्य प्रदेश की कांग्रेस सरकार दल बदल के कारण गिर गई थी। यहां पर भारतीय जनता पार्टी ने अपनी सरकार बना ली थी। 2023 के कर्नाटक विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को स्पष्ट बहुमत मिला है। भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस को अपनी ताकत मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में दिखानी है। कहा जा रहा है,कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस मजबूत है। मध्य प्रदेश और राजस्थान में दोनों कड़ा मुकाबला है। 2018 के चुनाव और 2023 के चुनाव में एक अंतर यह है, कि इंडिया गठबंधन और एनडीए गठबंधन की राजनीति से देश का राजनीतिक समीकरण बदला हुआ है। पिछले 5 वर्षों में कांग्रेस भी पूर्व की तुलना में काफी मजबूत हुई है। कांग्रेस कार्यकर्ता और नेता इस बार भी बहुत उत्साहित, और संगठित हैं। 2023 के विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी काफी दबाव में दिख रही है। मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान से भारतीय जनता पार्टी ने अपने केंद्रीय मंत्रियों और सांसदों को भी चुनाव मैदान में उतारा है।पहले यह माना जा रहा था, कि गुजरात की तर्ज पर भारतीय जनता पार्टी नए उम्मीदवारों को चुनाव मैदान में उतारेगी। पुराने मंत्री और विधायकों की टिकट कटेगी। लेकिन भारतीय जनता पार्टी की जो सूची उम्मीदवारों की जारी हुई है। मध्य प्रदेश की चौथी सूची में सारे समीकरण बदल गए हैं। भाजपा की चौथी सूची में लगभग सभी मंत्रियों और विधायकों को टिकट देकर भाजपा ने अपनी रणनीति में परिवर्तन कर लिया है। जो इस बात का संकेत है कि भारतीय जनता पार्टी इस विधानसभा चुनाव को लेकर भारी दबाव में है। इस बार के विधानसभा चुनाव में महिला आरक्षण बिल, जातीय जनगणना, महंगाई, बेरोजगारी ,धार्मिक एवं जातीय ध्रुवीकरण का असर मतदाताओं पर स्पष्ट रूप से देखने को मिल रहा है। सत्तारूढ़ दल भाजपा और विपक्षी दल कांग्रेस ने इस बार मतदाताओं के लिए बहुत सारी लोक लुभावन घोषणाएं कर रखी हैं। इस चुनाव में ओल्ड पेंशन स्कीम को लेकर सरकारी कर्मचारियों में भारी नाराजी है। पहली बार भारतीय जनता पार्टी के अंदर नेताओं एवं कार्यकर्ताओं के बीच भारी मतभेद देखने को मिल रहे हैं। अन्य दलों से आए नेताओं को पार्टी के टिकट और महत्वपूर्ण पद देने से, समर्पित कार्यकर्ता नाराज है। भारतीय जनता पार्टी छोड़कर या खुले आम मतभेद व्यक्त करने वाली स्थिति भाजपा में पहली बार देखने को मिल रही है। अभी तक कांग्रेस पार्टी मैं इस तरह की बगावत देखने को मिलती थी। आर्थिक मंदी ,महंगाई और बेरोजगारी का असर भी इस चुनाव में को प्रभावित करेगा। ऐसी स्थिति में पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव के जो परिणाम होंगे। वह लोकसभा चुनाव की पृष्ठभूमि को तैयार करने का कारण बनेंगे। मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में भारतीय जनता पार्टी ने अपने क्षेत्रीय क्षत्रपों को महत्व नहीं दिया है। उसके स्थान पर नए नेतृत्व देने की कोशिश की है। पांचो राज्यों के चुनाव इस बार प्रधानमंत्री मोदी के चेहरे और भाजपा के कमल सिंबल पर लड़े जाएंगे। मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान के चुनाव में भाजपा को कड़े संघर्ष से गुजरना पड़ रहा है।एनडीए गठबंधन और इंडिया गठबंधन का मध्य प्रदेश के अंदर कोई विशेष प्रभाव नहीं है। यहां पर कांग्रेस भाजपा के बीच सीधी लड़ाई है। इंडिया गठबंधन के अन्य दलों के प्रत्याशी भी मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ के चुनाव में अपने प्रत्याशी खड़े करने जा रहे हैं। यदि ऐसा हुआ तो निश्चित रूप से इंडिया गठबंधन की रणनीति कमजोर होगी। वोटो के बंटवारे का लाभ निश्चित रूप से भारतीय जनता पार्टी और एनडीए को विधानसभा चुनाव और लोकसभा चुनाव में मिलना तय माना जा रहा है। बहरहाल पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव लोकसभा चुनाव के लिए एक सेमीफाइनल की तरह होंगे।

सुखी रहने के लिए लें धर्म की शरण

दुनिया का हर व्यक्ति केवल सुख ही चाहता है। दुख से सब दूर भागते हैं। यदि हमें सुखी रहना है तो सबसे पहले धर्म से जुड़ना होगा। किसी के मन को दुखाना भी पाप है। भागदौड़ भरी जिंदगी में आज हर व्यक्ति विवेक नहीं रख पाता है। इसलिए पाप बंध को बांधता चला जाता है और पाप बंधने के कारण सुखी नहीं हो पाता। इसलिए सुखी रहने के लिए धर्म की शरण में जाकर धर्म के मर्म को समझना होगा। धर्म की शुरुआत व्यक्ति को सबसे पहले अपने घर से ही करना चाहिए। यदि हम विवेकपूर्ण जीवन जिएंगे तो पाप से बच पाएंगे और जो पाप से बच पाएगा, वहीं सही मायनों में धर्म से भी जुड़ पाएगा। मर्यादाओं को भंग करना पाप की श्रेणी में आता है। इसी तरह किसी के मन को दुखाना भी पाप है। हमें अपने जीवन काल में सुख प्राप्ति के लिए जिनवाणी को आचरण में उतारना होगा, क्योंकि जिनवाणी अमृत रूप है। हमारा सौभाग्य है कि हमें जिनवाणी श्रवण का सुअवसर मिला है। जीवन में यदि सुख प्राप्त करना है तो जिनवाणी को आचरण में उतारना होगा। धर्म आधारित जीवन जीते हुए ही मनुष्य वैराग्य की ओर अग्रसर हो सकता है। संपूर्ण जीवन लोभ, मोह, मद, मान और माया में ही व्यतीत हो जाता है और प्रभु आराधना का समय ही नहीं मिल पाता तथा व्यक्ति संसार से प्रस्थान भी कर जाता है। संसार में रहते हुए वैराग्य के प्रसंग जीवन में आते हैं। फिर भी विरक्ति नहीं होती। इसलिए निरंतर साधना व स्वाध्याय करते रहना चाहिए। सुखी और सफल जीवन के लिए भौतिक सुख नहीं, आध्यात्मिक सुख ज्यादा जरूरी है, जो वैराग्य से ही प्राप्त हो सकता है। संसार के सभी जीव सुख चाहते हैं। सभी लोग सुख प्राप्त करने के लिए ही पुरुषार्थ करते हैं, लेकिन सच्चा सुख कहां है, इसका हमें ध्यान नहीं है। जो जीवात्मा अरिहंत परमात्मा की वाणी को आत्मसात करती है, उसकी सभी प्रकार की आधि-व्याधि नष्ट हो जाती है। जिसने आत्मस्वरूप की पहचान कर ली है, वही धर्मध्यान में लीन होगा। हमारे आर्तध्यान और रौद्रध्यान से जीवन भटक जाता है। धर्मध्यान को अपनाकर व्यक्ति प्रत्येक परिस्थिति में भी समभाव को धारण कर सकता है। आज धर्मध्यान की जगह धन का ध्यान ज्यादा किया जा रहा है। पैसा साधन जरूर है, पर वह साध्य नहीं है। विडंबना यह है कि आज व्यक्ति धन को ही साध्य मानने की भूल कर रहा है।

विश्व मे बालिकाओं क़ो बचाना एक नैतिक कर्तव्य

नरेंद्र भारती

बेशक 11 अक्टूबर क़ो अंतराष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया जा रहा है द्य इस वर्ष दिवस का थीम अब हमारा समय है हमारे अधिकार हमारा भविष्य रखा गया है द्य 2012 में विश्व में पहली बार अंतराष्ट्रीय बालिका दिवस का आयोजन किया गया था उसका थीम बाल विवाह की समाप्ति रखा गया था द्यइस दिवस का उदेश्य बालिकाओं के अधिकारों का सरक्षण करना तथा उनके समक्ष आने वाली चुनौतीयों एवं कठिनाइ की पहचान करना है द्य समाज में जागरूकता लाकर बालिकाओं क़ो बालकों के समान अधिकार दिलाना है आज भले ही मानव 21वीं सदी में पहुच चुका है मगर उसकी सोच में कोई बदलाव नहीं आया है।इतिहास गवाह है कि विश्व में लड़कियों ने शिक्षा, राजनीति,से लेकर हर क्षेत्र में सफलता की इबारतें लिखी हैं। अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के ऐसे आयोजन केवल मात्र औपचारिकता भर रह गए हैं। केवल एक दिन पूरे विश्व में बालिकाओं की सुरक्षा के दावे किए जातें हैं संकल्प लिए जाते हैं उसके बाद 364 दिनों तक बालिकाओं से कई जघन्य अपराध किये जाते हैं। समूचे विश्व में बालिका दिवस पर भाषण प्रतियोगिताएं करवाई जाती हैं,सैमीनार लगाए जातें हैं, कवि सम्मेलन आयोजित किए जाते हैं। मगर सुधार शून्य ही रहता है।अगर सही मायनों में बालिकाओं को सुरक्षित बनाना है तो समाज के हर वर्ग को इसमें सहयोग देना होगा तभी ऐसें आयेजन सफल हो सकते हैं अन्यथा सुधार संम्भव नही हो सकता। आज पूरे विश्व में बालिकाओं की स्थिती बहुत ही दयनीय होती जा रही है। समाज में बालिकाओं पर अत्याचार हो रहे हैं उनसे दुष्कर्म किए जा रहे हैं मासूम कलियों की हत्याएं की जा रही है। विश्व में कन्या भ्रूण हत्याएं हो रही है लिंग अनुपात घटता जा रहा है। मंदिरों ,झाड़ियों में नवजात शिशु फैके जा रहे है जिनमें अधिकांश लडकियां होती है। समाज किस ओर जा रहा है वह यह क्यों नहीं सोचता कि जिसने उसे जन्म दिया वह भी एक लड़की ही थी।कन्या भ्रूण हत्या के लिए समाज जिम्मेवार है।आज विश्व में लड़कियां हर क्षेत्र में अपना नाम चमका रही है हर शिखर पर परचम लहरा पही है।

विश्व में आज धरती से लेकर आकाश तक बेटियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाकर समाज को बता दिया कि हम किसी से कम नहीं है। आज बेटियां एवरेस्ट पर्वत पर पहुच रही है ,हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रही है।वंश परपरा की खातिर कोख में ही कत्ल किए जा रहे है। विश्व में हर देश की सरकारों द्वारा बेटी है अनमोल जैसे कार्यक्रम चलाए जा रहे है मगर कुछ तथाकथित दकियानूसी सोच रखने वाले लोगों के कारण ऐसे कार्यक्रमों पर बटटा लग रहा है जो लड़के की चाहत में ऐसे घिनौने कार्य कर रहे हैं ऐसे लोगों को कसाई कहना चाहिए जो जानबूझ कर ऐसे रुह कंपा देनं वाले कार्यों को बेखौफ होकर अंजाम दे रहे है।समाज को ऐसें लोगो को बहिष्कृत करना चाहिए जो लड़कियों के जन्म पर मातम मनाते हैं। समाज के लोग गैर जिमेदार होते जा रहे हैं क्योकि समाज में कोई इन घटनाओं को रोकने के लिए आगे नही आ रहा है। अगर समाज जागरुक हो जाएगा तो इस पर रोक लग सकती है।आज विश्व में ऐसे मामलों में इजाफा हो रहा है। ऐसी घटनाएं सभ्य समाज का अभिशाप बनती जा रही हैं। कन्या भ्रूण हत्या एक अपराध है मगर लोग निडर होकर बच्चियों को कूडेदानों व सुनसान जगहो पर फैंक रहे है यह पतन की पराकाष्ठा है अगर समय रहते इन घिनौने कार्य पर रोक नहीं लगाई तो आने वाला कल बहुत ही विनाशकारी होगा।ऐसी वारदातो से समाज का अहित होता है। यह एक चिन्ता का विषय बनता जा रहा है समाज के बुद्विजीविओं को बालिकाओं केा बचाने के लिए चिंतन करना चाहिए।बेटा-बेटी के अन्तर को खत्म करना होगा। अगर हर मां-बाप यह सोच रखें की उसकी जो भी संतान होगी चाहे लड़का हो या लड़की उसका कत्ल नहीं किया जाएगा तो लिंग अनुपात में सुधार हो सकता है मगर समाज के लोगों को यह बात कौन समझायगा लोग अपनी मनमानी करते है अगर समाज के लोग सक्रिय हो जाएं जो इन लोगों पर नजर रखी जा सकती है जो लिंग जांच करवाने के बाद बेटियों का बेरहमी से कत्ल करवाते है समय पर विश्व के देशो से ऐसे समाचार आते रहतें है विश्व ऐसे क्लिनिक चलाने वाले डाक्टरों को सजा ए मौत देनी चाहिए जो ऐसें नीच काम करते हैं । ऐसे लोगों को जल्लाद कहना गलत नहीं होगा जो जानबूझर अजन्मी कन्ययओं मौत के घाट उतार रहे हैं ।चंद मुठठी भर लोग समाज का वातावरण खराब कर रहे है। समाज में गरीब लोग मेहनत मजदूरी करके अपनी बच्चियों का पालन-पोषण कर रहे है ऐसे घिनौने कार्यों को सरमाएदार लोग ही अंजाम देते है। क्योकि अमीर लोगों पर कोई उगली नही उठाता।बेटियों को कोख में ही खत्म करवाने वाले राक्षसो को सूली पर टांगना चाहिए।समाज के यही तथाकथित अमीर लोग नवरात्रों में कंजको को पूजते है मगर एक दिन पूजा करे इनके पाप नही घुल सकते क्योकि इनके पापों की सजा खुदा जरुर देगा।महिलाओं को भी इस को रोकने के लिए आगे आना होगा ऐसे लोगो को सजा दिलवानी होगी। अगर महिलाएं इसके विरुद्ध खड़ी हो जाए तो इन पर पूर्ण रुप से रोक लग सकती है।मगर वंश परंपरा के कारण कई महिलाएं भी दोषी है।केन्द्र सरकार को इन मामलो पर संज्ञान लेना होगा। आज की बालिका कल की स्त्री है उसके बगैर समाज की कल्पना नहीं जा सकती। समाज को जागरुक करने के लिए विश्व के प्रत्येक देशों की सरकारों को संचार माध्यमों से अभियान चलाना होगा ताकि लोगों को जागृत किया जा सके ।प्रत्येक शहर व गांवों में शिविर लगाने चाहिए। अगर यह सिलसिला ऐसे ही बदस्तूर चलता रहा तो आने वाला समय इतना भंयकर हो जाएगा कि अराजकता फैल जाएगी जब चारों तरफ बालिकाओ का चीरहरण होगा।अगर समाज का हर आदमी जागरुक हो जाएगा तभी बालिकाओं को बचाया जा सकता है और तभी ऐसे विश्व बालिका दिवस सार्थक होगें। अगर अब भी लापरवाही बरती जो एक दिन पुरे विश्व से बालिकाओं का आस्तित्व मिट जाएगा फिर पछताने के सिवाए कुछ हासिल नही होगा। विश्व के देशों को इस विकराल हो रही समस्या पर लगाम लगाने के लिए सामूहिक रुप से विचार विर्मश करना होगा तभी विश्व में बालिकाओं को बचाया जा सकता है।अत: समय जागने का है।आओ हम सब एकजुट होकर बालिकाओं को बचाने का संकल्प लें। बालिकाओं को बचाना विश्व हर नागरिक का नैतिक कर्तव्य है।

जयप्रकाश का बिगुल बजा तो जाग उठी तरुणाई है

निमिषा सिंह

5 जून 1974 पटना का गांधी मैदान। मंच पर विराजमान जयप्रकाश नारायण के साथ फणीश्वरनाथ रेणु और नागार्जुन। बिहार के तत्कालीन गफूर सरकार के इस्तीफे के प्रस्ताव के समर्थन में इकट्ठे किए गये तीन ट्रक हस्ताक्षर के पुलिंदे राजभवन पहुँचाकर लौट रहे आंदोलनकारियों पर बेली रोड में इंदिरा ब्रिगेड के अड्डे से गोलीबारी शुरू कर दी गई। लोकनायक जयप्रकाश नारायण ने पटना के गांधी मैदान में पांच लाख की उत्साही भीड़ के सामने सम्पूर्ण क्रांति का ऐलान किया और कहा कि सच कहना यदि बगावत है तो कह दो हम भी बागी है। इंदिरा गांधी की सत्ता को उखाड़ फेकने का आहवान किया गया। लाखों लाख लोग जेपी के सम्पूर्ण क्रांति से जुड़ गए। 11अक्टूबर 1902 में सिताब दियारा के एक कायस्थ परिवार में जन्मे जयप्रकाश नारायण सन 1979 तक विविध रूप मे सक्रिय दिखे। स्वतंत्रता सेनानी के रूप में समाजसेवी के रूप और अन्ततः राजनेता के रूप में। इन तीनों रूपों में उन्होंने भारतीय जनमानस को गहराई से प्रभावित किया। वह उन लोगों में से थे जिन्होंने सत्ता और पद से परे रहकर समाज को अपनी सेवा के लिए चुना और राजनीति को जनता की सेवा का माध्यम बनाया। भाईचारा स्वतंत्रता आजादी यह विचार जे पी को महात्मा गांधी से विरासत के तौर पर मिले थे। उन्होंने कॉन्ग्रेस के अंदर सोशलिस्ट पार्टी योजना बनाई थी और कॉन्ग्रेस को सोशलिस्ट पार्टी का स्वरूप देने के लिए आंदोलन भी शुरू किया था। इतना ही नहीं जेल से भाग कर नेपाल में रहने के दौरान उन्होंने सशस्त्र क्रांति भी शुरू की थी। इसके अलावा वह किसान आंदोलन छात्र आंदोलन और सर्वोदय आंदोलन सहित कई छोटे-बड़े आंदोलनों में शामिल रहे और उन्हें अपना समर्थन देते रहे।

जयप्रकाश इकलौते ऐसे नेता हुए जिन्होंने देश के तीन बड़े आंदोलन में मुख्य भूमिका निभाई थी या यूं कहे कि नेतृत्व किया था। स्वतंत्रता संग्राम के दौरान गांधी जी के साथ हर मोर्चे पर साथ खड़े दिखाई दिए। आजाद भारत के भूदान आंदोलन में जे पी विनोबा भावे के साथ कदम से कदम मिलाकर चलते दिखे। तीसरा वह आंदोलन जिसकी अगुवाई स्वयं जेपी ने की। संपूर्ण क्रांति जब इस देश के घर-घर में क्रांति का पर्याय बने थे जे पी। वह जे पी ही थे जिन्होंने उस दौर के युवाओं को सही दिशा दिखाया। यह वह दौर था जब देश के युवाओं में सरकार के प्रति असंतोष का भाव घर कर चुका था। देश इंदिरा के नेतृत्व में महंगाई भ्रष्टाचार और विकास की सुस्त गति से त्रस्त था। शैक्षणिक अराजकता का माहौल था। ऐसे में गुजरात में हुई एक राजनीतिक उथल-पुथल ने बिहार के छात्रों को काफी प्रेरित किया। गुजरात में छात्रों के नेतृत्व में नवनिर्माण समिति द्वारा आंदोलन तीव्र हो चुका था। गुजरात विधानसभा को भंग करना पड़ा। चुनाव में चिमन भाई पटेल की सरकार की हार हुई। इस घटनाक्रम से बिहार के छात्रों का हौसला बढ़ा। बिहार प्रदेश में तत्कालीन गफूर सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए बिहार के छात्र प्रतिबद्ध हुए।लाठी चार्ज के द्वारा छात्रों की आवाज को दबाने की कोशिश की गई। 21 जनवरी 1974 को पटना के ह्विलर सीनेट में यूथ फॉर डेमोक्रेसी के तत्वाधान में एक सभा हुई जिसमें जे पी ने संबोधित किया। 17 और 18 फरवरी को पटना में बिहार राज्य छात्र नेता सम्मेलन हुआ जिसमें साम्यवादी छात्रों को छोड़ सभी संगठनों के छात्रों ने हिस्सा लिया और बिहार छात्र संघर्ष समिति का गठन हुआ। मुलायम सिंह यादव, लालमुनि चौबे, लालू प्रसाद यादव, नीतीश कुमार, दिवंगत रामविलास पासवान, रविशंकर या फिर सुशील मोदी, आज के सारे नेता जेपी के उसी छात्र युवा संघर्ष वाहिनी का हिस्सा थे। इनमें से कुछ ने आगे चलकर कुछ नए दल बनाए तो कुछ दूसरे स्थापित पार्टियों में शामिल हो गए। सक्रिय छात्रों के नेतृत्व में प्रदेश के हर हर नुक्कड़ चौराहे पर धरना प्रदर्शन और नुक्कड़ नाटक होने लगे। सरकार की दमनकारी नीतियां आरंभ हो गई। 16 मार्च को बेतिया और बाढ़ में गोली चली। 18 मार्च को 12 सूची मांगों को लेकर छात्रों का प्रदर्शन हुआ। सरकार ने अपनी बर्बरता दिखाई। पुलिस कारवाही में 110 छात्र मारे गए। 23 मार्च को राम बहादुर राय एवं गोविंदाचार्य जैसे बड़े नेता की मुलाकात जेपी से हुई और उन्होंने उनसे छात्र आंदोलन का नेतृत्व करने का आग्रह किया। जयप्रकाश ने छात्रों को सही दिशा दिखाते हुए शांतिपूर्वक और अहिंसात्मक तरीके से आंदोलन करने की अपील की। उस वक्त जयप्रकाश नारायण ने युवाओं का नेतृत्व किया और उनके आंदोलन को चरम सीमा तक पहुंचाया। अगर जेपी नहीं होते तो उस आंदोलन का दमन कर दिया जाता। बड़ी संख्या में और युवा मारे जाते। भविष्य में किसी की भी हिम्मत नहीं होती कि वह सत्ता के खिलाफ अपना सर उठा सके। 8 अप्रैल 1974 को पटना से विशाल मुक प्रदर्शन हुआ जिसमें हजारों की संख्या में मुंह पर काली पट्टी बांधे और पीठ पीछे हाथ बांधे युवा छात्र सड़कों पर निकल पड़े। जीपी ने नारा दिया--हमला चाहे जैसा होगा हाथ हमारा नहीं उठेगा। अखिल विश्व भारतीय परिषद छात्र संगठनों को समाजवादी युवजन सभा का साथ मिला। 9 अप्रैल 1974 को गांधी मैदान में हुई सभा में जे पी को लोक लायक की उपाधि दी गई। बिहार के सभी विधायकों से त्यागपत्र देने की अपील हुई। 5 जून 1974 को जयप्रकाश नारायण ने बिहार विधानसभा भंग करने का आह्वाहन दिया और गांधी मैदान से ही सम्पूर्ण क्रांति की घोषणा कर डाली।

जे पी की हुंकार पर नौजवानों का जत्था सड़कों पर निकल पड़ता था। देखते ही देखते बिहार से उठी संपूर्ण क्रांति की चिंगारी देश के कोने-कोने में आग बनकर भड़क उठी थी। पूरे साल भर के लिए छात्रों द्वारा कक्षा बहिष्कार तथा परीक्षा बहिष्कार कर दिया गया। विधायकों को विधान परिषद में आने से रोका जाने लगा। अगले 21 दिनों तक बिहार पुलिस प्रशासन की बर्बरता जारी रही एक समय ऐसा भी आया जब छात्रों ने विधान परिषद को चारों तरफ से घेर लिया। पुलिस की तरफ से अंधाधुंध गोलियां चलाई गई और 50 से ज्यादा युवा मारे गए। अक्टूबर महीने तक पूरे बिहार में धरना प्रदर्शन चलता रहा। छात्र मारे जाते रहे। 4,5 और 6 अक्टूबर 1974 को बिहार बंद का आवाह्न किया गया जो काफी हद तक सफल रहा। 1 नवंबर को जयप्रकाश नारायण और तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के बीच हुई वार्ता विफल रही। 4 नवंबर को जयप्रकाश नारायण की नेतृत्व में निकली जुलुश पर हुई लाठी चार्ज के दौरान जे पी चोट खाकर जमीन पर गिर पड़े। नानाजी देशमुख ने उन्हें बचाने की कोशिश कीजिए और इसी क्रम में उनका हाथ टूट गया। दर्जनों नेता और बड़ी संख्या में आंदोलनकारी घायल हुए। यह वाकया इंदिरा सरकार के लिए ताबूत में आखिरी कील साबित हुई। 18 नवंबर को गांधी मैदान में विशाल जनसभा में जयप्रकाश नारायण ने इंदिरा गांधी द्वारा दी गई चुनाव मैदान में उतरने की चुनौती को स्वीकार किया। अपने बिगड़ते स्वास्थ्य के बावजूद जेपी ने आपातकालीन शासन से लड़ने असमान राजनीतिक संस्थाओं का एक गठबंधन बनाकर इंदिरा गांधी की हार सुनिश्चित करने और लोकतंत्र की बहाली सुनिश्चित करने के लिए अड़े रहे डटे रहे। जयप्रकाश नारायण गैर राजनीतिक भूमिका में रहकर भी इस देश की राजनीति का ऐसा केंद्र बने कि देश में पहली बार गैर कांग्रेसी सरकार अगर बनी तो वह जे पी के प्रयासों से बनी। वह बूढ़ा व्यक्ति जिसके पास कोई राजनीतिक पद नहीं था पर उसने अपने नैतिक बल और गांधी दर्शन के बल पर सत्ता से कांग्रेस सरकार को उखाड़ फेंका। तत्कालीन इंदिरा सरकार को अपने घुटने तक टेकने पड़े। कहा जा सकता है कि तब से लेकर अब तक भारत के लोकतंत्र ने ऐसा कोई दूसरा निर्णायक मोड़ नहीं देखा।आजाद भारत के सबसे बड़े जन आंदोलन की नींव रखने वाले जेपी ने आपातकाल के दौरान दिल्ली में नारा दिया था--सिंहासन खाली करो कि जनता आती है। दिनकर और उन जैसे तमाम कवियों की कविताओं को जिन्होंने उस दौर में राष्ट्रीय चेतना जगाने का काम किया था उनका कार्य रूप में परिणत करने का काम जे पी के आंदोलन ने किया। लोकनायक जयप्रकाश नारायण एक सच्चे कर्मयोगी थे जिनका संपूर्ण जीवन भारतीय समाज की समस्याओं के समाधानों के लिए प्रकट हुआ। उन्होंने भारतीय समाज के लिए बहुत कुछ किया लेकिन सार्वजनिक जीवन में जिन मूल्यों की स्थापना वे करना चाहते थे वे मूल्य बहुत हद तक देश की राजनीतिक पार्टियों को स्वीकार्य नहीं थे।

क्यों अमिताभ बच्चन कृतज्ञ हैं अपने उस अनाम गुरु के प्रति

आर.के. सिन्हा

अमिताभ बच्चन ने जब अपने फिल्मी करियर का श्रीगणेश किया तब 1970 के दशक का आरंभ हो रहा था। तब भारत में श्रीमती इंदिरा गांधी प्रधनामंत्री थीं और अमेरिका के राष्ट्रपति रिचर्ड निक्सन थे। वो आधी सदी पहले की दुनिया आज से हर मायने में अलग थी। पर इन पचास सालों में बहुत कुछ बदला, पर अमिताभ बच्चन अब भी करोडों सिने प्रेमियों की पसंद बने हुए हैं। उन्होंने इस दौरान न जाने कितनी सुपर हिट फिल्में दीं, टीवी पर अपनी धाक जमाई और विज्ञापन के संसार के शिखर पर भी रहे। कुछ समय तक राजनीति करने के बाद उसे इस तरह से छोड़ा कि फिर कभी भी पीछे मुड़कर नहीं देखा। उन्हें भारतीय सिनेमा का सर्वकालिक महानतम अभिनेता माना जा सकता है। अमिताभ जी ने अनेक पुरस्कार जीते हैं, जिनमें दादासाहेब फाल्के पुरस्कार, तीन राष्ट्रीय फ़िल्म पुरस्कार और बारह फ़िल्मफ़ेयर पुरस्कार सम्मिलित हैं। उनके नाम सर्वाधिक सर्वश्रेष्ठ अभिनेता फ़िल्मफेयर अवार्ड का रिकार्ड है। अभिनय के अलावा बच्चन ने पार्श्वगायक, फ़िल्म निर्माता, टीवी प्रस्तोता के रूप में भी अपनी छाप छोड़ी है। वे लोकप्रिय टीवी शो कौन बनेगा करोड़पति में कई वर्षों से मेज़बान की भूमिका भी निभाते आए हैं। इस शो में उनके द्वारा किया गया %देवियों और सज्जनों% संबोधन बहुचर्चित रहा। अमिताभ बच्चन की शख्सियत से आप प्रभावित हुए बिना नहीं रह सकते। आज (11 अक्तूबर) को उनके जन्म दिन पर हम उस शख्स की बात करना चाहेंगे जिन्होंने उनकी प्रतिभा को पहचाना और फिर गढ़ा भी। बेशक, वे भी इस मौके पर उन शख्सियतों को जरूर याद करेंगे जिनके मार्गदर्शन के चलते उन्होंने शिखर को छुआ। वे दिल्ली के किरोड़ीमल कॉलेज (केएम कॉलेज) के अपने गुरु फ्रेंक ठाकुर दास को नहीं भूल सकते। वहां पर फ्रेंक ठाकुर दास सभागार मिलेगा। अमिताभ बच्चन 1962 में केएम कॉलेज में बी.एससी के छात्र थे। तब तक उनका एक्टिंग या रंगमंच की तरफ कोई विशेष रूझान नहीं था। पर एक दिन फ्रेंक ठाकुर दास ने उन्हें अपने पास बुलाकर कहा कि वे कॉलेज की रंगमंच की गतिविधियों से जुड़ें।

यह बात अमिताभ बच्चन ने केएम कॉलेज के एक कार्यक्रम में खुद बताई थी। उसके बाद फ्रेंक ठाकुर दास ने उन्हें कॉलेज की ड्रामा सोसायटी की तरफ से होने वाले अंग्रेजी और हिन्दी के नाटकों से जोड़ा। उन्होंने ही अमिताभ बच्चन को अभिनय की तमाम बारीकियों से रु ब रु भी करवाया। दिल्ली विश्व विद्लाय और केएम कॉलेज बिरादरी फ्रेंक ठाकुर दास को अपने संरक्षक और मार्गदर्शक के रूप में याद करती है। वैसे तो फ्रेंक ठाकुर दास केएम कॉलेज में पॉलिटिकल साइंस के प्रोफेसर थे। उन्हें रंगमंच की दुनिया की भी गहरी समझ थी। वे खुद भी रंगकर्मी थे। केएम कॉलेज में होने वाले नाटक, डिबेट और अन्य खास कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से भाग लेते थे।अमिताभ बच्चन ने अभिनय और रंगमंच का पहला पाठ फ्रेंक ठाकुर दास से ही सीखा था। फ्रेंक ठाकुर दास पंजाबी ईसाई थे। उन्होंने अपने कॉलेज में ड्रामा सोसायटी की स्थापना की थी। वे केएम कॉलेज से लगभग चार दशकों तक जुड़े रहे। फ्रेंक ठाकुर दास अपनी कक्षाएं समाप्त करने के बाद अपने ड्रामा कल्ब की गतिविधियों में व्यस्त हो जाते थे। सुबह से देर शाम तक छात्रों के बीच में रहा करते। फ्रेंक ठाकुर दास के कृतज्ञ छात्रों ने कुछ समय पहले उनके नाम पर बन रहे सभागार के निर्माण के लिए दिल खोलकर सहयोग दिया था। अमिताभ बच्चन ने खुद इस नेक काम के लिए 51 लाख रूपये की सहयोग राशि दी थी। फ्रेंक ठाकुर दास के खास शार्गिदों में सतीश कौशिक, कुलभूषण खरबंदा, शक्ति कपूर, दिनेश ठाकुर जैसे बॉलीवुड के बड़े नाम भी रहे। ये सब भी केएम कॉलेज में ही पूर्व छात्र रहे थे। उन्होंने इन सबको भी अभिनय, निर्देशन, मंच सज्जा आदि की जानकारी दी। फ्रेंक ठाकुर दास की शख्सियत बहुआयामी थी। वे इंग्लिश के भी विद्वान थे। राजधानी में देश के बंटवारे के बाद पंजाब यूनिवर्सिटी ने कैंप कॉलेज खोला था। वे वहां पॉलिटिकल साइंस और इंग्लिश पढ़ाते थे। कैंप कॉलेज इसलिए खोला गया था ताकि बंटवारे के कारण जिन शरणार्थी परिवारों के बच्चों की पढ़ाई बाधित हुई थी, वे उधर दाखिला लेकर पढ़ाई पूरी कर लें। इधर अध्यापकों को सांकेतिक मानदेय ही मिलता था। पर फिर भी फ्रेंक ठाकुर दास इसमें पढ़ाते रहे। उन्हें पता था कि किन विषम परिस्थितियों में पंजाबी शरणार्थी जिंदगी बसर कर रहे हैं। उनके नाम पर केएम कॉलेज में हर साल एक डिबेट प्रतियोगता का भी आयोजन होता है। बहरहाल, अमिताभ बच्चन की पूरी शख्सियत गरिमामय है। उसमें नकारात्मकता कतई नहीं है। ये गुण भी उन्होंने फ्रेंक ठाकुर दास से सीखा। फ्रेंक जी के पास किसी की निंदा रस लेने का वक्त नहीं था।

जनगणना भारतीय का हो जातीय नहीं आर्थिक आधार

डॉ. भरत मिश्र प्राची

हर देश की जनगणना होती है, होनी भी चाहिए। कितनी आबादी बढ़ रही है, इसी से पता चलता है। आबादी के अनुसार ही सरकार व्यवस्था, संसाधन उपलब्ध कराती है। बढ़ती आबादी किसी भी देश के लिये बोझ बन सकती है, जिसपर नियंत्रण जरूरी है। इसके लिये देश में रहने वाले लोगों की जनगणना जरूरी है पर उसके लिये जाति का आधार होना जरूरी नहीं। आर्थिक आधार हो सकता है। भारत में रहने वाले सभी भारतीय है। जिसमें नर नारी दोनों शामिल है। जनगणना से केवल यहीं जाहिर होना चाहिए कि कितने भारतीय है। देश में इस समय जातीय जनगणना का ज्यादा जोर शोर दिक्षाई दे रहा है। आजकल जाति का वर्चस्व बढ़ता हीं जा रहा है। आर्थिक एवं सामाजिक दृष्टि से समाज के कमजोर वर्ग के उत्थान हेतु जाति के आधार पर आरक्षण देने की जो परम्परा देश में शुरू हुई, आर्थिक एवं सामाजिक स्थिति बेहतर होने के बाद आज भी जारी है। इस तरह की स्थिति आज वोट बैंक से इस प्रकार जुड़ गई है जिससे इसमें बदलाव की पहल कोई भी राजनीतिक दल नहीं कर पा रहा है। आ बैल मुझे मार । इस दिशा में बदलाव की पहल करने का रिस्क कोई लेने को तैयार नहीं जिससे जातीय आरक्षण का दायरा बढ़ता हीं जा रहा है। इस दिशा में आर्थिक एवं सामाजिक उत्थान की तो अब बात हीं नहीं रही। आरक्षित वर्ग का जिसकी आर्थिक एवं सामाजिक स्थिति बहुत ही बेहतर हो गई हो, जो बड़े पदों पर आसीन होकर बेह

ईरान की बहादुर महिला नर्गिस मोहम्मदी को सलाम

एल एस हरदेनिया

नर्गिस मोहम्मदी को इस वर्ष के नोबल शांति पुरस्कार के लिए चुना गया है। उन्हें यह सम्मान ईरान में महिलाओं के शोषण के विरूद्ध और उनके मानवाधिकारों के लिए सतत संघर्ष के लिए दिया जा रहा है। यहां यह स्मरणीय है कि ईरान में महिलाओं का एक सशक्त आंदोलन तब प्रारंभ हुआ जब वहां की एक 22 वर्षीय युवती की पुलिस हिरासत में मौत हो गई। इस महिला को ईरान की तथाकथित धार्मिक पुलिस गाईडेंस पेट्रोल द्वारा गिरफ्तार किया गया था। इस घटना के बाद ईरान की महिलाओं ने एक शक्तिशाली आंदोलन प्रारंभ किया। इस आंदोलन को कुचलने के प्रयास में बहुत से लोग मारे गए। मरने वालों में 44 नाबालिग भी थे। बीस हजार से ज्यादा लोग गिरफ्तार किए गए। पुरस्कार की घोषणा करते हुए इस बात का उल्लेख किया गया कि ईरान की धार्मिक सरकार द्वारा किस तरह देश में ऐसे लोगों के विरूद्ध भारी दमन चक्र चलाया जा रहा है जो सरकार की दमनकारी नीतियों के विरूद्ध सतत अभियान चला रहे थे। इस संघर्ष में नर्गिस ने पूरी हिम्मत के साथ भाग लिया था। 51 वर्षीय नर्गिस उन 137 व्यक्तियों में से एक हैं जिन्हें शांति स्थापित करने और शोषण के विरूद्ध संघर्ष के लिए यह उच्चतम पुरस्कार प्रदान किया गया है। यह पुरस्कार सन् 1901 में स्थापित किया गया था। अब तक यह पुरस्कार नेल्सन मंडेला, मदर टेरेसा सहित कई महान हस्तियों को प्रदान किया जा चुका है। नर्गिस शांति पुरसकार पाने वाली 19वीं महिला हैं और ईरान की दूसरी। ईरान की जिस दूसरी महिला को यह पुरस्कार प्रदान किया गया उनका नाम शीरीन एबादी हैं जिन्हें सन् 2003 में यह पुरस्कार मिला था। मोहम्मदी कई वर्षों से महिलाओं पर होने वाली ज्यादतियों के विरूद्ध संघर्षरत हैं। वे इस समय 10 साल की सजा भुगत रही हैं। उन्हें ईरान की सरकार के विरूद्ध लगातार प्रचार करने के आरोप में सजा दी गई है। उनके तीन दशक लंबे संघर्ष के कारण ईरान में शिक्षा और अन्य क्षेत्रों में महिलाओं के हित के कई सुधार हुए हैं। लेकिन इसकी उन्हें भारी कीमत चुकानी पड़ी है। उन्हें अपनी आजादी, इंजीनियरिंग का अपना प्रोफेशन और अपना परिवार - बहुत कुछ खोना पड़ा है। उनके पति, जो उनके संघर्ष में उनके सहयोगी रहे, और उनकी जो जुड़वां बेटियों को उनकी विचारधारा के चलते फ्रांस में निर्वासित जीवन बिताना पड़ रहा है। वे पिछले आठ वर्षों से अपने परिवार से नहीं मिलीं हैं। उनके बेटे अली रहमानी कहते हैं कि उन्हें अपनी मां पर गर्व है। यह पुरस्कार सिर्फ मां के त्याग और बहादुरी का सम्मान नहीं है बल्कि यह पूरे ईरान की महिलाओं का सम्मान है। मोहम्मदी अब तक 13 बार गिरफ्तार की जा चुकी हैं और पांच बार सजा भुगत चुकी हैं। उन्हें कुल मिलाकर अब तक 31 साल की सजा सुनाई जा चुकी है। इसके अतिरिक्त उन्हें 154 कोड़ों की सजा भी दी गई है। जेल में रहते हुए भी वे ईरान और दुनिया की समस्याओं पर अपने क्रांतिकारी विचार व्यक्त करती रहती हैं। वे जेल से ही कई अभियान चलाती रहतीं हैं। नोबल पुरस्कार मिलने पर अपनी प्रतिक्रिया प्रगट करते हुए उन्होंने कहा कि यह सम्मान मुझमें और जोश भरेगा भले ही मुझे पूरा जीवन जेल के सींखचों के पीछे बिताना पड़े। मैं ताजिंदगी लोकतांत्रिक अधिकारों, आजादी और समानता के लिए लड़ती रहूंगी। यह पुरस्कार मुझे और ज्यादा दृढ़ प्रतिज्ञ और आशावादी बनाएगा। मेरे संघर्ष को दी गई यह मान्यता ईरान के नागरिकों के बदलाव के लिए जारी संघर्ष को और तीव्र, मजबूत और संगठित बनाएगी। मुझे पूरा विश्वास है कि अंततः हमारी जीत होगी।

जी-20 पार्लियामेंट्री स्पीकर्स समिट का आयोजन आईआईसीसी के नवर्निमित भवन में होगा

विनोद तकियावाला

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 13 अक्टूबर को जी -20 पार्लियामेंट्री स्पीकर्स समिट का उद्घाटन करेंगे विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत का इन दिनों वैश्विक राजनीतिक मानचित्र पर अपना इतिहास स्वर्णिम अक्षरों में अंकित कर रहा है।जिसकी चहुँ दिशाओं में चर्चा हो रही है।चाहे वह चन्द्रयान 3 का सफल प्रक्षेपण हो सूर्य पर आदित्या एल 1या जी-20 सम्मेलन सफल आयोजन का रहा हो या आधी आबादी को लोक तंत्र मन्दिर भारतीय संसद के दोनो सदनों द्वारा नारी शक्ति वंदन आरक्षण बिल को सता पक्ष - विपक्ष द्वारा पारित किया गया। चीन में ऐशियाई खेल में100 से अधिक पदकों विजय श्रीसेहरा पहन कर तिरंगा को फहराया।इसी विजयश्री की इस श्रंखला में भारत एक बार फिर से जी 20 सम्मेलन का पार्लियामेंट्री स्पीकर्स दो दिवसीय 13 -14 अक्तुबर 23 सम्मेलन का आयोजित करने जा रहा है। इस अर्न्तराष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारम्भ हमारे यशस्वी प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी 13 अक्टूबर को नई दिल्ली स्थित आई आई सी सी के नवर्निमित भवन द्वारका में जी-20 पार्लियामेंट्री स्पीकर्स समिट का उद्घाटन करेंगे।इस कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी विगत शुक्रवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के द्वारा दी गई ।दो दिवसीय पी20(जी-20 पार्लियामेंट्री स्पीकर्स समिट 13 - 14अक्तुबर 23 को नवर्निमित इंडिया इन्टरनेशनल कन्वेशन एण्ड एक्सपो सेन्टर(आई आई सी.सी) यशोभुमि द्वाराका नई दिल्ली में आयोजित किया जा रहा है।इस सम्मेलन में 26 राष्ट्रपति10 उपराष्ट्रपति,50 सांसद और 14 जनरल सेक्रेट्री सम्मिलित होंगे। पहली बार इस पैन अफ्रीकन पार्लियामेंट के प्रेसिडेंट भारत में पी-20 कार्यक्रम में शामिल होंगे। सम्मेलन का मुख्य आर्कषण इन विषयों पर रहने वाला है। 9वीं पी-20 सम्मलेन का मुख्य विषय एक पृथ्वी, एक परिवार,एक भविष्य के लिए संसद रखा गया है सम्मलेन में जी-20 देशों के अलावा 10 अन्य देश और अंतराष्ट्रीय संगठन भाग लेंगे पैन अफ़्रीकी संसद के अध्यक्ष पहली बार भारत में पी-20 कार्यक्रम में भाग लेंगे 12 अक्टूबर 2023 को सम्मेलन से पहले LiFE (पर्यावरण के लिए जीवन शैली) पर एक संसदीय फोरम आयोजित किया जाएगा लोकसभा अध्यक्ष ओम विरला ने पत्रकारो को बताया कि इस दो दिवसीय कार्यक्रम में पी-20 समिट सहित चार उच्च स्तरीय सत्र आयोजित किए जाएंगे।

इस सम्मेलन का मुख्य उदेश्य वसुधैव कुटुम्बकम- एक पृथ्वी, एक परिवार,एक भविष्य की भावना के साथ,भारत का लक्ष्य अधिक समावेशी,शांतिपूर्ण और न्यायसंगत विश्व की दिशा में जटिल वैश्विक मुद्दों का सर्वसम्मत पर आधारित समाधान प्रदान करना है। विदित रहे कि पी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान चार उच्च स्तरीय सत्रों का आयोजन किया जाएगा,जो निम्नलिखित हैं

(1) एस डी जी (स्छत्र)के लिए एजेंडा 2030ः उपलब्धियों का प्रदर्शन,प्रगति में तेजी लाना (2)सतत ऊर्जा परिवर्तनः हरित भविष्य के प्रवेश द्वार

(3)लैंगिक समानता को मुख्यधारा में लानाः महिला सशक्तिकरण एवं महिलाओं के नेतृत्व में विकास

(4)सार्वजनिक डिजिटल प्लेटफार्मों के माध्यम से लोगों के जीवन में परिवर्तन।

इन सत्रों में जी-20 सदस्यों और अतिथि देशों को साथ लाकर 卐संसद किस प्रकार पी-20 के उद्देश्यों को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ा सकती है卐 विषय पर व्यापक विचार-विमर्श होगा।

इस साल के विधानसभा व अगले साल के लोकसभा चुनाव की तैयारी में कांग्रेस

डॉ श्रीगोपाल नारसन

इस साल के विधानसभा चुनाव कांग्रेस व भाजपा के लिए लोकसभा चुनाव का सेमीफाइनल होगा।लोकसभा चुनाव से पहले 5 राज्यो में हो रहे विधानसभा चुनाव में अपना शक्ति प्रदर्शन कर चुनाव का सेमी फाइनल खेलने में विपक्षी गठबंधन इंडिया जुट गया है।इसी मिशन को पूरा करने के लिए कांग्रेस ने अपनी जनआक्रोश यात्रा से मध्यप्रदेश में धमाकेदार एंट्री की है। कांग्रेस इस बार दिल्ली-मुम्बई के चुनावी प्रोफेशनल के सहारे मध्यप्रदेश में अपनी चुनावी धार तेज कर चुकी हैं। चुनावी रणनीति के तहत अब कांग्रेस ने नया पैंतरा खेला है, उसने अपने सारे टिकट रोक दिये है और पूरी भाजपा सूचियों के इंतजार में वेट एंड वाच की स्थिति में हैं। कांग्रेस की तैयारी हैं कि वह कुछ सीटों पर भाजपा के उपेक्षित और टिकट सूची से बाहर कर दिये नेताओं, मंत्रियों व विधायकों को भी चुनाव मैदान में उतार कर भाजपा का खेला कर दे। तभी तो इस बार कांग्रेस ने मध्यप्रदेश में अपनी सत्ता वापसी की तैयारी पूरे होमवर्क के साथ की हैं। इसके लिये प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने दिल्ली-मुम्बई के प्रोफेशनल भी काम पर लगाये है और एक-एक सीट का चुनावी गणित भी समझा दिया है। कांग्रेस के प्रोफेशनल ने कांग्रेस के संभावित उम्मीदवारों के साथ ही भाजपा के संभावित उम्मीदवार का डाटा भी एकत्र किया हैं। इसके अलावा उन्होंने भाजपा के मंत्री, विधायक या दिग्गज नेताओ का टिकट कटने पर उन्हें कांग्रेस से टिकट देकर चुनाव मैदान में उतारने पर संभावित परिणामों का भी आंकलन किया हैं। इसी कारण अब कांग्रेस ने अपनी उम्मीदवारी की सूची रोक ली है और भाजपा की सूचियां जारी होने का इंतजार कर रही हैं। कांग्रेस ने अपने संभावित उम्मीदवारों को बता भी दिया है कि टिकट मिले तो ठीक न मिले तो भी उन्हें संतुष्ट रहना होगा। कांग्रेस की सरकार बनने पर उन सभी का ध्यान रखा जायेगा ,जो टिकट का त्याग करेंगे।इसीलिये पार्टी के प्रति वफादारी को सर्वोच्च प्राथमिकता देंने की नसीहत दी गई है, ताकि सत्ता में कांग्रेस की वापसी हो सकें।

वही छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस ने बड़ा फैसला लिया है। चुनाव प्रचार समिति की पहली बैठक में 90 विधानसभा और 11 लोकसभा क्षेत्र के लिए प्रभारियों की नियुक्ति की गई है। कांग्रेस ने 11 लोकसभा क्षेत्र में 22 प्रभारियों को अलग-अलग विधानसभा क्षेत्र की जिम्मेदारी सौंपी है। प्रदेश की सभी 90 विधानसभा क्षेत्र में 90 प्रभारियो की नियुक्ति की गई है। छत्तीसगढ़ के प्रदेश कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन में चुनाव प्रचार समिति की बैठक आयोजित की गई ।बैठक में छत्तीसगढ़ चुनाव प्रचार समिति के अध्यक्ष चरण दास महंत, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज समेत प्रदेश कार्यसमिति के सभी सदस्य मौजूद रहे। विधानसभा चुनाव के लिए प्रत्याशियों के नामो की घोषणा से पहले सभी विधानसभा क्षेत्रों में पार्टी नेताओं व कार्यकर्ताओं की नाराजगी को दूर करने में लगी है। यही कारण है कि असंतुष्ट नेताओं को संगठन में जिम्मेदारी सौंपी जा रही है।छत्तीसगढ़ के 11 लोकसभा क्षेत्रो में 22 प्रभारी की नियुक्त किए गए है। रायपुर लोकसभा क्षेत्र में प्रतिमा चंद्राकर और दीपक दुबे, महासमुंद में दीपक मिश्रा और सकलेन कामदार, राजनांदगांव में शहीद खान और पीआर खूंटे, दुर्ग में गिरीश देवांगन और जितेंद्र साहू, कांकेर में रवि घोष और बीरेश ठाकुर, बस्तर में नीना रावतिया और यशवर्धन राव, कोरबा में प्रशांत मिश्रा और द्वितेश मिश्रा, रायगढ़ में वासुदेव यादव और चुन्नीलाल साहू, जांजगीर चांपा में सुमित्रा घृतलहरे और चंद्रशेखर शुक्ला, बिलासपुर में सीमा वर्मा और कन्हैया अग्रवाल, सरगुजा में फूलकेरिया भगत और जेपी श्रीवास्तव को प्रभारी बनाया गया है। कांग्रेस पार्टी ने जिन्हें प्रभारी बनाया है वह सभी छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष और महासचिव पदों पर आसीन हैं। राजस्थान में होने जा रहे विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस पार्टी एकजुट होकर सरकार रिपीट करने में जुट गई है। 53 सीटें ऐसी हैं, जो कांग्रेस के लिए पिछले तीन बार से हार का सबब बनी हैं।इनमें 28 सीटें अति कमज़ोर हैं। जिन पर फोकस करके कांग्रेस चुनावी तैयारी में जुटी है, अबकी बार कांग्रेस का बीजेपी से कड़ा मुकाबला होगा और दोनो के बीच कांटे की टक्कर रहेगी।राजस्थान में मिशन रिपीट को लेकर कांग्रेस पूरी तैयारी में है। माना जा रहा कि प्रदेश की सभी 200 विधानसभा सीटों पर कांग्रेस अगले महीने तक अपने उम्मीदवार चुनावी मैदान में उतार देगी। इसको लेकर कांग्रेस पार्टी की कवायद अब अंतिम चरण में हैं। विधानसभा चुनाव में टिकट के लिए दावेदारी जता रहे उम्मीदवारों के लिए जिला स्तर पर आवेदन मांगे गए थे। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की बैठक के बाद आवेदन से वंचित रह गए दावेदारो ने जिला स्तर पर भी आवेदन किया हैं। प्रदेश चुनाव समिति के सदस्यों के साथ चर्चा कर प्रत्याशियों के नामों का पैनल तैयार करके पीसीसी को सौंपा जाना है और फिर हाईकमान अंतिम फैंसला करेगा।

टिकट दावेदारों का फाइनल राउंड

दावेदारों के साथ वन टू वन चर्चा करके उनसे पूछा गया कि उन्हें टिकट क्यों दिया जाए ? साथ ही कांग्रेस की नीतियों और योजनाओं के बारे में भी पूछा जा रहा है। दावेदारों की संख्या ज्यादा होने के कारण चुनाव समिति के सदस्य भी दावेदारों के इंटरव्यू ले रहे हैं। इंटरव्यू के बाद स्क्रीनिंग कमेटी के समक्ष आवेदन पेश किए जाएंगे। चुनाव समिति प्रत्येक विधानसभा सीट से 3-3 नामों का फाइनल पैनल तैयार कर रही है। इस पैनल के आधार पर ही कांग्रेस हाईकमान प्रत्याशियों को सूची जारी करेगा। तेलंगाना राज्य में इस साल के अंत में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए सभी राजनीतिक दलों ने तैयारी शुरू कर दी है।विभिन्न बैठकों का दौर जारी है। तेलंगाना में पिछड़े वर्ग से संबंधित कांग्रेस नेताओं ने एक बैठक की,जिसमे यहां 119 विधानसभा सीटों में से कम से कम 34 सीटें पिछड़ा वर्ग उम्मीदवारों को दी जानी चाहिए।दावा किया जा रहा है कि जल्द ही कांग्रेस उम्मीदवारों की लिस्ट जारी कर सकती है। राज्य में पार्टी की प्रचार समिति के प्रमुख और पूर्व सांसद मधु याशकी गौड़ ने कहा, 卐पीसीसी अध्यक्ष ने घोषणा की थी कि आगामी विधानसभा चुनावों में पिछड़ा वर्ग उम्मीदवारों को कम से कम 34 सीटें दी जानी चाहिए।वही बहुजनों की भूमिका के बिना सरकार का गठन नहीं हो सकता। बैठक में पूर्व मंत्री पोन्नाला लक्ष्मैया, पूर्व सांसद वी हनुमंत राव, तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस कमिटी के कार्यकारी अध्यक्ष महेश कुमार गौड़ और आदि उपस्थित रहे। कांग्रेस नवंबर-दिसंबर में यहां होने वाले चुनावों के लिए जी-जान से जुट गई है और वह अब चुनावों के लिए उम्मीदवारों के चयन की प्रक्रिया चल रही है। तेलंगाना इस बार कांग्रेस के लक्ष्य में है। यहां पार्टी ने पूरी ताकत झोंक दी है। यही वजह है कि पिछले दिनों पार्टी ने वर्किंग कमिटी की बैठक का आयोजन तेलंगाना में ही किया था। यहां पार्टी लगातार मौजूदा केसीआर सरकार को घेर रही है।राहुल गांधी ने मीडिया से बातचीत में कहा था, 卐हम तेलंगाना जीत सकते हैं। यहां बीजेपी मुकाबले में भी कहीं नहीं है।

तेलंगाना विधानसभा में कुल 119 सीटें हैं, इनमें 19 एससी और 12 एसटी वर्ग के लिए रिजर्व हैं।सन 2018 विधानसभा चुनाव में तेलंगाना में बीआरएस ने 88 सीटों पर जीत दर्ज की थी।अभी बीआरएस यानि भारत राष्ट्र समिति के प्रमुख के. चंद्रशेखर राव प्रदेश के मुख्यमंत्री हैं। तब कांग्रेस ने 19, एआईएमआईएम ने 7, टीडीपी ने 2 और बीजेपी ने 1 सीट पर जीत हासिल की थी।इसकारण कांग्रेस यहां प्रमुख विपक्षी दल है,जो सत्ता में आने के लिए जीजान से जुटी है। मिजोरम सहित पूर्वोत्तर के सभी राज्यों में कांग्रेस की लंबे समय तक मजबूत पकड़ रही है जो पिछले कुछ चुनावों से ढीली पड़ती चली गई । मिजोरम के पिछले विधानसभा चुनावों में कांग्रेस को 40 में से 5 सीटें ही मिल सकी थीं, जबकि 2013 में कांग्रेस ने मिजोरम में 34 सीटें हासिल की थीं। ऐसे में कांग्रेस एक बार फिर अपने मजबूत गढ़ को वापस पाने की कोशिश में जुट गई है।इस बाबत बुलाई बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, पार्टी के संगठन महासचिव के सी वेणुगोपाल , मिजोरम प्रदेश प्रभारी भक्त चरणदास, प्रदेश अध्यक्ष लालसावता सहित वहां के कई बड़े नेता शामिल हुए। कांग्रेस मिजोरम में अपनी वापसी के लिए समाज के अलग-अलग हिस्सों से जुड़े लोगों को अपने साथ लाने की कवायद कर रही है। मिजोरम में मुख्य सचिव के पद से रिटायर हुए लालनुनमाविया चुआंगो ने कांग्रेस का हाथ थाम लिया है। सन1987 बैच के गुजरात कैडर के पूर्व अधिकारी चुआंगो के साथ ही राज्य के जाने-माने टीवी एंकर वन्नेहथांगा वंचावंग और सीनियर जर्नलिस्ट लालरेमरूता रेंथलेई भी कांग्रेस में शामिल हो गए।माना जा रहा है कि इनके जुड़ने से मिजोरम में कांग्रेस वापस मजबूत होगी। फिलहाल प्रदेश में मिजो नेशनल फ्रंट सत्ता में है। मीटिंग के बाद कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने ट्वीट किया था कि मिजोरम के हमारे नेता राज्य में बदलाव चाहते हैं। राज्य को स्थिरता और विकास देने में कांग्रेस का रिकॉर्ड रहा है और प्रदेश के नेता एक बार फिर राज्य में विकास एवं जनकल्याण का एक नया दौर रचने के लिए तैयार हैं। इसके लिए हम वहां हरसंभव कोशिश करेंगे।कांग्रेस की इस बैठक में चुनाव की तैयारियों, रणनीतियों और अहम मुद्दों पर शुरुआती चर्चा हुई थी, आने वाले समय में वहां चुनाव की रणनीति और मुद्दों को अंतिम रूप दिया जाएगा। बैठक में सुझाव आया था कि अगर कांग्रेस वहां अपने मौजूदा आधार से ऊपर 10 फीसदी वोट पाने में कामयाब हो जाती है तो वह सरकार बनाने की स्थिति में रहेगी। पिछले चुनावों में कांग्रेस को एमएनएफ की तुलना में लगभग आठ फीसदी वोट कम मिला था। एमएनएफ को जहां 26 सीटों के साथ 37.7 फीसदी वोट मिला था तो वहीं कांग्रेस को 29.9 फीसदी वोटों के साथ पांच सीटें मिली थीं। पिछली बार उसे 2013 की तुलना में 14.6 फीसदी वोटों और 29 सीटों का नुकसान हुआ था। बैठक में कहा गया कि भारत जोड़ो यात्रा के बाद कांग्रेस के प्रति लोगों के बीच इमेज बदली है। राहुल गांधी का क्रेज बढ़ा है। प्रदेश नेताओं की ओर प्रचार में राहुल गांधी और खरगे से आने की विशेष मांग की गई थी।जिससे कांग्रेस में नई जान आई है।

कांग्रेस 2024 के लोकसभा चुनाव में 370 सीटों पर ही अपने प्रत्याशी उतारेगी। लोकसभा की कुल 543 सीटों में से बाकी की 173 सीटों पर वह सहयोगी दलों को समर्थन दे सकती है। अगर ऐसा हुआ तो यह पिछले पांच लोकसभा चुनाव में पहली बार होगा, जब कांग्रेस 400 से कम सीटों पर चुनाव लड़ेगी।

पार्टी कितनी सीटों पर चुनाव लड़ेगी, यह कुछ दिनों में साफ हो जाएगा।बेंगलुरु में हुई भाजपा विरोधी 26 राजनीतिक दलों की मीटिंग में इस मुद्दे पर भी बात हुई थी। कांग्रेस अपनी तरफ से खुले दिल से बात और काम करने को तैयार है।कांग्रेस इस बार पिछले कुछ चुनाव की तुलना में कम सीटों पर भी लड़ने को तैयार हैं, ताकि उसके साथी दल यह न सोचें कि उनके जीतने की संभावना का वह ध्यान नहीं रख रही है। लेकिन यह 'बलिदान' तब ही संभव हो पाएगा, अगर बाकी दल मिलजुल कर एक साझा न्यूनतम कार्यक्रम के लिए सहमत हो जाएं।इस बात पर सबको राजी होना होगा कि अन्य विपक्षी दल भी ठीक इसी तरह खुले मन से कांग्रेस की मदद करेंगे।

गुजरात, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, असम, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक, राजस्थान और उत्तराखंड जैसे नौ बड़े राज्य, जिनमें 152 लोकसभा सीटें हैं, उन पर भाजपा और कांग्रेस की सीधी टक्कर होनी है। इन प्रदेशों की सीटों पर कोई दूसरी पार्टी कांग्रेस को मदद नहीं कर सकती है।विपक्षी पार्टियों के एक साथ आने के कारण जिन राज्यों में भाजपा को सबसे ज्यादा नुकसान हो सकता है, उनमें असम, हरियाणा,कर्नाटक, झारखंड और पश्चिम बंगाल राज्य शामिल है,जहां भाजपा विरोधी मतों का विभाजन नहीं होगा।

पिछले चुनाव में इन 5 राज्यों की कुल 133 सीटों में से सिर्फ 7 सीटों पर ही कांग्रेस और सहयोगी पार्टियों को जीत मिली थी। वहीं भाजपा ने 89 सीटों पर जीत दर्ज की थी।अब कांग्रेस ने वह लोकसभा सीटें चिह्नित कर ली हैं जिन पर कांग्रेस कैंडिडेट्स के जीतने की सबसे ज्यादा संभावनाएं हैं।दिल्ली में सात में से चार सीटें कांग्रेस आप को दे सकती हैं,दिल्ली में जहां भाजपा का सातों सीटों पर कब्जा है, इस बात पर सहमति बन सकती है कि आम आदमी पार्टी चार सीटों पर लड़े और बाकी तीन पर कांग्रेस को चुनाव मैदान में आए। ठीक उसी तरह पंजाब में कांग्रेस कुल 13 सीटों में से 6 सीटों पर ही अपने कैंडिडेट्स उतारने को तैयार होती नजर आ रही है। उत्तर प्रदेश में कांग्रेस 10-20 सीटों की मांग रख सकती है। बाकी बची सीटें समाजवादी पार्टी और राष्ट्रीय लोक दल के कैंडिडेट्स के लिए छोड़ी जा सकती हैं। बिहार में पिछली बार कांग्रेस ने 9 सीटों पर चुनाव लड़ा था और सिर्फ एक पर ही जीत सकी थी। इस बार कांग्रेस अपने खाते में से 2-3 सीटें राष्ट्रीय जनता दल और जनता दल (यूनाइटेड) को दे सकती है। सभी गैर भाजपा दलों के लिए आज करो या मरो की स्थिति है। इनके नेताओं को अपने निजी हित से ऊपर उठकर सोचने का समय आ गया है। कांग्रेस से जितने नेताओं को भाजपा में जाना था, वो चले गए, पर कांग्रेस अभी भी काफी मजबूत तरीके से अस्तित्व में है। बाकी दलों को तो भाजपा खत्म कर रही है और यह चुनाव उनके अस्तित्व का चुनाव है। कांग्रेस के शीर्ष नेता जिनमें सोनिया गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी शामिल हैं, प्रधानमंत्री के पद के लिए अड़े नहीं हैं। कांग्रेस पार्टी अपनी तरफ से आगे बढ़ कर दूसरों दलों के हितों के बारे में सोच रही है। आम आदमी पार्टी ने कहा कि उनको हमारा साथ चाहिए भाजपा सरकार के अधिनियम के खिलाफ राज्य सभा में आवाज उठाने के लिए तो हम तैयार हो गए। जबकि हमारे कुछ सीनियर साथी इसके खिलाफ थे। इसी तरह हमने खुद से आगे बढ़ कर कह दिया है कि हमें प्रधानमंत्री की कुर्सी नहीं चाहिए। न ही हमें इस गठबंधन का नेतृत्व करना है। बाकी जिस दल का नेता आगे आना चाहता है, उसका स्वागत है। नीतीश, शरद पवार , ममता बनर्जी ऐसे और भी नेता हैं जो इस गठबंधन का नेतृत्व कर सकते हैं।पिछले चुनाव में कांग्रेस 421 सीटों पर लड़ी, 52 पर जीती1999 में कांग्रेस ने 453 सीटों पर अपने कैंडिडेट्स उतारे थे। जिनमें से 114 जीते थे। 2004 में कांग्रेस 417 सीटों पर लड़ी थी जिसमें से 145 जीती थी, जबकि 2009 में कांग्रेस ने 440 सीटों पर चुनाव लड़ा और 206 सीटों पर जीत मिली थी।वही सन 2014 में कांग्रेस 464 सीटों पर लड़ी और सिर्फ 44 सीटे जीत पाई थी। सन2019 के चुनाव में कांग्रेस 421 सीटों पर लड़ी और 52 पर ही जीती। लेकिन इस बार बदलाव होने के आसार है,बशर्ते एका रहे।

अधिनायकवाद के खिलाफ बिगुल फूंकने वाले लोकनायक जयप्रकाश नारायण

कुमार कृष्णन

राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर के शब्दों में। कहते हैं उसको जयप्रकाश जो नहीं मरण से डरता है

ज्वाला को बुझते देख, कुंड में स्वयं कूद जो पड़ता है.
है जयप्रकाश वह जो न कभी सीमित रह सकता घेरे में

अपनी मशाल जो जला बांटता फिरता ज्योति अंधेरे में.हां जयप्रकाश है नाम समय की करवट का, अंगड़ाई का
भूचाल, बवंडर, के दावों से, भरी हुई तरुणाई का
है जयप्रकाश वह नाम जिसे इतिहास समादार देता है
बढ़कर जिनके पदचिह्नों को उर पर अंकित कर लेता है

राष्ट्रकवि दिनकर ने इन पंक्तियों के माध्यम से लोकनायक जयप्रकाश नारायण को पूरे व्यक्तित्व को रेखांकित किया है।

जयप्रकाश नारायण आधुनिक भारत के इतिहास में एक अनोखा स्थान रखते हैं क्योंकि वह अकेले ऐसे व्यक्ति हैं जिनको देश के तीन लोकप्रिय आंदोलनों में सक्रिय रूप से भाग लेने का अनोखा गौरव प्राप्त है। उन्होंने न केवल अपने जीवन जोखिम में डालते हुए भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान ब्रिटिश औपनिवेशिक शासकों के खिलाफ लड़ाई लड़ी, बल्कि सत्तर के दशक में भ्रष्टाचार और अधिनायकवाद के खिलाफ आंदोलन का नेतृत्व किया और इसके पहले 50 और 60 के दशकों में लगभग दस वर्षों तक भूदान आन्दोलन में भाग लेकर हृदय परिवर्तन के द्वारा बड़े पैमाने पर सामाजिक परिवर्तन लाने का कार्य भी किया। उनका जन्म 11 अक्टूबर 1902 को बिहार के सारण जिले के सिताब दियारा गाँव में हुआ था। 1920 में 18 वर्ष की उम्र में अपनी मैट्रिक परीक्षा पूरी करने के बाद वे पटना में काम करने लगे थे। उसी वर्ष उनका विवाह प्रभावती से हुआ। राष्ट्रवादी नेता मौलाना अबुल कलाम आजाद द्वारा अंग्रेजी शिक्षा त्याग देने के आह्वान पर परीक्षा से मुश्किल से 20 दिन पहले उन्होंने पटना कॉलेज छोड़ दिया, और डॉ राजेंद्र प्रसाद द्वारा स्थापित एक कॉलेज, बिहार विद्यापीठ, में शामिल हो गए। 1922 में अपनी पत्नी प्रभावती को महात्मा गांधी के साबरमती आश्रम में छोड़कर जयप्रकाश नारायण कैलिफोर्निया के बर्कले विश्वविद्यालय में पढ़ने के लिए रवाना हुए। अमेरिका में अपनी उच्च शिक्षा के खर्चों के लिए उन्होंने खेतों, बूचड़खानों, कारखानों और खदानों आदि में छोटे मोटे कार्य किये। अपने काम और अध्ययन के चरण के दौरान, उन्हें श्रमिक वर्ग की कठिनाइयों की करीबी जानकारी मिली। एम एन रॉय के लेखन से प्रभावित उनको यह यकीन था कि मानव समाज की मुख्य समस्या धन, संपत्ति, पद, संस्कृति और अवसरों में असमानता थी और समय बीतने से यह ख़तम होने वाली नहीं थी। विदेशों में अपनी शिक्षा पूरी करने के बाद जब वह 1929 में भारत लौटे तो उनके विचारों और दृष्टिकोण में कार्ल मार्क्स का स्पष्ट प्रभाव था। भारत वापस आते वक़्त लंदन में और भारत में उनकी मुलाकात कई कम्युनिस्ट नेताओं से हुई जिनके साथ उन्होंने भारत की स्वतंत्रता और क्रांति के मुद्दों पर काफी चर्चा की। हालांकि उन्होंने भारतीय भारतीय कम्युनिस्टों के विचारों का समर्थन नहीं किया जो राष्ट्रीय कांग्रेस की स्वतंत्रता की लड़ाई के विरुद्ध थे। जवाहर लाल नेहरू के आमंत्रण पर 1929 में वे भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस में शामिल हो गए, उसके पश्चात उन्होंने भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाई। ब्रिटिश शासन के खिलाफ सविनय अवज्ञा आन्दोलन में सक्रिय रूप से भाग लेने पर 1932 में उन्हें जेल में बंद कर दिया गया। 1932 में नासिक जेल में अपने कारावास के दौरान वे राम मनोहर लोहिया, अशोक मेहता, मीनू मसानी, अच्युत पटवर्धन, सी के नारायणस्वामी और अन्य नेताओं के साथ घनिष्ठ संपर्क में आए। इस संपर्क ने उन्हें कांग्रेस सोशलिस्ट पार्टी (सीएसपी) में शामिल होने के लिए प्रेरित किया जो आचार्य नरेन्द्र देव की अध्यक्षता में कांग्रेस पार्टी के भीतर बाएं झुकाव का एक समूह था। दिसंबर 1939 में सीएसपी के महासचिव के रूप में, जयप्रकाश ने लोगों से आह्वान किया कि द्वितीय विश्व युद्ध का फायदा उठाते हुए भारत में ब्रिटिश शोषण को रोका जाय और और ब्रिटिश सरकार को उखाड़ फेंका जाय। इस वजह से उन्हें 9 महीनों के लिए जेल में डाल दिया गया था। अपनी रिहाई के बाद उन्होंने महात्मा गांधी और सुभाष चंद्र बोस से मुलाकात की। भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन को मजबूत करने के लिए उन्होंने दोनों नेताओं के बीच एक मैत्री लाने की कोशिश की, लेकिन उस में वे सफल नहीं हो सके।

बाद में अगस्त 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान जयप्रकाश नारायण के अन्य उत्कृष्ट गुण सामने आए। जब सभी वरिष्ठ नेताओं को गिरफ्तार कर लिया गया था तब उन्होंने राम मनोहर लोहिया और अरुणा आसफ अली के साथ मिल कर चल रहे आन्दोलन का प्रभार ले लिया था। हालांकि वह भी लंबे समय तक जेल से बाहर नहीं रह पाए और जल्द ही उन्हें भारत रक्षा नियम, जोकि एक सुरक्षात्मक कारावास कानून था और जिसमें सुनवाई की जरूरत नहीं थी, के तहत गिरफ्तार कर लिया गया। उन्हें हजारीबाग सेंट्रल जेल में रखा गया था। जेपी ने अपने साथियों के साथ जेल से भागने की योजना बनाना शुरू कर दिया। जल्द ही उनका अवसर नवंबर 1942 की दीवाली के दिन आया जब एक बड़ी संख्या में गार्ड त्योहार की वजह से छुट्टी पर थे। बाहर निकलने का यह एक साहसी कृत्य था जिसने जेपी को एक लोक नायक बना दिया।

इस अवधि में भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के लिए जेपी ने भूमिगत रूप में सक्रिय रूप से काम किया। ब्रिटिश शासन के अत्याचार से लड़ने के लिए नेपाल में उन्होंने एक आज़ाद दस्ता (स्वतंत्रता ब्रिगेड) बनाया। कुछ महीनों के बाद सितंबर 1943 में एक ट्रेन में यात्रा करते वक़्त उन्हें पंजाब से गिरफ्तार कर लिया गया था और स्वतंत्रता आंदोलन की महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त करने के लिए ब्रिटिश अध

संक्षिप्त समाचार

हाईवे की आधी सड़क खोदकर पुलिया निर्माण, हादसे की आशंका

बदायूं। भगवतीपुर क्षेत्र में एमएफ हाईवे की आधी सड़क खोदकर पीडब्ल्यूडी के क्षतिग्रस्त पुलिया का निर्माण करा रहा है। इससे रास्ता संकरा हो गया है। खुली सड़क पर बल्लियां और उन पर रेडियम जरूर जरूर लगाई गई है लेकिन रात के समय ये बल्लियां दिखाई नहीं देतीं। निर्माण से अंजान चालक हादसे का शिकार हो सकते हैं। शनिवार को ही एक बाइक सवार ट्रैक्टर-ट्रॉली की चपेट में आने से बच गया। मामले की जानकारी के लिए कई बार एक्सईएन मनीष सिंह को मोबाइल फोन पर कॉल की गई लेकिन उनका फोन नहीं उठा।

जल जीवन मिशन की परियोजनाओं का विवाद निस्तारित न होने आयुक्त नाराज

बस्ती। जल जीवन मिशन की परियोजनाओं से जुड़े जमीन एवं अन्य विवाद का पटाक्षेप न होने पर आयुक्त अखिलेश सिंह ने नाराजगी जताई है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि इन परियोजनाओं से संबंधित भूमि विवाद एवं पेट कटान के मामले तत्काल निस्तारित कराए जाए। आयुक्त सोमवार को जल जीवन मिशन की समीक्षा कर रहे थे। बताया गया कि बस्ती में 15 तथा संत कबीर नगर में दो स्थानों पर पेड़ कटान के मामले लंबित है। जबकि बस्ती में 47, सिद्धार्थनगर में 14 तथा संत कबीर नगर में 67 प्रस्तावित स्थलों पर भूमि संबंधी मामले लंबित है। उन्होंने कार्यदाई संस्थाओं को निर्देशित किया है कि वे मिटीरियल तथा मशीन मौके पर उपलब्ध कराकर कार्य शुरू करवाए। यदि कोई विवाद सामने आता है, तो स्थानीय प्रशासन उसका निस्तारण कराएगा। उन्होंने कहा कि जहां जलभराव की समस्या है, वहां पर पंप लगाकर पानी निकलवाया जाए। कहा कि 4 अक्तूबर को मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया था कि प्रोजेक्टवार नोडल अधिकारी नामित करें। इसका पालन सुनिश्चित कराया जाए। उन्होंने पाया कि संत कबीर नगर में पानी की टंकी का निर्माण कार्य धीमा पाया जाने पर अधिशासी अभियंता को तेजी लाने के निर्देश दिए। विद्युत संबंधी दो मामले आने पर निर्देशित किया कि पोल शिफ्टिंग का पैसा जमा कराकर प्रकरण समाप्त कराए। 216 परियोजनाओं का कार्य अनारंभ होने पर उन्होंने अधिशासी अभियंताओं को माह के अंत तक कार्य शुरू कराने का निर्देश दिया है। इस मौके पर जेडीसी पद्मकांत शुक्ला, अपर आयुक्त प्रशासन राजीव पांडेय, सीआरओ ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी, एडीएम संतकबीर नगर जयप्रकाश, सिद्धार्थनगर से एसडीएम कुणाल आदि मौजूद रहे।

उपभोक्ता आयोग में लंबित हैं 799 मामले

औरैया। सिधारी स्थित उपभोक्ता आयोग में वर्तमान में कुल 799 वाद लंबित हैं। जनवरी में दर्ज हुए मुकदमों की संख्या 151 रही है। जिसमें से 118 मुकदमों का निस्तारण हुआ। फरवरी और मार्च महीने में उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष पद पर किसी की तैनाती न होने के कारण किसी भी मुकदमे का निस्तारण नहीं हो सका। अप्रैल महीने में अध्यक्ष की तैनाती हुई तो कुल 724 मामले लंबित थे। मई माह में 75 मामले दर्ज हुए।मई से लेकर अगस्त तक कुल 52 मुकदमों का निस्तारण हुआ। अगस्त माह से लेकर अब तक 747 मामले लंबित हैं। जबकि सितंबर का पूरा महीना अधिवक्ताओं की हड़ताल में निकल गया। जिसके कारण एक भी मुकदमे का निस्तारण नहीं हुआ।

केस एक

आदेश होने के बाद भी पीड़ित के मामले का निस्तारण नहीं

उपभोक्ता आयोग के समक्ष एक ऐसा मामला आया जिसमें आदेश होने के बाद भी पीड़ित के मामले का निस्तारण नहीं हुआ। बूढ़नपुर पीड़ित नंदराम चौहान ने आयोग को बताया कि उसका क्षेत्रीय गांधी आश्रम बूढ़नपुर पर 14 लाख रुपये बकाया है। कई तारीखों में मुकदमा चला। इसके बाद आयोग ने नंदराम चौहान के पक्ष में फैसला देते हुए गांधी आश्रम बूढ़नपुर को उसे 14 लाख रुपये देने का आदेश दिया।

काफी दिन बीतने के बाद भी जब गांधी आश्रम की ओर से नंदराम को पैसा नहीं दिया गया तो वह फिर आयोग की शरण में पहुंचा। आयोग ने तहसीलदार बूढ़नपुर को उक्त रकम की वसूली कर नंदराम को देने का आदेश दिया। लेकिन तहसीलदार बूढ़नपुर द्वारा भी इस मामले में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। तब एक बार फिर नंदराम आयोग की शरण में पहुंचा। आयोग ने इस मामले में तहसीलदार बूढ़नपुर के खिलाफ प्रकीर्ण वाद वाद दर्ज कराया।

केस दो

धान का बीज खराब निकलने पर दो लाख 10 हजार देने का आदेश

चिरकिहिट गांव निवासी अविनाश राय ने आयोग में बताया कि ठेकमा बाजार स्थित मौर्या बीज भंडार से पांच जून 2008 को उन्होंने 7900 रुपये देकर धान का बीज लिया जो बेकार निकल गया। इस पर उन्होंने मौर्या भंडार और पीएचआई सीड्स लिमिटेड हैदराबाद आंध्रप्रदेश के खिलाफ मुकदमा दायर कर आरोपी बनाया। सुनवाई के बाद आयोग की ओर से आदेश पारित किया गया कि 30 दिन के अंदर दो लाख 10 हजार रुपये नौ प्रतिशत ब्याज की दर से 20 हजार रुपये आर्थिक, मानसिक शारीरिक क्षति के रूप में उन्हें दिया जाए।

पुलिस का गजब कारनामा- जिंदा है मकान मालकिन और विवेचना में दिखा दिया मृत

आगरा। जगदीशपुरा पुलिस ने जिंदा मकान मालकिन को मृत बताकर विवेचना में गड़बड़ी की। पीड़िता ने मामले में डीसीपी सिटी से शिकायत की, जिसके बाद मामले में जांच के आदेश दिए गए हैं। आगरा के थाना जगदीशपुरा पुलिस ने एक विवेचना में खेल कर दिया। जिंदा मकान मालकिन को विवेचना में मृत दर्शा दिया। इससे मकान पर अवैध कब्जेदार काबिज हैं। आवास विकास परिषद की टीम भी मकान खाली नहीं करा सकी है। अब मामला डीसीपी सिटी सूरज राय के पास पहुंचा तो उन्होंने जांच के आदेश किए हैं। सेक्टर 12ए में 162 वर्ग मीटर का एक मकान है। आवास विकास परिषद के अधिशासी अभियंता ने थाना जगदीशपुरा में केस दर्ज कराया। आरोप लगाया कि राजकुमार ने मकान पर कब्जा किया है। मकान का आवंटन खंदारी के आजाद नगर निवासी राजेश कुमार गुप्ता और उनकी पत्नी संगीता गुप्ता के नाम पर किया गया।

सकेंगे वाहन; इन मार्गों पर न जाएं

बोलीं, मैं शिक्षिका हूं...

मामले में विवेचना विवेचक वीर सिंह ने की। आरोपी राजकुमार के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया। मगर, इसमें लिखा कि संगीता गुप्ता की मृत्यु हो गई है। इस बात की जानकारी संगीता और उनके पति को हुई तो वह पुलिस आयुक्त के पास गए। संगीता ने कहा कि वह शिक्षिका हैं। गलत विवेचना कर आरोपपत्र दाखिल किया गया है। बताया कि आरोपी ने अपनी पत्नी के नाम पर फर्जी तरीके से रजिस्ट्री करा ली है। पुलिस आयुक्त ने एसीपी लोहामंडी को जांच के आदेश किए हैं। पूर्व में प्रशासन की टीम मकान खाली कराने गई थी लेकिन बिना खाली कराए लौट आई थी।

जांच कराई जा रही

डीसीपी सिटी सूरज राय ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। जांच कराई जा रही है। विवेचना में दरोगा की लापरवाही मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। आवास विकास परिषद की ओर से प्रपत्र प्रस्तुत किए जाएंगे तो कब्जा मुक्त कराया जाएगा।

बेटी के जन्म के चार दिन बाद पिता की हत्या, खेत में मिला कंकाल, कुत्ते नोच रहे थे...

आगरा। बेटी के जन्म के चार दिन बाद ही पिता की हत्या कर दी गई। आगरा में पिनाहट थाना क्षेत्र में चंबल के घाट पर उसका कंकाल मिला। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में सिर में गोली मारकर हत्या किए जाने की बात सामने आई है। एटा के थाना निधौली कलां क्षेत्र के गांव होर्ची निवासी लालता प्रसाद एक सप्ताह पहले लापता हुआ था। तभी से परिजन तलाश में जुटे हुए थे, लेकिन कोई सुराग नहीं मिल सका था। सोमवार को उसका कंकाल आगरा में मिलने की खबर मिली। बेटी के जन्म के चार दिन बाद पिता की हत्या की खबर मिलने के बाद परिवार में चीख पुकार मच गई। वहीं गांव में काफी गमगीन माहौल है।

टैक्सी चलाता था

ग्राम प्रधान सुनील कुमार ने बताया कि लालता प्रसाद लंबे समय से नोएडा, गाजियाबाद और हरियाणा में टैक्सी चलाता आ रहा है। एक सप्ताह पहले युवक की कार को आगरा के लिए कुछ लोग बुकिंग करके लेकर आए। यह बात इसलिए साबित हो रही है कि युवक की कार जिला आगरा थाना बाह क्षेत्र में एक गांव के पास नाली में फंसी पाई गई। इसको पुलिस ने ग्रामीणों की सूचना पर बरामद किया था। लेकिन चालक के रूप में रहे लालता प्रसाद का कोई सुराग नहीं मिल सका था। तब कार पर लिखे नंबर पर कॉल करके पुलिस ने संपर्क किया। तब परिजनों को जानकारी हुई कि लालता प्रसाद लापता है।

परिवार के लोग कर रहे थे तलाश

इसके बाद थाना बाह में ही परिजन की ओर से गुमशुदगी दर्ज कराई गई। बताया कि तभी से परिजन और पुलिस युवक की तलाश कर रहे थे, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिल पा रही थी। सोमवार को वहां एक कंकाल बरामद हुआ जिसकी पहचान परिजन ने जाकर की है। प्रधान का कहना है कि युवक के लापता होने के बाद उसकी पत्नी ने चार दिन पहले ही एक बेटी को जन्म दिया है। जबकि दो बच्चे पहले से हैं।

बजरंग दल द्वारा आयोजित शौर्य यात्रा रामलीला मैदान में शांतिपूर्वक संपन्न ,प्रशासन ने ली राहत की सांस

(सत्य प्रकाश पांडेय)

अंबेडकरनगर। अवध प्रान्त द्वारा 24 अन्य जनपदों में भ्रमण करते हुए बजरंगदल के तत्वाधान में निकली शौर्य यात्रा आज बड़े ही जोश खरोश के साथ अम्बेडकरनगर की सीमा में प्रवेश किया जगह जगह स्वागत कर क्रम में इल्तिफ़ातगंज में अजय मोदी,बृजेश वर्मा,पंकज कसौधन,ओम पांडे आदि के नेतृत्व में बड़ी संख्या में माताओं बहनों सहित नगर के सम्मानित नगर वासियों में और अगर चलकर एनटीपीसी गेट के पास और फिर मखदुमनगर में गुरु प्रसाद,राम प्रसाद,रवि जायसवाल के साथ दिव्य आरती कर नगर बासियो ने सन्तो का आशिर्वाद प्राप्त किया!

टाण्डा नगर में आयोजित विशाल सन्त सभा के लिए नगर में प्रवेश करते ही जिला संयोजक आलोक चौरसिया, जिला मंत्री विकास मौर्या, प्रान्त सत्संग प्रमुख श्याम बाबू के नेतृत्व में हजारों मोटरसाइकिलों व सैकड़ो दो पहिया वाहन से रामभक्तों ने गाजे बाजे के साथ गगन चुम्बी जय श्रीराम,हर हर महादेव,देश का बल बजरंगदल, राष्ट्र हित मे काम करेंगे भेदभाव को नही सहेंगे के नारों से गुंजायमान किया!

नगर में भ्रमण करते हुए सन्तो का समागम टाण्डा के पुराने रामलीला मैदान पहुची जहां पहले से मैदान को लबालब भरे जनपदवासियों ने जोरदार अगुवानी करते हुए ज्यश्रीराम का उद्घोष करते स्वागतम स्वागतम के नारे लगाते रहे!

मंच का संचालन प्रांत सत्संग प्रमुख श्याम बाबू व जिला मंत्री विकास मौर्या जी मे किया!

दीप प्रज्ववन प्रान्त संगठन मंत्री राजेश सिंह,जिला सहह चालक ओम प्रकास काबरा ने किया अतिथि परिचय,सन्तो का मंचीय स्वागत होते हुए शुरू हुआ उद्बोधन का दौर तो सन्तो ने सनातन संस्कृति से लेकर देश धर्म समाज पर हो रहे अभद्र टिप्पड़ियों के प्रति उवस्थित जनमनास को अवगत कराते हुए कहा कि जहां एक तरफ विधर्मियो द्वारा छोटी सी बात पर सर तन से जुदा कर दिया जाता है वही हम अपने देवी देवताओं के विषय मे अनाप शनाप बातों को भी सहन कर लेते है और यही उनको बढ़ावा देने का काम करते है एक बार कहना पड़ेगा गरज कर की हम हिन्दू है हिंदुस्तान हमारा है इस बात का एहसास कराना पड़ेगा कि हम किसी को छेड़ते नही क्योंकि हम शांति के उपासक है और धर्म पर आंच आने पर क्रांति का मार्ग अपनाने में कोई कोर कसर नही छोड़ते!

श्याम बाबू ने संचालन करते हुए बताया कि हमारी सनातन संस्कृति जिसे सदियों से मिटाने का प्रयास कभी कंस ने किया तो कभी अहंकारी विश्व पर विजय प्राप्त करने की शक्ति रखने वाला रावण तो कभी सत्ता मद में डूबे मुलायम जैसे लोग यही नही केंद्र में कइ दशकों तक सत्ता सुख भोगने वाली कांग्रेश पर किसी को जान से हाथ धोना पड़ा तो किसी का अहंकार ले डूबा आज पूरे देश मे बजरंगियो ने इस यात्रा के माध्यम से विधर्मियो और सत्ता के लिए छटपटा रहे उन लोगो को जिन्हें हिंदुओ को गाली देकर और उन्हें आपस मे बाटकर हमारे ही ऊपर अपनी चाबुक चलाना चाहते है जन्हें ये चेतावनी भी है कि हम हिन्दू को कमजोर आंकने की गलती न करें क्योंकि जब हिन्दू जागता है वो ये तन से जुदा होने की बात नही देखता बल्कि महाप्रलय लाने की साहस रखता है हमने दिखाया भी है वो चाहे रामजन्मभूमि का विषय हो य राम सेतु को सुरक्षित करने का अमरनाथ श्राइन बोर्ड की जमीन वापस लेने की बारी हो य कश्मीर के ।लाल चौक पर तिरंगा फहराने का!

कटरा कुटी के पूज्य चिन्मयानंद जी महाराज ने कहा कि हम डंके की चोट और सीना ठोककर कहने वाले लोग है कि यही भारत मे रहना है तो वंदेमातरम तो कहना ही कहना है हमारी सनातन संस्कृति की भी इज्जत करना पड़ेगा

अन्यथा गम्भीर परिणाम भुगतना पड़ेगा क्यों हम तब तक शांत रहते है जक तक हमारी सहन शक्ति साथ देता है जब सब्र की सीमा पार होती है तो हम परिणाम अपने पक्ष में लाना जानते है!

राजेश जी ने कहा सबको एकता के सूत्र में रहना होगा क्योंकि एक बार फिर सनातन संस्कृति को मिटाने का सपना देखने का प्रयास हो रहा है उन्हें उन्ही की भाषा में जबाब देने की जरूरत है!

मुख्य वक्ता के रूप में प्रदीप जी छेत्रिय धर्म प्रसार प्रचार प्रमुख रहे उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा यह देश धर्म प्रधान देश है यहां धर्म की प्रमुखता है और धर्म के नाम पर सर कटाने के में लोग हिचकते नही ऐसा हमने रामजन्मभूमि,गौरक्षा हेतु करके दिखाया है और इसी आधार पर हम सब डंके की चोट पर कहते है हमारी धार्मिक मानविन्दुओ पर अगर कोई विधर्मी चोट पहुचाने का प्रयास किया तो हम सब आगे आकर अपने संघर्ष के बल पर उसका प्रतिकार करते है!

पूर्ण मिदा मंत्र के पश्चात समापन की घोषणा हुई फिर सभी लोग चौक में खड़ी हनुमान जी का आरती कर जिला मुख्यालय के लिए बिदाई की गई

कार्यक्रम मे जिला अध्यक्ष विहिप प्रदीप पांडे,भाजपा निबर्तमान जिला मिथलेश त्रिपाठी,जिला पंचायत अध्यक्ष साधु वर्मा,शिवकुमार व्यापार मंडल जिला अध्यक्ष, रमेश गुप्ता, शूभम मोदनवाल जिला उपाध्यक्ष विहिप,संजय पांडे जिला सह मंत्री,जिला संरक्षक ओम प्रकास सिंह,राम कुमार मोदनवाल,चेयर मैन किछौछा ओमकार गुप्ता,जिला धर्माचार्य प्रमुख अखिलेश श्रीवासत्व,जिला उपाध्यक्ष युवा ब्यापार मंडल अभिषेक गुप्ता, श्रीकान्त बजाज, राकेश गौड़,सूर्यजीत वर्मा,सन्तोष खत्री,सिंकू मांझी,आदित्य मौर्य, दीपक ,जयपाल मौर्य,श्रीकृष्ण,दीपू टण्डन,उषा गुप्ता,पुष्पा,निर्मला,गगन सहित हजारों संख्या में लोग मौजूद रहे!

महिला अधिवक्ता ने दरोगा पर लगाया अभद्र व्यवहार का आरोप

गोरखपुर। महिला अधिवक्ता ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर डीजीपी को पत्र भेज कर दरोगा के विरुद्ध केस दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। उसने डीजीपी व मुख्यमंत्री पोर्टल पर भी शिकायत दर्ज कराई है। पीड़िता ने अधिवक्ता समूह के साथ दरोगा पर केस दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है। गोरखपुर चौरीचौरा क्षेत्र की रहने वाली महिला अधिवक्ता ने दरोगा पर अभद्र व्यवहार करने का आरोप लगाया है। महिला अधिवक्ता ने सीओ को प्रार्थना पत्र देकर शिकायत की है।

सीओ ने जांच शुरू कर दी है। ग्राम राघोपुर निवासी महिला अधिवक्ता सत्यभामा ने सीओ चौरीचौरा को पत्रक देकर आरोप लगाया है कि चौरीचौरा थाने में तैनात दरोगा बिना किसी सूचना के सड़क पर मेरे साथ अभद्र व्यवहार करते हुए देख लेने की धमकी दी। आरोप है कि दरोगा ने महिला अधिवक्ता को हापुड की घटना याद करने की बात बताते हुए धमकी दी।

लखनऊ-ऐशबाग के बीच बदले रूट से जाएंगी ट्रेनें, यहां देखें समय सारणी

गोरखपुर। पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल पर बुढ़वल-सीतापुर खंड स्थित बुढ़वल-सुढ़िया मऊ स्टेशनों के मध्य दोहरीकरण कार्य के चलते बुढ़वल स्टेशन पर एक सप्ताह तक ट्रेनों का ठहराव नहीं होगा। इस रूट पर 07 से 15 अक्तूबर तक प्री-नॉन इंटरलॉक एवं 16 से 19 अक्तूबर तक नॉन इंटरलॉक कार्य होना है। पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल के ऐशबाग-लखनऊ सिटी स्टेशनों के मध्य ब्रिज सं. 470 पर गर्डर लगाए जाने के लिए ब्लॉक दिए जाने के कारण गाड़ियों को मार्ग परिवर्तन, रि-शिड्यूलिंग एवं नियंत्रित करके चलाया जाएगा। ये जानकारी सीपीआरओ पंकज कुमार सिंह ने दी।

मार्ग परिवर्तन

गाड़ी सं. 22534 यशवंतपुर-गोरखपुर एक्सप्रेस 13 अक्तूबर को परिवर्तित मार्ग मानकनगर-लखनऊ-मल्हौर के रास्ते चलाई जाएगी।

गाड़ी सं. 15046 ओखा-गोरखपुर एक्सप्रेस 17 अक्तूबर को परिवर्तित मार्ग मानकनगर-लखनऊ-मल्हौर के रास्ते चलाई जाएगी।

रि-शिड्यूलिंग

गाड़ी सं. 12532 लखनऊ जं.-गोरखपुर एक्सप्रेस 13, 14 एवं 15 अक्तूबर को लखनऊ जं. से 35 मिनट एवं 20 अक्तूबर को 85 मिनट रि-शिड्यूल कर चलाई जाएगी।

गाड़ी सं. 15070 ऐशबाग-गोरखपुर एक्सप्रेस 13, 14 एवं 15 अक्तूबर को ऐशबाग से 25 मिनट तथा 20 अक्तूबर को 80 मिनट रि-शिड्यूल कर चलाई जाएगी।

गाड़ी सं. 15204 लखनऊ जं.-बरौनी एक्सप्रेस 13, 14 एवं 15 अक्तूबर को लखनऊ जं. से 105 मिनट एवं 16, 17, 18, 19 अक्तूबर को 145 मिनट तथा 20 अक्तूबर को 165 मिनट रि-शिड्यूल कर चलाई जाए।

गाड़ी सं. 22531 छपरा-मथुरा एक्सप्रेस 13 अक्तूबर को छपरा से 205 मिनट एवं 16, 18, 20 अक्तूबर को 255 मिनट रि-शिड्यूल कर चलाई जाएगी।

गाड़ी सं. 12107 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-सीतापुर एक्सप्रेस 15 अक्तूबर को लोकमान्य तिलक टर्मिनस से 90 मिनट तथा 17 एवं 19 अक्तूबर को 150 मिनट रि-शिड्यूल कर चलाई जाएगी।

ये गाड़ियां नियंत्रित कर चलेंगी

गाड़ी सं. 19716 गोमतीनगर-जयपुर एक्सप्रेस 16 एवं 18 अक्तूबर को मार्ग में 15 मिनट नियंत्रित कर चलाई जाएगी।

गुरसहायगंज स्टेशन पर रुकेगी छपरा-फर्रूखाबाद एक्सप्रेस

रेल प्रशासन ने यात्रियों की सुविधा के लिए 15083/15084 छपरा-फर्रुखाबाद-छपरा एक्सप्रेस का गुरसहायगंज स्टेशन पर 02 मिनट का ठहराव प्रदान किया है। छपरा से 17 अक्तूबर से चलने वाली 15083 छपरा-फर्रुखाबाद एक्सप्रेस गुरसहायगंज स्टेशन पर 11:33 बजे पहुंचकर 11:35 बजे प्रस्थान करेगी। फर्रुखाबाद से 17 अक्तूबर से चलने वाली 15084 फर्रुखाबाद-छपरा एक्सप्रेस गुरसहायगंज स्टेशन पर 15:20 बजे पहुंचकर 15:22 बजे प्रस्थान करेगी। यह जानकारी सीपीआरओ पंकज कुमार सिंह ने दी है।

बुढ़वल स्टेशन पर एक सप्ताह तक नहीं रुकेंगी गाड़ियां

पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल पर बुढ़वल-सीतापुर खंड स्थित बुढ़वल-सुढ़िया मऊ स्टेशनों के मध्य दोहरीकरण कार्य के चलते बुढ़वल स्टेशन पर एक सप्ताह तक ट्रेनों का ठहराव नहीं होगा। इस रूट पर 07 से 15 अक्तूबर तक प्री-नॉन इंटरलॉक एवं 16 से 19 अक्तूबर तक नॉन इंटरलॉक कार्य होना है। इसके चलते सभी गाड़ियों का बुढ़वल स्टेशन पर ठहराव 12 से 19 अक्तूबर तक नहीं रहेगा। यह जानकारी सीपीआरओ पंकज कुमार सिंह ने दी है।

सफाई कर्मचारी ने एडीओ पंचायत पर लगाया उत्पीड़न का आरोप, केस दर्ज

गोरखपुर। एडीओ पंचायत अखिलेश चंद का कहना है कि सफाई कर्मचारी को रोस्टर के अनुसार काम करने का निर्देश दिया था। वह ज्यादातर अनुपस्थित रहते हैं और ड्यूटी के दौरान कई बार शराब का भी सेवन करते पाया गया। जिसकी रिपोर्ट विभाग के अधिकारियों को दी है। इसी वजह से सफाई कर्मचारी ने केस लिखवाया है। गोरखपुर गगहा विकास खंड में तैनात सफाई कर्मचारी ने सहायक विकास अधिकारी पंचायत (एडीओ) पर उत्पीड़न और पेरोल के लिए रुपये मांगने का आरोप लगाया है। पुलिस केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक, सफाई कर्मचारी धर्मेंद्र कुमार ने मंगलवार को पुलिस को तहरीर देकर एडीओ पंचायत अखिलेश चंद उर्फ बबलू पर गंभीर आरोप लगाया। उन्होंने बताया कि वह विकलांग है और विभागीय कार्यों का निर्वहन भी करते हैं। बावजूद इसके पेरोल बनाने के नाम पर उनसे रुपये की मांग की जाती है। विरोध करने पर वेतन रोकने व निलंबित कराने की धमकी दी जाती है। गगहा पुलिस ने तहरीर के आधार पर जानमाल की धमकी और एससीएसटी एक्ट के तहत केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। सफाई कर्मचारी द्वारा मंगलवार को सहायक विकास अधिकारी के खिलाफ केस दर्ज कराए जाने की चर्चा विभाग में होती रही। एडीपीआरओ आशुतोष कुमार सिंह ने गगहा ब्लॉक मुख्यालय पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली और उच्चाधिकारियों को अवगत कराया।

गोरखपुर में सड़क से हटीं रोडवेज की बसें...परिसर में खड़ी हुई तो खत्म हो गया जाम

गोरखपुर। गोरखपुर डिपो एआरएम महेश चंद्र ने कहा कि रेलवे बस स्टेशन के सामने बसें नहीं खड़ा करने का निर्देश सभी चालक-परिचालक को दिया गया है। इसका सख्ती से पालन कराएंगे। बस स्टेशन के बगल में वर्कशाप खाली है, सभी बसों को वहीं खड़ा करा रहे हैं। रेलवे बस स्टेशन के सामने अब रोडवेज की बसें खड़ी नहीं होंगी। मंगलवार की शाम को रोडवेज प्रशासन ने सख्ती के साथ बसों को परिसर में खड़ा कराया। जो बसें कहीं से आई थीं और खाली हो गई उसे वर्कशाप में भेजा गया। जिसके बाद लोगों को जाम से राहत मिल गई। लोग फर्राटे से गाड़ियां चलाते गुजरे। एडीजी जोन और कमिश्नर ने शहर को जाम से राहत दिलाने के लिए एक्शन प्लान बनाया था। जिसके तहत रोडवेज प्रशासन को साफ तौर पर निर्देश दिया गया कि सड़क पर बसें खड़ा नहीं हों। लेकिन, अधिकारियों ने ध्यान ही नहीं दिया। अमर उजाला ने सड़क पर खड़ी बसों और उधर से गुजरने वाले लोगों की समस्या को प्रमुखता से प्रकाशित किया था। जिसके बाद हरकत में रोडवेज प्रशासन ने मंगलवार को बसों को हटवाना शुरू कर दिया। एआरएम महेश चंद ने खुद मोर्चा संभाला और कर्मचारियों को लगवाकर बसों को बस स्टेशन परिसर में खड़ा करा दिया। रेलवे स्टेशन तक सड़क की दोनों पटरियों पर धमाचौकड़ी मचाने वाली रोडवेज की बसें अब गोरखपुर डिपो की वर्कशाप में खड़ी होने लगी हैं। सड़क पर बसें खड़ी नहीं होने से जाम हट गया। इसके साथ ही रोडवेज प्रशासन ने सख्त निर्देश दिए हैं कि अब सड़क पर बसों को खड़ा कर सवारी नहीं चढ़ाई जाएगी। इसकी रोजाना वे मानीटरिंग करेंगे। साथ ही कर्मचारियों की शिफ्ट वार ड्यूटी लगा दी है। शाम के सात बजे सड़क खाली नजर आई। बस स्टेशन के सामने ही टूर एंड ट्रेवेल्स के संचालक राजेश ने कहा कि बसें सड़क से हट गईं तो जाम लगा ही नहीं। ऐसी व्यवस्था रोजाना हो, तब जाकर लोगों को राहत मिलेगी। जनरल स्टोर की दुकान के मालिक सुनील ने कहा कि बसें रोजाना दुकान के सामने खड़ा कर देते थे। ग्राहक आते ही नहीं थे। आज बसें हट गईं तो सुकून मिला है। राहगीर सुशील पांडेय ने बताया कि रेलवे स्टेशन से घर जा रहे थे, आज तो लगा ही नहीं कि बस अड्डे के सामने से जा रहे हैं। गोरखपुर डिपो एआरएम महेश चंद्र ने कहा कि रेलवे बस स्टेशन के सामने बसें नहीं खड़ा करने का निर्देश सभी चालक-परिचालक को दिया गया है। इसका सख्ती से पालन कराएंगे। बस स्टेशन के बगल में वर्कशाप खाली है, सभी बसों को वहीं खड़ा करा रहे हैं।

भू माफिया कमलेश ने सैनिक से भी की जालसाजी, केस दर्ज

गोरखपुर। रुद्रापुर गांव के रहने वाला भू माफिया कमलेश यादव ने अपने साथी वाराणसी, मौलवीबाग सिगरा के चित्तूपुर में रहने वाले अरुण कुमार की मदद से 13 लाख रुपये लेकर रुद्रापुर गांव में भूमि बैनामा किया। बैंक से कर्ज लेकर पति ने उस भूमि पर मकान बनवा लिया। जनवरी 2023 में पता चला कि यह भूमि सीलिंग की है। कूटरचित दस्तावेज तैयार करके भू माफिया व उसके साथियों ने रुपये हड़प लिए हैं। भू माफिया कमलेश ने अपने साथियों की मदद से जालसाज कर सीलिंग की भूमि बेच दी। जम्मू में तैनात सैनिक ने बैंक से कर्ज लेकर मकान बनवा लिया। जालसाजी की जानकारी होने पर सैनिक की पत्नी ने पुलिस अधिकारियों को तहरीर दी। पुलिस केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। जानकारी के मुताबिक, देवरिया जिले के बरहज, नेनुआ की रहने वाली रीना देवी ने एम्स थाना पुलिस को दी तहरीर में लिखा है कि पति संजय यादव सेना में हवलदार हैं। इस समय उनकी तैनाती जम्मू में है। आरोप है कि रुद्रापुर गांव के रहने वाला भू माफिया कमलेश यादव ने अपने साथी वाराणसी, मौलवीबाग सिगरा के चित्तूपुर में रहने वाले अरुण कुमार की मदद से 13 लाख रुपये लेकर रुद्रापुर गांव में भूमि बैनामा किया।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा साक्षरता शिविर का आयोजन संपन्न

(सत्य प्रकाश पांडेय)

अंबेडकरनगर,उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ द्वारा प्रेषित प्लान आफ एक्शन 2023-24 के अनुपालन में श्री राम सुलीन सिंह, माननीय जनपद न्यायाधीश / अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अम्बेडकरनगर के आदेशानुसार एवं श्री कमलेश कुमार मौर्य, अपर जिला जज / सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अम्बेडकरनगर कि निर्देशानुसार संयुक्त जिला चिकित्सालय, अम्बेडकरनगर में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। इस विधिक साक्षरता शिविर में डा0 ओम प्रकाश, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, संयुक्त जिला चिकित्सालय अम्बेडकरनगर श्री रमेश राम त्रिपाठी, चीफ लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल श्री शरद पाण्डेय, असिस्टेट लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल, सुश्री बुतूल जेहरा, असिस्टेट लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल एवं संयुक्त जिला चिकित्सालय के कर्मचारीगण आदि द्वारा प्रतिभाग किया गया।

कार्यक्रम में बोलते हुये श्री रमेश राम त्रिपाठी चीफ लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल ने मानसिक स्वास्थय विषय पर प्रकाश डालते हुये बताया कि प्रत्येक वर्ष 10 अक्टूबर को पूरे विश्व में मानसिक स्वास्थ्य दिवस के तौर पर मनाया जाता है। इसका उद्देश्य लोगों को मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर जागरूक करना है और मानसिक बीमारियों के बारे में जानकारी प्रदान करना है। वर्ष 1992 में संयुक्त राष्ट्र के उप महासचिव रिवर्ड इंटर और वर्ल्ड फेडरेशन फॉर मेंटल हेल्थ ने इसकी पहल की थी। आज मानसिक विकार पूरे विश्व में एक गंभीर समस्या है, विश्व स्वास्थय संगठन के अनुसार मानसिक समस्याओं से ग्रसित व्यक्तियों की संख्या अनुमानित 450 मिलियन है, भारत में लगभग 1.5 मिलियन व्यक्ति, जिनमें बच्चे एवं किशोर भी शामिल हैं मानसिक समस्या हमारे महसूस करने, सोचने एवं काम करने के तरीको को प्रभावित करती है इससे ग्रसित व्यक्ति असामान्य व्यवहार करने लगता है एवं उसे अपनी दैनिक दिनचर्या हेतु भी संघर्ष करना पड़ता है, कोविड-19 महामारी के दौरान हुये लाकडाऊन, सामाजिक दूरी नौकरियां जाना, स्कूल-कालेजों का बंद होना, लोगों का महानगरों से पलायन करना, दैनिक दिनचर्या पर पडते दुष्प्रभाव पूरे समय घरों में बंद रहना व किसी से भी न मिल पाना, अपना अधिकांश समय टीवी, मोबाइल आदि के साथ व्यतीत करना आदि करणों ने हमारे मानसिक स्वास्थय को बुरी तरह प्रभावित किया। मानसिक समस्याओं के अन्तर्गत अवसाद, चिंता, परेशानी, तनाव आदि आते हैं जिन पर हम खुलकर बात नहीं कर पाते और अधिक परेशान हो जाते हैं इसके बचाव एवं उपचार के तौर पर हम योगा एवं व्यायाम, मनोवैज्ञानिक से सलाह, काउंसलिंग, भरपूर नींद लेना, अकेला न रहने का प्रयास करना, अपना समय ऐसे लोगों के साथ विताना जिन से हम खुलकर बात कर सकते हैं. उचित एवं स्वास्थ्यवर्धक खानपान, एवं अपनी दैनिक दिनचर्या में बदलाव करके हम मानसिक समस्याओं से छुटकारा पा सकते हैं।

श्री शरद पाण्डेय असिस्टेट लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल द्वारा शिविर में उपस्थित लोगों को बताया गया कि आजकल की इस दौड़ती भागती जिंदगी में हर कोई मानसिक दबाव से गुजर रहा है लेकिन बहुत कम लोग ही इसे अहमियत देते हैं इस अनदेखी के कारण वह मेंटल स्ट्रेस, डिप्रेशन, एंजाइटी से लेकर हिस्टीरिया, डिमेशिया, फोबिया जैसी मानसिक बीमारी का शिकार हो जात हैं दुनिया भर में मानसिक स्वास्थ्य की महत्ता को समझाने के लिये आज के दिन यानी 10 अक्टूबर को विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस मनाया जाता है। भारत सरकार ने देश में मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ते दुष्प्रभाव को कम करने के लिये वर्ष 1982 में राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्य

संक्षिप्त समाचार

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष पर मुकदमा चलाने के विरोध में प्रदर्शन

बलिया। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के ऊपर मुकदमा दर्ज करने के विरोध कांग्रेसियों ने कलक्ट्रेट में विरोध प्रदर्शन किया और राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के प्रतिनिधि एसडीएम को सौंपा। जिसमें प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष का नाम मुकदमे से वापस लेने की मांग की गई। ज्ञापन में उल्लेख है कि पांच अक्तूबर 2015 को अन्याय प्रतिकार यात्रा के नामजद पचासी लोगों में से 81 आरोपियों का नाम वापस लेकर राजनीतिक प्रतिशोधवश प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पर मुकदमा चला रही है। जिसका कांग्रेस पार्टी विरोध करती है। जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यवाहक अध्यक्ष उमाशंकर पाठक ने कहा कि एक ओर भाजपा सनातन की बात करती है तो वहीं दूसरी ओर सनातन धर्म के संतों पर हुए अत्याचार के खिलाफ आवाज उठाने वाले कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय पर मुकदमा चलाना सरकार की दूषित मानसिकता को प्रकट करता है। विरोध प्रदर्शन करने वालों में जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि विनोद सिंह, ओम प्रकाश तिवारी, जैनेंद्र पांडेय मिंटू, सोनम विंद, आरिफ खान, संतोष चौबे, सिद्धनाथ तिवारी, मुखिया पांडेय, राहुल चौबे, दिग्विजय सिंह छोटू, रुपेश चौबे, रामेश्वर तिवारी, धनजी पांडेय, भैया लल्लू सिंह, ऊषा सिंह, अबूल फैज, गिरीश कांत गांधी, अभिनव तिवारी गोलू, श्रीप्रकाश मिश्र, अभिजीत तिवारी सत्यम, पारस वर्मा, मनीष, गोलू, राजेश पटेल, अभिषेक पाठक, बैजनाथ राम, हरीश कुमार, अजय कुमार, नन्हें मिश्रा आदि शामिल रहे।

सभासद पर अभद्रता का आरोप लगा धरने पर बैठे डॉक्टर

बांदा।। सीएचसी पर ओपीडी में मरीज देख रहे डॉक्टर के साथ सभासद की ओर से अभद्रता किए जाने का आरोप लगाकर डॉक्टर व अन्य कर्मचारी सोमवार को धरने पर बैठ गए। घंटों चले इस विवाद के दौरान मरीज बेहाल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामला शांत कराया। सीएचसी की ओपीडी में सोमवार को मरीजों की भीड़ लगी थी। इसी बीच डॉ. योगेंद्र मौर्य कक्ष का दरवाजा बंद कर मरीज देख रहे थे। तभी वहां अचानक नगर पंचायत के सभासद व एक अन्य पहुंच गए। सभासद ने कक्ष का दरवाजा खोलने की बात कही। देखते ही देखते अचानक विवाद शुरू हो गया। डॉक्टर ने सभासद पर अभद्रता का आरोप लगाकर धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया। मौके पर पुलिस के पहुंचने तक धरना जारी रहा। पुलिस को डॉक्टर ने तहरीर दी। तब जाकर धरना समाप्त हुआ। लेकिन इसके चलते कई मरीज परेशान होकर निराश लौट गए। डॉक्टर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि ओपीडी के दौरान नगर पंचायत का एक कर्मचारी करंट से झुलस कर वहां पहुंचा था। उसका इलाज कर वार्ड में भर्ती किया जा चुका था। लेकिन इसी बीच उसका हाल जानने पहुंचे सभासद व उनके समर्थक ने पहले मरीज से मुलाकात की, इसके बाद मरीजों की भीड़ के बीच डॉक्टर के कक्ष में घुसने लगे। चिकित्सक का आरोप है कि सभासद ने पैर मारकर पहले दरवाजा खोला फिर उनसे अभद्रता करने लगे। इससे नाराज डॉक्टरों व अन्य कर्मियों ने धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया। इस मामले में सभासद का कहना है कि उन्होंने कोई अभद्रता नहीं की है। वह बस दरवाजा खुलवा रहे थे। प्रभारी कोतवाल अमित मिश्रा ने बताया कि तहरीर मिली है, जांच कर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

युवती को दिल्ली ले जाकर मंगेतर ने किया दुष्कर्म, नौ महीने रखा साथ, गर्भवती होने पर घर से निकाला

बरेली। रिश्ता तय होने के बाद मंगतेर ने युवती को दिल्ली ले जाकर उसके साथ कई बार दुष्कर्म किया। गर्भवती होने पर गर्भपात कराने का दबाव बनाया। विरोध करने पर उसकी पिटाई कर घर से निकाल दिया। बरेली में रिश्ता तय होने के बाद एक युवक मंगेतर को कॉस्मेटिक की दुकान पर काम करने की बात कहकर दिल्ली ले गया। वहां नौ महीने तक उसे अपने साथ रखा और उसके साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता की शिकायत के बाद एसएसपी के आदेश पर कैंट थाने में पांच लोगों पर रिपोर्ट की गई है। युवती ने बताया कि डेढ़ साल पहले उसकी मां ने शादी तय कर दी थी। छह महीने के बाद शादी की रजामंदी हो गई। आरोपी युवक लगातार युवती से फोन पर बात करने लगा। युवक और उसके परिजन दिल्ली में रहकर काम करते हैं।

कई बार बनाए शारीरिक संबंध

13 फरवरी को युवक उसके परिजनों को मनाकर उसे दिल्ली में कॉस्मेटिक की दुकान पर काम करने का लालच देकर साथ ले गया। वहां युवती आरोपी युवक के साथ रहती रही। आरोपी ने उसकी इच्छा के विरुद्ध कई बार शारीरिक संबंध बनाए। वह गर्भवती हो गई। गर्भवती होने की बात उसने परिजनों को बताई। मंगेतर के घरवाले गर्भपात करने का दबाव बनाने लगे। विरोध करने पर 23 सितंबर को आरोपी युवक व उसके परिजनों ने गालीगलौज व मारपीट कर युवती को कमरे से भगा दिया। वे शादी करने के लिए रुपयों की मांग करने लगे। एसएसपी के निर्देश पर कैंट पुलिस ने आरोपी राजा, उसकी मां गुलजाना, पिता नसीम सलमानी, भाई भूरा और अजीम निवासी लक्ष्मीपुर थाना बिसौली जिला बदायूं के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

टायर बदलते समय कंटेनर की चपेट में आकर लोडर चालक, मौत

बस्ती। प्रभारी निरीक्षक राणा देवेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि मृतक के परिजनों को सूचना दी गई है। वाहनों को कब्जे में लेकर शव को पीएम के लिए भेज दिया है। बस्ती जिले में हाइवे पर महूघाट चौराहे के पास मंगलवार सुबह टायर बदल रहे लोडर के चालक की कंटेनर की चपेट में आने से मौत हो गई। मृतक लखनऊ के इटौजा क्षेत्र का रहने वाला था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करने के लिए भेज दिया है। दुर्घटना के बाद बस्ती से अयोध्या लेन पर वाहनों की लंबी कतारें लग गई। इस दौरान करीब आधा घंटा यातायात बाधित रहा। लखनऊ के इटौजा थाना क्षेत्र के लखनऊ टाउन निवासी बृजेश सिंह (30) मैजिक गाड़ी पर कृषि विभाग का कागजात लादकर लखनऊ से बिहार जा रहे थे। महूघाट चौराहे के पास अचानक गाड़ी के पीछे का बायां टायर फट गया। चालक बृजेश गाड़ी खड़ी कर पहिया बदलने लगा। तभी अयोध्या से बस्ती की ओर जा रहे तेज रफ्तार कंटेनर ने बृजेश को रौंद दिया। दुर्घटना देख वहां पर लोगों की भारी भीड़ जुट गई। दुर्घटना के बाद कंटेनर चालक गाड़ी छोड़कर फरार हो गया। पुलिस क्रेन की मदद से कंटेनर व मैजिक गाड़ी को थाने ले गई। प्रभारी निरीक्षक राणा देवेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि मृतक के परिजनों को सूचना दी गई है। वाहनों को कब्जे में लेकर शव को पीएम के लिए भेज दिया है।

बुखार के 123 व डेंगू के नौ मरीज मिले

बाराबंकी। जिले में बुखार और डेंगू के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। बीते रविवार को ही डेंगू से दो और बुखार से चार लोगों ने दम तोड़ दिया था। वहीं स्वास्थ्य विभाग डेंगू और बुखार को मौत का कारण मानने से इंकार कर रहा है। जबकि विभाग की ओर से जारी आंकड़े बताते हैं कि सोमवार को 123 लोग बुखार व नौ मरीज डेंगू के मिले हैं। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार सोमवार को 41 मरीजों की जांच में नौ डेंगू पॉजिटिव मिले हैं। इनमें शहर के पांच, जाटा बरौली, मसौली, सिद्धौर व घुंघटेर क्षेत्र का एक-एक मरीज शामिल है। यही नहीं अलग-अलग गांवों में जांच के लिए पहुंची टीम को भी सौ से अधिक मरीज बुखार के मिले हैं। इनमें टिकैतनगर के टिकरी गांव में 26 में से नौ, रामनगर के चंदामऊ व चंदनापुर में 44 में से नौ, फतेहपुर के मैदसपुर में 60 में से 35, त्रिवेदीगंज के मरदापुर में 14, दरियाबाद के कयामपुर में 76 में से 18, सूरतगंज के सुढ़ियामऊ में 21 में से सात, घुंघटेर के गदिया, खरतला व अवधपुर में 116 में से 11, जाटाबरौली के जाटा, बड़ेल, आवास विकास व फैजुल्लागंज में 52 में से चार, सतरिख के भगवानपुर में 11 में से छह और हैदरगढ़ के मिश्रनपुरवा में 30 में से 10 बुखार पीड़ित मिले हैं।

गोरखपुर वासियों को जल्द मिलेगा फूड पार्क का तोहफा..तीन सौ से अधिक लोगों को मिलेगा रोजगार

गोरखपुर। जीडीए वीसी आनंदवर्धन ने कहा कि फूड पार्क का काम तेजी से चल रहा है। इसमें दुकानों के अलावा अन्य कार्य तेजी से पूरे कराए जा रहे हैं। यहां आने वाले लोग हरियाली और खूबसूरत रोशनी के बीच खाने-पीने का आनंद उठा सकेंगे। गोरखपुर शहरवासियों को जल्द फूड पार्क का तोहफा मिलेगा। इसकी तैयारी में जीडीए के अधिकारी जुट गए हैं। रामगढ़ताल किनारे बन रहे फूडपार्क में दुकानों की सजावट चल रही है। हर्बल पार्क में पेड़-पौधों को लगाने का काम पूरा हो चुका है। जीडीए की ओर से एनेक्सी भवन की लेन में करीब 2.30 एकड़ में फूड पार्क का निर्माण चल रहा है। इसमें कुल 22 दुकानें बनी हैं। जबकि इसके एक हिस्से में हर्बल पार्क बनाया जा रहा है। जीडीए की ओर से फूड पार्क का निर्माण करा रही फर्म ने दुकानों को आवंटित कर दिया है। इसमें शीशा लगाने के अलावा अन्य सजावटी काम किए जा रहे हैं। मंगलवार की दोपहर 12:32 बजे दुकानों का तेजी से काम चल रहा था। पार्क के चारों ओर बनी जाली की पेंटिंग की शुरुआत हो चुकी थी। दुकानों में शीशे लगा रहे दिनेश ने बताया कि तेजी से काम करने का निर्देश मिला है। इसे नवरात्र के पहले तैयार कर लेना है।

अचानक बदला जननायक एक्सप्रेस का रूट, संडीला में चलती ट्रेन से कूदे यात्री, चार चोटिल

बरेली। सोमवार को शाहजहांपुर से सीतापुर के स्थान पर जननायक एक्सप्रेस को सीधे हरदोई होते हुए रवाना कर दिया गया। इस कारण संडीला स्टेशन के पास कई यात्री चलती ट्रेन से कूद गए, जिससे चार लोग चोटिल हो गए। अमृतसर से दरभंगा के बीच चलने वाली 15212 जननायक एक्सप्रेस का सोमवार को अचानक रूट बदल दिया गया। यह ट्रेन बरेली से शाहजहांपुर, रोजा, सीतापुर होते हुए जाती है। सोमवार को शाहजहांपुर से सीतापुर के स्थान पर जननायक एक्सप्रेस को सीधे हरदोई होते हुए रवाना कर दिया गया। इस कारण संडीला स्टेशन के पास कई यात्री चलती ट्रेन से कूदने के लिए मजबूर हो गए। इस दौरान चार यात्री चोटिल हो गए। जननायक एक्सप्रेस के बरेली जंक्शन आने का समय सुबह 6:37 बजे का है। सोमवार को यह ट्रेन एक घंटे देरी से बरेली आई। बरेली से 8:38 बजे शाहजहांपुर पहुंची। शाहजहांपुर के बाद रोजा जंक्शन से यह ट्रेन सीतापुर ब्रांच लाइन होते हुए गोंडा, बस्ती से गोरखपुर होते हुए दरभंगा की ओर जाती है।

एनाउंसमेंट सीतापुर से जाने का किया

सोमवार को इस ट्रेन को शाहजहांपुर से सीधे रोजा और रोजा से सीधे हरदोई की ओर रवाना कर दिया गया। गौर करने की बात यह है कि इससे पहले बरेली और फिर शाहजहांपुर स्टेशन पर एनाउंसमेंट हुआ था कि जननायक एक्सप्रेस रोजा से सीतापुर होते हुए जाएगी।

तालाब में डूबने से मासूम भाई-बहन की मौत

बांदा। कोतवाली क्षेत्र बगेहटा गांव के तेली तालाब में महबुलिया विसर्जन के दौरान मासूम भाई-बहन डूब गए। कई घंटे तक घर न लौटने पर बच्चों को खोजते रहे। तभी ग्रामीण को दोनों के शव तालाब में उतराते मिले। बिसंडा थाना क्षेत्र के पल्हरी गांव निवासी मान सिंह कोटार्य की बेटी अंकिता (10) व उसका भाई प्रियांशु (8) रक्षाबंधन के त्योहार पर बबेरू कोतवाली क्षेत्र के बगेहटा गांव निवासी अपने नाना रामसजीवन के घर आए थे। सोमवार की शाम पांच बजे शाम गांव के तेली तालाब में महबुलिया दाई की पूजा के बाद विसर्जन करने के लिए अंकिता अपनी सहेलियों के साथ गई थीं। बहन के साथ उसका छोटा भाई प्रियांशु भी गया था। विसर्जन के समय दोनों भाई-बहन तालाब के गहरे पानी में चले गए और डूबने गए। साथियों को इसका पता नहीं चला। सभी घर लौट आए। दोनों भाई बहन नहीं पहुंचे तो उनकी खोज शुरू हुई। इस बीच गांव का युवक अबरार तालाब की ओर से गुजरा तो भाई-बहन तालाब में उतराते मिले। उसने प्रधान को जानकारी दी। ग्रामीणों की मदद से बच्चों को बाहर निकाला, तबतक उनकी मौत हो चुकी थी। पिता मानसिंह बाहर रहकर मजदूरी करते हैं। प्रियांशु तीन बहनों में अकेला व सबसे छोटा था, जबकि अंकिता तीसरे नंबर की बेटी थी। हादसे के बाद मां माया देवी का रो-रोकर बुरा हाल है। कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बांदा भेजा है। सीओ बबेरू राकेश सिंह ने बताया कि तालाब में डूबने से दो भाई बहन की मौत हुई है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए बांदा भेजा गया है।

मुख्तार अंसारी मामले में गवाह के बयान दर्ज

बाराबंकी। विशेष अपर सत्र न्यायाधीश, एमपी/एमएलए कोर्ट, कमलकांत श्रीवास्तव की अदालत में गुरुवार को मुख्तार अन्सारी गैंगस्टर मामले में गवाही हुई। गवाह एसपी सिंह अदालत में उपस्थित हुए और बयान दर्ज कराया। कोर्ट ने गवाही के लिए अगली तारीख 19 अक्तूबर नियत की है। गौरतलब है कि इस मामले में जब मुख्तार अंसारी पंजाब की रोपण जेल में बंद था तब उसने जेल से आने जाने में एंबुलेंस का प्रयोग किया था। मामला प्रकाश में आने पर उसके बारे में छानबीन करने पर उसके कागज़ात कूटरचित तरीके से तैयार करने की बात पता चली थी इसके बाद प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी । विवेचना के दौरान पाया गया कि एंबुलेंस मऊ जनपद के श्याम संजीवनी हास्पिटल की संचालिका अलका राय के नाम बाराबंकी के एक फर्जी पते पर दर्ज है। मामले की एफआईआर बाराबंकी के सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी पंकज सिंह द्वारा दर्ज करवाई गई थी। इसी मामले में मुख्तार अंसारी की संलिप्तता पाते हुए गैंगस्टर एक्ट में मुकदमा दर्ज हुआ था इसी गैंगस्टर मामले में मुख्तार व उसके साथियों की सुनवाई हुई। इस दौरान मुख्तार अंसारी बांदा जेल से जफ़र आलम चंदा जिला संत कबीर नगर व अफरोज चुन्नू की गाजीपुर जेल से जरिए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग पेश हुए। इस दौरान उपनिरीक्षक एसपी सिंह की गवाही पूरी हुई। अगले तिथि पर उपनिरीक्षक बृजेश सिंह का बयान दर्ज किया जाएगा। इस दौरान शेषनाथ व सुएब मुजाहिद उपस्थित हुए और शेष को हाजिरी माफ़ी दी गई।

जल जीवन मिशन की परियोजनाओं का विवाद निस्तारित न होने आयुक्त नाराज

बस्ती। जल जीवन मिशन की परियोजनाओं से जुड़े जमीन एवं अन्य विवाद का पटाक्षेप न होने पर आयुक्त अखिलेश सिंह ने नाराजगी जताई है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि इन परियोजनाओं से संबंधित भूमि विवाद एवं पेट कटान के मामले तत्काल निस्तारित कराए जाए। आयुक्त सोमवार को जल जीवन मिशन की समीक्षा कर रहे थे। बताया गया कि बस्ती में 15 तथा संत कबीर नगर में दो स्थानों पर पेड़ कटान के मामले लंबित है। जबकि बस्ती में 47, सिद्धार्थनगर में 14 तथा संत कबीर नगर में 67 प्रस्तावित स्थलों पर भूमि संबंधी मामले लंबित है। उन्होंने कार्यदाई संस्थाओं को निर्देशित किया है कि वे मिटीरियल तथा मशीन मौके पर उपलब्ध कराकर कार्य शुरू करवाए। यदि कोई विवाद सामने आता है, तो स्थानीय प्रशासन उसका निस्तारण कराएगा। उन्होंने कहा कि जहां जलभराव की समस्या है, वहां पर पंप लगाकर पानी निकलवाया जाए। कहा कि 4 अक्तूबर को मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया था कि प्रोजेक्टवार नोडल अधिकारी नामित करें। इसका पालन सुनिश्चित कराया जाए। उन्होंने पाया कि संत कबीर नगर में पानी की टंकी का निर्माण कार्य धीमा पाया जाने पर अधिशासी अभियंता को तेजी लाने के निर्देश दिए। 216 परियोजनाओं का कार्य अनारंभ होने पर उन्होंने अधिशासी अभियंताओं को माह के अंत तक कार्य शुरू कराने का निर्देश दिया है। इस मौके पर जेडीसी पद्मकांत शुक्ला, अपर आयुक्त प्रशासन राजीव पांडेय, सीआरओ ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी, एडीएम संतकबीर नगर जयप्रकाश, सिद्धार्थनगर से एसडीएम कुणाल आदि मौजूद रहे।

बच्चे को दूध पिला रही मां पर गिरा पंखा

बलिया। बैरिया थाना क्षेत्र के जमालपुर निवासी बबलू गोड़ की पत्नी पुष्पा देवी छह माह के बच्चे के साथ कुछ दिनों से ही मायके बसन्तपुर आई थी। मंगलवार को घर में बच्चे को दूध पिला रही थी, उसी दौरान बगल में चल रहा स्टैंड पंखा शरीर पर गिर गया। सुखपुरा थाना के बसन्तपुर गांव में बच्चे को दूध पिला रही मां की करंट से मौत हो गई। बच्चे की हालत गम्भीर बनी है। इसकी खबर लगते ही परिवार में कोहराम मच गया। बैरिया थाना क्षेत्र के जमालपुर निवासी बबलू गोड़ की पत्नी पुष्पा देवी छह माह के बच्चे के साथ कुछ दिनों से ही मायके बसन्तपुर आई थी। मंगलवार को घर में बच्चे को दूध पिला रही थी, उसी दौरान बगल में चल रहा स्टैंड पंखा शरीर पर गिर गया। उसमें उतरे करंट से पुष्पा व गोद में दूध पी रहा बच्चा बेहोश हो गया। कुछ देर बाद पहुंचे परिजनों ने उसे उस हालत देख सकते में पड़ गए, उन्होंने बिजली काट कर पुष्पा को पंखे से अलग किया।

स्टेशन पर कराहते हुए निकल गया दम, तीन घंटे बाद पहुंची एंबुलेंस

बलिया। सुरेमनपुर स्टेशन के दो नंबर प्लेटफार्म पर सोमवार को डाउन उत्सर्ग एक्सप्रेस से एक युवक गिरकर प्लेटफार्म की दीवार व ट्रैक के बीच में फंस गया। यात्रियों के मदद से बुरी तरह घायल युवक को किसी तरह ट्रैक से बाहर तो निकाल लिया गया, लेकिन वह एंबुलेंस के लिए प्लेटफार्म पर तड़पता रहा। तीन घंटे बाद एंबुलेंस पहुंची, तब तक युवक की मौत हो चुकी थी। सोनू प्रसाद (25) पुत्र भरत प्रसाद ग्राम खिरवा पोस्ट कौड़िया जिला सिवान बिहार उत्सर्ग एक्सप्रेस से कहीं से छपरा जा रहा था। सुरेमनपुर रेलवे स्टेशन पर ट्रेन से गिरकर युवक प्लेटफार्म की दीवार व ट्रैक के बीच चला गया। यात्रियों ने किसी तरह ट्रेन रुकवाई। मौके पर जीआरपी और आरपीएफ के सिपाही भी पहुंच गए। लोगों के सहयोग से उसे ट्रैक से निकालकर प्लेटफार्म पर लाया गया। जीआरपी और आरपीएफ के सिपाही घायल सोनू प्रसाद को अस्पताल पहुंचाने के लिए कई बार टोल फ्री 108 नंबर पर एंबुलेंस के लिए फोन किए। जीआरपी में तैनात रामरक्षा यादव ने बताया कि फोन करने के लगभग तीन घंटे तक एंबुलेंस नहीं पहुंची। जब एंबुलेंस पहुंची तब तक सोनू की मौत हो चुकी थी। उसे उठाकर सिपाही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोनबरसा ले गए। उसकी मौत की पुष्टि चिकित्सकों ने कर दी। शव को पोस्टमार्टम के लिए जीआरपी बलिया ले गई। उसके जेब में मिले आधार कार्ड के पते पर परिजनों को जीआरपी ने सूचना भी भेज दी।

बार-बार फोन करने पर भी हुई देर

जीआरपी के पुलिसकर्मी रामरक्षा यादव ने बताया कि 108 नंबर पर फोन करके एंबुलेंस देने के लिए कहा। फोन रिसीव करने वाली कोई महिला थी। कई बार फोन किया, हर बार एंबुलेंस वाले का नंबर दे रही थीं, लेकिन एंबुलेंस नहीं आ रही थी। ऐसे में उक्त महिला से फोन पर हॉट टॉक भी हुई। प्लेटफार्म पर यात्री भी नाराज हो रहे थे। अंत में लखनऊ से मुरलीछपरा अस्पताल पर खड़ी एंबुलेंस के ड्राइवर का नंबर दिया गया। एंबुलेंस करीब साढ़े दस बजे के बाद पहुंची। तब हम लोग अस्पताल ले गए, लेकिन चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं, 108 एंबुलेंस प्रभारी प्रभाकर यादव ने कहा कि 9.40 पर ड्राइवर को फोन आया था। 10.15 पर एंबुलेंस पहुंच गई थी।

ट्रेन से गिरे यात्री का स्टेशन पर कराहते हुए निकल गया दम, तीन घंटे बाद पहुंची एंबुलेंस

बलिया। बलिया जिले के सुरेमनपुर स्टेशन पर सोमवार को ट्रेन गिरकर एक युवक बुरी तरह घायल हो गया। वह एंबुलेंस के लिए प्लेटफॉर्म पर तड़पता रहा। तीन घंटे बाद एंबुलेंस पहुंची, तब तक युवक की मौत हो चुकी थी। यूपी के बलिया जिले के सुरेमनपुर स्टेशन पर सोमवार को ट्रेन से एक युवक गिरकर प्लेटफॉर्म की दीवार और ट्रैक के बीच में फंस गया। यात्रियों के मदद से बुरी तरह घायल युवक को किसी तरह ट्रैक से बाहर निकाल लिया गया। वह एंबुलेंस के लिए प्लेटफॉर्म पर तड़पता रहा। तीन घंटे बाद एंबुलेंस पहुंची। तब तक युवक की मौत हो चुकी थी। सोनू प्रसाद (25) पुत्र भरत प्रसाद ग्राम खिरवा पोस्ट कौड़िया जिला सिवान (बिहार) उत्सर्ग एक्सप्रेस से कहीं से छपरा जा रहा था। सुरेमनपुर रेलवे स्टेशन पर ट्रेन से गिरकर युवक प्लेटफॉर्म की दीवार व ट्रैक के बीच चला गया। यात्रियों ने किसी तरह ट्रेन रुकवाई। मौके पर जीआरपी और आरपीएफ के सिपाही भी पहुंच गए। लोगों के सहयोग से उसे ट्रैक से निकालकर प्लेटफॉर्म पर लाया गया।

जेब में मिले आधार कार्ड से हुई शिनाख्त

जीआरपी और आरपीएफ के सिपाही घायल सोनू प्रसाद को अस्पताल पहुंचाने के लिए कई बार टोल फ्री 108 नंबर पर एंबुलेंस के लिए फोन किया। जीआरपी में तैनात रामरक्षा यादव ने बताया कि फोन करने के लगभग तीन घंटे तक एंबुलेंस नहीं पहुंची। जब एंबुलेंस पहुंची तब तक सोनू की मौत हो चुकी थी।

उसे उठाकर सिपाही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोनबरसा ले गए। उसकी मौत की पुष्टि चिकित्सकों ने कर दी। शव को पोस्टमार्टम के लिए जीआरपी बलिया ले गई। उसके जेब में मिले आधार कार्ड के पते पर परिजनों को जीआरपी ने सूचना भी भेज दी।

बार-बार फोन करने पर भी हुई देर

जीआरपी जवान रामरक्षा यादव ने बताया कि 108 नंबर पर फोन कर एंबुलेंस भेजने के लिए कहा। फोन रिसीव करने वाली कोई महिला थी। कई बार फोन किया, हर बार एंबुलेंस वाले का नंबर दे रही थीं, लेकिन एंबुलेंस नहीं आ रही थी। ऐसे में उक्त महिला से फोन पर हॉट टॉक भी हुई। प्लेटफॉर्म पर यात्री भी नाराज हो रहे थे। अंत में लखनऊ से मुरलीछपरा अस्पताल पर खड़ी एंबुलेंस के ड्राइवर का नंबर दिया गया। एंबुलेंस करीब साढ़े दस बजे के बाद पहुंची। तब हम लोग अस्पताल ले गए, लेकिन चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

वहीं, 108 एंबुलेंस प्रभारी प्रभाकर यादव ने कहा कि 9.40 पर ड्राइवर को फोन आया था। 10.15 पर एंबुलेंस पहुंच गई थी।

निलंबित प्रभारी एक्सईन पर एफआईआर का निर्देश

बलिया। जल निगम नगरीय के निलंबित प्रभारी अधिशासी अभियंता अंकुर श्रीवास्तव के खिलाफ अमृत कार्यक्रम सीवरेज योजना में बरती गई अनियमितता में मुकदमा दर्ज करने का निर्देश मुख्य अभियंता अरुण कुमार ने दिया है। इस क्रम में जल निगम के अधीक्षण अभियंता मनोज कुमार ने विभाग के अधिशासी अभियंता को मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई से अवगत कराने का निर्देश दिया है। बता दें नगर पालिका बलिया में अमृत कार्यक्रम के तहत बन रही सीवरेज योजना के निर्माण कार्य में अनियमिता सामने आने के बाद शासन के निर्देश पर दो माह पहले टीम ने जांच की थी। जांच में सामने आया कि योजना के तहत प्रथम किस्त के तौर पर 6.58 करोड़ की धनराशि निर्गत की गई थी जिसके सापेक्ष 16 करोड़ 12 लाख 97 हजार का भुगतान फर्मों को किया गया है। इसके लिए 10 करोड़ 42 लाख 37 हजार का भुगतान अन्य योजनाओं से फंड डायवर्जन कर किया गया है।

आठ त्योहार स्पेशल ट्रेनों की समयसारिणी जारी, बरेली जंक्शन पर भी होगा ठहराव

बरेली। दिवाली और छठ पूजा के लिए दिल्ली, यूपी और बिहार के लोगों को घर वापसी में समस्या नहीं होगी। रेलवे आठ त्योहार स्पेशल ट्रेनों का संचालन करेगा। इन ट्रेनों की समय सारिणी जारी कर दी गई है। उत्तर रेलवे ने सोमवार को त्योहार स्पेशल ट्रेनों के संचालन की समयसारिणी जारी कर दी। जम्मूतवी-बरौनी के बीच 19 और फिरोजपुर-पटना के बीच 25 अक्तूबर से स्पेशल ट्रेन का संचालन शुरू हो जाएगा। इन सभी अप-डाउन त्योहार स्पेशल ट्रेनों का बरेली में दो-दो मिनट का ठहराव होगा। नवरात्र, विजय दशमी, दिवाली और छठ पूजा के दौरान त्योहार स्पेशल ट्रेनों के संचालन से यात्रियों को काफी सहूलियत मिलेगी। 04646 जम्मूतवी-बरौनी एक्सप्रेस का 19 से 30 नवंबर तक प्रत्येक बृहस्पतिवार को संचालन होगा। इस ट्रेन के बरेली आने का समय शाम 7:21 बजे रहेगा। प्रत्येक शुक्रवार को चलने वाली 04645 बरौनी-जम्मूमवी एक्सप्रेस 20 अक्तूबर से एक दिसंबर तक सुबह 9:05 बजे बरेली आएगी। फिरोजपुर से पटना के बीच चलने वाली 04678 त्योहार स्पेशल 25 अक्तूबर से 29 नवंबर तक प्रत्येक बुधवार को रात 2:25 बजे बरेली आएगी। पटना से फिरोजपुर के बीच चलने वाली 04677 त्योहार स्पेशल प्रत्येक बृहस्पतिवार को 26 अक्तूबर से 30 नवंबर तक सुबह 9:08 बजे बरेली आएगी।

गोरखपुर-चंडीगढ़ 30 नवंबर तक चलेगी

चंडीगढ़ से गोरखपुर के बीच चलने वाली 04518 त्योहार स्पेशल दो से 30 नवंबर तक प्रत्येक बृहस्पतिवार को सुबह 7:40 बजे बरेली आएगी। गोरखपुर-चंडीगढ़ 04517 त्योहार स्पेशल तीन नवंबर से एक दिसंबर तक प्रत्येक शुक्रवार को सुबह 7:00 बजे बरेली आएगी।

मेरी मौत का जिम्मेदार नदीम... अम्मी आई लव यू, लिखकर मोटर मैकेनिक ने की आत्महत्या

बरेली। इज्जतनगर क्षेत्र के बसंतपुर रहपुरा चौधरी निवासी अमन शाह कोहाड़ापीर में एक दुकान पर मोटर मैकेनिक का काम करता था। सोमवार को वह काम करके घर लौटा और कमरे में जाकर आत्महत्या कर ली। कमरे में एक सुसाइड नोट मिला है। बरेली के इज्जतनगर थाना क्षेत्र में मालिक से परेशान मोटर मैकेनिक ने फंदा लगाकर जान दे दी। सोमवार रात उसका शव कमरे में पंखे से लटका मिला। उसके गले में दुपट्टे का फंदा बंधा हुआ था। कमरे से एक सुसाइड नोट मिला है, जिसमें दुकान मालिक को अपनी मौत का जिम्मेदार बताया है। परिजनों की तहरीर लेकर पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजा है।

इज्जतनगर के बसंतपुर रहपुरा चौधरी निवासी 21 वर्षीय अमन शाह की मौत के बाद उसके भाई मोनू ने बताया कि अमन पांच साल से कोहाड़ापीर में नाजिम की दुकान पर मोटर मैकेनिक का काम करता था। नदीम बाइकों का डीलर भी है। कुछ दिन से नदीम अमन को बेवजह परेशान करता था।

काम से लौटने के बाद दी जान

सोमवार शाम अमन काम करके घर को लौटा, फिर अपने कमरे में जाकर दुपट्टे के सहारे पंखे से फंदा लगाकर जान दे दी। परिवार के सभी लोग अपने कामकाज में व्यस्त थे। भांजे आहान ने जब कमरे में झांककर देखा तो अमन लटका हुआ था। इसकी जानकारी पर परिवार में कोहराम मच गया। इसकी जानकारी परिवार के लोगों ने पुलिस को दी।

मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मोनू ने बताया कि अमन कक्षा पांच तक पढ़ा हुआ था। जिस कमरे में वह लटका था, उसमें फ्रिज के ऊपर एक सुसाइड नोट मिला था। इसमें लिखा था कि मेरी मौत का जिम्मेदार नदीम है....अम्मी आई लव यू। शिकायत पर पुलिस इस मामले की जांच कर रही है।

निपटाए जाएंगे राजस्व से जुड़े मुकदमे, प्रशासन गंभीर

बस्ती। देवरिया सामुहिक हत्याकांड के बाद जमीन संबंधी विवाद को लेकर यहां जिला प्रशासन अलर्ट हो गया है। विभाग वार मुकदमों की सूची तैयार कराई गई है। प्रतिदिन सुनवाई की रूपरेखा बनाई जा रही है। पुराने और नए दोनों तरह के मामले निपटाए जाएंगे। निस्तारण की मानीटरिंग डीएम अंद्रा वामसी अपनी टीम के साथ स्वयं करेंगे। जिले में जमीन से संबंधित 22500 मामले लंबित चल रहे हैं। इसमें सर्वाधिक राजस्व न्यायालयों में 19000 और चकबंदी न्यायालयों में 3500 मामले लंबित है। राजस्व न्यायालयों के 5 हजार मामले तीन साल से अधिक पुराने हो चुके हैं। डीएम ने अलग-अलग प्रकृति मुकदमों को सूचीबद्ध कराकर निस्तारण पर जोर दिया है। इसमें खारिज-दाखिल, वरासत, धारा 24 के तहत पक्की पैमाइश, धारा 80 की कार्रवाई जैसे मामलों के त्वरित निस्तारण की योजना तैयार कर ली गई है। इसके लिए प्रतिदिन राजस्व न्यायालयों में सुनवाई होना अनिवार्य किया जाएगा।

डेंगू-मलेरिया बेकाबू, हॉटस्पॉट बन रहे शहर के वार्ड, जिला सर्विलांस अधिकारी से चार्ज छिना

बरेली। सीएमओ ने अनदेखी की शिकायतें मिलने पर जिला सर्विलांस अधिकारी का कार्यभार एसीएमओ डॉ. भानु प्रकाश से हटा लिया। डॉ. प्रशांत रंजन को यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। बरेली में डेंगू के जानलेवा होने के बावजूद मुस्तैदी में लापरवाही बरतने वालों पर अब गाज गिरने लगी है। सोमवार को सीएमओ ने अनदेखी की शिकायतें मिलने पर जिला सर्विलांस अधिकारी का कार्यभार एसीएमओ डॉ. भानु प्रकाश से हटा लिया। डॉ. प्रशांत रंजन को यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। बताया जाता है कि एसीएमओ डॉ. भानु प्रकाश मच्छरों की रोकथाम, जांच, सोर्स रिडक्शन समेत अन्य जरूरी कवायदों के अनुपालन में लेटलतीफी कर रहे थे।

इधर, विभागीय शिकायतें बढ़ती जा रही थीं। दूसरी ओर, प्रभावी रोकथाम की गति भी सुस्त थी। तत्कालीन डीएम ने भी पिछले दिनों बैठक में एसीएमओ को सही जानकारी न

नारी शक्ति को बढ़ावा देना ही है उद्देश्य-चन्द्रमोहन

सरयू प्रसाद कन्या पाठशाला इण्टर कालेज में मनाया गया अन्तर्राष्ट्रीय बालिका दिवस

त्रिगुट संवाददाता

गोण्डा। महिला कल्याण विभाग द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर 'आवर टाइम इज नाउ-आवर राइट्स, आवर फ्यूचर' थीम पर कार्यक्रम आयोजन किया गया। बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजनान्तर्गत सरयू प्रसाद कन्या पाठशाला इण्टर कालेज में आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ संरक्षण अधिकारी चन्द्रमोहन वर्मा ने किया।

उन्होंने अन्तर्राष्ट्रीय बालिका दिवस की बधाई देते हुये बालिकाओं को बताया कि इस खास दिन मनाने का मुख्य उद्देश्य नारी शक्ति को बढ़ावा देना। बालिकाओं के जीवन को विकसित करना और जागरूक करना है। कार्यक्रम में जिला समन्वयक राज कुमार आर्य ने बताया कि महिलाओं एवं बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनाना है, ताकि महिलाएं भी देश और समाज के विकास में योगदान दे सकें। उन्हें सम्मान और अधिकार दिलाने के लिए अर्न्तराष्ट्रीय बालिका दिवस के मौके पर कार्यक्रमों का आयोजन होता है।

इस अवसर पर हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया, जिसमें बालिकाओं ने हस्ताक्षर किये, साथ ही वहां उपस्थित अध्यापिकाएं व अन्य ने भी हस्ताक्षर कर बेटियों की सुरक्षा का संकल्प लिया। इसके साथ ही बालिकाओं को महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के बारे में विस्तृत जानकारी देकर पात्र बालिकाओं को आवेदन कराये जाने के बारे में बताया गया।

सामाजिक कार्यकर्ता पंकज राव द्वारा समस्त योजनाओं के पम्पलेट व स्टीकर वितरित किये गये। इस दौरान विद्यालय की शिक्षिकाएं व छात्राएं उपस्थित रहीं।

पराली प्रबंधन एवं श्रीअन्न की खेती से किसानों को होगा फायदा - डॉ संजय कुमार त्रिपाठी

बलराम मौर्या

मया बाजार (अयोध्या)। प्रधानमन्त्री किसान सम्मान निधि योजना से वंचित ऐसे किसान भाई जिनका पैसा ई केवाईसी ना होने की वजह से नहीं आ रहा है उसके लिए विभाग द्वारा क्षेत्रीय कर्मचारी कर्मचारियों की आईडी बनाकर मोबाइल से फेशियल ई केवाईसी का कार्यक्रम कैंप के आयोजन के माध्यम से किया जा रहा है। मया विकासखंड के ग्राम पंचायत कनकपुर में राजकीय कृषि बीज भंडार/ किसान सेवा केन्द्र के कर्मचारियों द्वारा बड़ी ही तत्परता के साथ केवाईसी करने का कार्यक्रम बृहद पैमाने पर चलाया जा रहा है। जिसका औचक निरीक्षण उपनिदेशक कृषि डॉक्टर संजय कुमार त्रिपाठी जी द्वारा विकासखंड मया बाजार के ग्राम पंचायत कनकपुर का किया गया। मौके पर क्षेत्रीय कर्मचारी राम शंकर सिंह एटीएम एवं सहायक विकास अधिकारी कृषि डॉ उमाशंकर के द्वारा कैंपों में फेशियल केवाईसी का कार्यक्रम चल रहा था।

उप निदेशक महोदय के द्वारा अन्य किसान भाइयों को ई केवाईसी से वंचित किसानों की केवाईसी करने हेतु बताया गया जिससे रुकी हुई एवं आने वाली आगामी किस्त से भाई वंचित न रहे द्य इसके अलावा उपस्थित किसान भाइयों से विभागीय योजनाओं और आगामी फसल की जानकारी के साथ-साथ उप कृषि निदेशक संजय कुमार त्रिपाठी महोदय के द्वारा पराली प्रबंधन एवं श्रीअन्न की खेती के बारें में विस्तृत जानकारी दी गई उक्त अवसर पर प्रगतिशील किसान बृजेश कुमार सिंह, पप्पू सिंह, पंकज सिंह, ग्राम प्रधान सहित अन्य किसान भाई मौजूद रहे।

पूर्व विधायक शीतला प्रसाद सिंह शितलू बाबा की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का किया गया आयोजन

त्रिगुट संवाददाता

गोंडा। महाराजा देवी बख्श सिंह इंटर कॉलेज बेलसर गोंडा के संस्थापक प्रबंधक एवं पूर्व क्षेत्रीय विधायक स्वर्गीय शीतला प्रसाद सिंह उर्फ शितलू बाबा की 21वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य अजीत सिंह ने विद्यालय के शिक्षकों तथा गणमान्य नागरिकों और छात्र छात्राओं के साथ हवन पूजन एवं शांति पाठ किया। तदुपरांत विद्यालय के श्रीराम सभागार में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। अतिथियों ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं विद्यालय में स्थापित विद्यालय संस्थापक पूर्व विधायक श्री शीतला प्रसाद सिंह की प्रतिमा एवं समाधि स्थल पर पुष्पांजलि के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए राम भजन चौबे ने कहा कि क्षेत्र के लोगों को बेहतर शिक्षा की जो नींव वर्षों पहले बाबा ने रखी थी उसका लाभ आज आम जनमानस को मिल रहा है। बाबा जी कहते थे कि किसी भी मनुष्य का जीवन तभी सार्थक होगा जब उसे उपयुक्त समय पर उपयुक्त शिक्षा मिल सके इसलिए उन्होंने शिक्षा पर विशेष बल दिया और अपने कार्यकाल में कई विद्यालयों की स्थापना कराई। श्रद्धांजलि सभा को पूर्व प्रधानाचार्य

देवकली प्रसाद पांडे रामनाथ पांडे लियाकत अली, राम गणेश तिवारी, दीप नारायण सिंह डॉक्टर पवन प्रताप सिंह, डॉक्टर पदमनाथ पांडेय आनंद कुमार पांडेय आदि ने भी संबोधित किया एवं बाबा से जुड़ी अपनी स्मृतियों को छात्राओं से साझा किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य अजीत सिंह ने आए हुए अतिथियों का स्वागत करते हुए उनके प्रति आभार प्रकट किया तथा बाबा जी से जुड़ी हुई अपनी स्मृतियों को लोगों से साझा करते हुए कहा कि बाबा जी ने शिक्षा के क्षेत्र में विकास तो किया ही साथ ही साथ क्षेत्र का सर्वांगीण विकास किया। इस अवसर पर क्षेत्र के जाने-माने कवि हीरा सिंह मधुर, सुरेंद्र बहादुर सिंह झंझट, घनश्याम पांडेय, रवीन्द्र पांडेय रवि, हनुमान प्रसाद गुप्ता आदि ने अपने काव्य पंक्तियों के द्वारा पूर्व विधायक को श्रद्धा सुमन अर्पित किया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के शिक्षक अशोक कुमार ने किया। इस दौरान एनसीसी कैडेट्स तथा स्काउट और गाइड ने मार्च पास्ट एवं कलर पार्टी द्वारा अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर चंद्र प्रताप सिंह राजबहादुर सिंह, श्री पति वर्मा, अर्जुन सिंह राजकुमार सिंह, आचार्य दीपक शुक्ला शैलेंद्र सिंह चित्तू, हाजी मोहम्मद हनीफ, रामचंद्र, बुझावन, रामभरोस गुप्ता, धीरेंद्र कुमार सिंह के साथ - साथ विद्यालय के समस्त शिक्षक, शिक्षणेत्तर कर्मचारी तथा छात्र - छात्राएं उपस्थित रहे।

अन्तर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर सोनबरसा की बेटियां हुई सम्मानित

जनक राम वर्मा

अलावल देवरिया गोंडा। बुधवार को अन्तर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर शिक्षा क्षेत्र मनकापुर के कम्पोजिट विद्यालय सोनबरसा बक्सरा आज्ञाराम में कक्षा एक से आठवीं तक की होनहार छात्राओं को सम्मानित किया गया। शिक्षकों ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, बेटियां किसी से कम नहीं विषय पर छात्र छात्राओं व उपस्थित अभिभावकों को जागरूक किया।इस अवसर पर आठवीं की सुषमा,खुशनाज सातवीं की अर्चना, पूनम,रुबी छठवीं की अंशिका, संगीता, लक्ष्मी, पांचवीं की रिया, चांदनी, माधुरी चौथी की साकिरा, ज्योति तीसरी की मुस्कान, अनामिका दूसरी की भूमिका,अंशू, अंजलि व कक्षा एक की छात्रा निधि,जैनब आदि बच्चियों को माला पहनाकर व नोट बुक, इंग्लिश स्पीकिंग कोर्स, सामान्य ज्ञान की पुस्तक उपहार स्वरूप भेंट किया गया। सभी छात्राओं में मिष्ठान वितरण भी किया गया। इस अवसर पर अकादमिक रिसोर्स पर्सन जितेन्द्र वर्मा, शिक्षक बलजीत सिंह कनौजिया,राम अनुज, शताब्दी वर्मा, देवेंद्र प्रताप, अमर ज्योति, चित्रावती, अनुराधा मिश्रा, पूनम यादव आदि उपस्थित रहे।

35वीं अखिल भारतीय डाक कुश्ती प्रतियोगिता का साई लखनऊ में चीफ पोस्टमास्टर जनरल ने किया शुभारम्भ

कुश्ती प्रतियोगिता के पहले दिन 10 में से 4 स्वर्ण उत्तर प्रदेश की झोली में

लखनऊ। 35वीं अखिल भारतीय डाक कुश्ती प्रतियोगिता का 10 अक्टूबर को भारतीय खेल प्राधिकरण, नेताजी सुभाष क्षेत्रीय केंद्र, लखनऊ में उत्तर प्रदेश परिमण्डल के चीफ पोस्टमास्टर जनरल श्री बा? सेल्वकुमार ने शुभारम्भ किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उन्होंने सभी प्रतिभागियों और खेल प्रेमियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के आरम्भ में विभिन्न परिमण्डलों की टीम ने मार्च पास्ट किया और चीफ पोस्टमास्टर जनरल ने ध्वजारोहण कर सलामी ली। मेजबान उत्तर प्रदेश टीम के कप्तान वेदप्रकाश यादव ने सभी टीमों को शपथ दिलाई। इस प्रतियोगिता में 11 प्रदेशों के डाक परिमंडलों की टीमों सहित कुल 95 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं, जिनके बीच 12 अक्टूबर तक टीम और वैयक्तिक स्तर पर कुल 124 मैच खेले जायेंगे। प्रथम दिन कुल 59 मैच खेले गए।

चीफ पोस्टमास्टर जनरल श्री बा? सेल्वकुमार ने कहा कि कुश्ती भारत के प्राचीन खेलों में से एक है, जहां इसे मल्ल-युद्ध के नाम से जाना जाता था। नए स्वरूप में कुश्ती देश ही नहीं विदेशों में भी लोकप्रिय हो रही है। डाक विभाग कुश्ती सहित विभिन्न खेलों को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न पदों पर खिलाड़ियों की भर्ती भी करता है। ऐसी प्रतियोगिताएं कर्मचारियों में उत्साहवर्धन करती हैं, उन्हें स्वस्थ रहने की प्रेरणा देती हैं तथा उनके सामाजिक कौशल का निर्माण करती हैं। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को खेल भावना से खेलने हेतु प्रेरित करते हुए शुभकामनाएं दीं और कहा कि खिलाड़ियों को अंतिम समय तक अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए हार नहीं माननी चाहिए। उत्तर प्रदेश में अखिल भारतीय डाक कुश्ती प्रतियोगिता के आयोजन पर उन्होंने खुशी भी जताई।

वाराणसी परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल श्री कृष्ण कुमार यादव ने स्वागत संबोधन में कहा कि कुश्ती प्रतियोगिता खेल भावना, अनुशासन, सहभागिता और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा के दम पर नए आयाम रच रही है। खेल शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य के विकास के साथ-साथ किसी भी राष्ट्र की प्रगति व विकास को भी दिखाते हैं। एशियाड खेलों में भारतीय खिलाड़ियों ने अपनी खेल प्रतिभा का परचम लहराते हुए पदकों के मामले में जिस तरह पहली बार शतक का आंकड़ा पार किया, वह सभी खिलाडियों के लिए प्रेरणास्पद है और हम सभी को गौरव की अनुभूति देता है।

आज की ग्रीको-रोमन कुश्ती प्रतियोगिता में 55 किग्रा. भारवर्ग में ओडिशा के प्रशांत, 60 किग्रा. भारवर्ग में महाराष्ट्र के आनंद, 63 किग्रा. भारवर्ग में उत्तर प्रदेश के संजय राय, 67 किग्रा. भारवर्ग में महाराष्ट्र के शिवाजी, 72 किग्रा. भारवर्ग में उत्तर प्रदेश के अमलेश यादव, 77 किग्रा. भारवर्ग में उत्तर प्रदेश के विकास, 82किग्रा. भारवर्ग में हरियाणा के जितेंद्र, 87 किग्रा. भारवर्ग में हरियाणा के साहिल, 97 किग्रा. भारवर्ग में उत्तर प्रदेश के प्रतीक पांडेय एवं 130 किग्रा. भारवर्ग में बिहार के राकेश कुमार ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। इस अवसर पर श्री एस.एफ.एच रिजवी, पोस्टमास्टर जनरल, कानपुर, श्री राजेंद्र प्रसाद, महाप्रबंधक वित्त, श्री कृष्ण कुमार यादव, पोस्टमास्टर जनरल, वाराणसी, श्री राजीव उमराव, पोस्टमास्टर जनरल, आगरा, श्री विवेक कुमार दक्ष, पोस्टमास्टर जनरल, लखनऊ, श्री गौरव श्रीवास्तव, निदेशक प्रयागराज, श्री राम विलास चौधरी, निदेशक गोरखपुर,श्री आनन्द कुमार सिंह, निदेशक मुख्यालय, लखनऊ, श्री सुबोध प्रताप सिंह, निदेशक कानपुर, श्री विशाल कुमार पाठक, प्रवर डाक अधीक्षक, लखनऊ, श्रीमती आयुषी राय, उपनिदेशक लेखा, श्री हिमांशु कुमार मिश्र, सतर्कता अधिकारी, श्री सुशील तिवारी, चीफ पोस्टमास्टर, सहायक निदेशक श्री संतोष कुमार सिंह, खेल विकास अधिकारी श्री अरविन्द कुमार सिंह सहित तमाम अधिकारी-कर्मचारी व खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

गुड टच एवं बैड टच से प्राथमिक विद्यालय की बालिकाएं हुई जागरूक

अवध विवि की छात्राओं ने नाटक के माध्यम से गांव की बालिकाओं को किया जागरूक

डा0 नरेन्द्र बहादुर सिंह

अयोध्या। डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के महिला अध्ययन केंद्र तथा महिला शिकायत एवं कल्याण प्रकोष्ठ द्वारा माधवपुर, मसौधा गांव के प्राथमिक विद्यालय में अंतराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर गांव की बालिकाओं को नाटक के माध्यम से समाज में व्याप्त लैंगिक अपराधों के प्रति जागरूक किया गया। इसके अतिरिक्त उन्हें गुड तथा बैड टच की जानकारी दी गई। इसमें विश्वविद्यालय की छात्राओं द्वारा पांच से बारह साल के बच्चों को अच्छे व बुरे स्पर्श के बारे में अवगत कराया गया। कार्यक्रम के दौरान गांव की बालिकाओं को विश्वविद्यालय की छात्राओं ने नाटक के माध्यम से समाज में व्याप्त विषम परिस्थितियों से अवगत कराया गया। दूसरी ओर विषम परिस्थितियों से कैसे निपटना जाए इसका प्रशिक्षण नाटक के माध्यम से दिया गया। नाटक की रूपरेखा व्यावहारिक मनोविज्ञान की शिक्षिका डॉ0 प्रतिभा त्रिपाठी द्वारा तैयार की गई। प्रस्तुतीकरण छात्रा श्रेया पाण्डेय तथा साक्षी पाण्डेय द्वारा किया।

कार्यक्रम में सेल की कोऑर्डिनेटर डॉ0 महिमा चैरसिया ने बताया कि छोटी उम्र की बालिकाएं भावनाओं, क्रिएटिविटी तथा एनर्जी से भरी होती हैं। उनके साथ कोई अनहोनी घटना हो जाती है तो उसके मनोभावों पर पड़ता है। इससे वे असहज महसूस करने लगती है। इसीलिए सभी माता-पिता का मुख्य कर्तव्य है कि अपनी बेटियों को अच्छे तथा बुरे स्पर्श के बारे में बताएं और उनको समझाए कि यदि किन्हीं किसी परिस्थितियों में बालिकाओं के साथ इस तरह के आपत्तिजनक कृत्य होता है तो उसका विरोध करें और अपने माता पिता के साथ एवं शिक्षण-संस्थानों में शिक्षकों एवं सम्बन्धित अधिकारियों को बेझिझक बताए। क्योंकि ऐसा देखा जाता है कि समाज में जो लोग बहुत नजदीक होते हैं वही बच्चों के साथ दुष्कर्म करते हैं। परिवार में सहज वातावरण बनाए और बालिकाएं खुलकर अपनी बातें माता पिता के समक्ष रखे। कार्यक्रम का संचालन गायत्री वर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान ऋषिकेश वर्मा, सहायक शिक्षका गरिमा पाण्डेय, श्रेया पाण्डेय, साक्षी पाण्डेय, दीप्ती पाठक, आफरीन रिजवी, काजल पाण्डेय, ऐरिका सिंह, शशिकांत, रजनीश मिश्रा व प्राथमिक विद्यालय की शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहें।

पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जनपदीय पुलिस द्वारा किया गया बैंक चेकिंग

अलावल देवरिया गोंडा। पुलिस अधीक्षक गोंडा अंकित मित्तल के निर्देशन में जनपदीय पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण हेतु बैंक/ एटीएम पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेकर तथा बैंको के आस-पास सघन चेकिंग कर मौजूद सुरक्षा कर्मियों को दिए गए आवश्यक दिशा निर्देश। पुलिस अधीक्षक गोंडा के निर्देश पर जनपद के समस्त थाना क्षेत्र में बुधवार को सभी थाना क्षेत्र के थाना प्रभारी निरीक्षक थानाध्यक्ष द्वारा अपने अपने क्षेत्र में बैंकों पर पहुँचकर सघन बैंक चेकिंग अभियान चलाया गया तथा बैंक कर्मियों खाता धारको को एवं बैंक सुरक्षा ड्यूटी में लगे सुरक्षा कर्मियों को जागरूक किया गया। वहीं बैंक के आसपास घूमने वाले व्यक्तियों के सघन चेकिंग की गई और बैंक के आसपास खड़े वाहनों की भी चेकिंग की गई। इस दौरान जनपद गोंडा के थाना परसपुर के पुलिस चौकी पसका बाजार के चौकी प्रभारी सोम प्रताप सिंह ने भी बैंक चेकिंग की और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।वही जनपद के मोतीगंज थाना पुलिस द्वारा भी मोतीगंज क्षेत्र में बैंक चेकिंग किया गया बैंक सुरक्षा ड्यूटी में लगे सुरक्षा कर्मियों को जागरुक करते हुए सुरक्षा संबंधी जानकारी दी गई और ड्यूटी के दौरान सतर्क रहने को भी कहा गया।

शरद काल मे गन्ने के साथ सहफ़सली खेती कर अधिक मुनाफ़ा कमाए-सुनील कुमार शुक्ल

अलावल देवरिया (गोंडा)। शरद काल मे गन्ना की फसल लेने के कई फायदे है। शरद काल मे गन्ना बुबाई के फायदों के बारे मे जानकारी देते हुए ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक गोण्डा सुनील कुमार शुक्ल ने बताया कि इस समय सर्वोत्तम प्रजाति का स्वस्थ बीज गन्ना आसानी से मिल जाता है। शरद काल के गन्ने में रोग व कीट का प्रकोप कम होता और गन्ने की फसल को अधिक समय मिलता है। जिससे बसन्तकालीन गन्ने की अपेक्षा 25-30त्न उपज़ अधिक होती है।शरद काल में गन्ने की बुबाई का समय सितम्बर मास से अक्टूबर मास तक होता है। लेकिन नमी की अधिकता के कारण खेत तैयार न हो पाने की स्थिति मे बीज गन्ना को गर्म पानी से शोधित करके 15 नवम्बर तक बुबाई की जा सकती है।गन्ना बुबाई में नवीन स्वीकृत प्रजातियों में कोशा 0238,कोशा, 17231,को.लख. 15466,कोशा 13235 तथा को.लख.14201 की हीं बुबाई करें। गन्ने के छोटे टुकड़े 1 से 2 आँख के ही बनाये तथा उन्हे हेक्साटॉप 100 ग्राम तथा इमिडा क्लोरोपिड 100 मिली को 100 लीटर पानी के घोल में 10 से 15 मिनट के लिए डुबोये। तत्पश्चात गन्ने की बुबाई ट्रेंच बिधि से कूड़ों से कूड़ों की दूरी 4 फिट रखते हुए बुबाई करें। तथा गन्ने के टुकड़ो पर केवल एक से डेढ़ इंच ही मिट्टी डाले,जिससे जमाव अच्छा होता है। शरद काल के गन्ने की दो लाइनों के बीच में लाही, आलू,लहसुन,धनिया, आदि की खेती करके अतिरिक्त लाभ प्राप्त किया जा सकता है।

पुलिस ने वाहन चेकिंग कर चार वाहनों का किया 5000 का ई चालान

अलावल देवरिया गोंडा। जनपद के थाना परसपुर के पुलिस चौकी पसका पुलिस ने बुधवार शाम को वाहन चेकिंग अभियान चलाकर चार वाहनों का किया 5 हजार रुपए का किया ई चालान पुलिस चौकी पसका के चौकी प्रभारी सोम प्रताप सिंह ने बताया कि चौकी क्षेत्र के पसका में बुधवार शाम को वाहन चेकिंग के दौरान चार वाहनों का 5 हजार रुपए का किया ई चालान। उन्होंने वाहन चालकों को सख्त दिशा निर्देश देते हुए बताया गया कि बाइक पर तीन सवारी बैठा कर बाइक न चलाएं और बाइक चलाते समय हेलमेट का प्रयोग करें। बाइक चलाते समय मोबाइल से बात न करें और कान में लीड लगाकर बाइक न चलाएं। मोबाइल लीड लगाकर बाइक चलाने से आगे या पीछे से आने वाले वाहनों की आवाज सुनाई नहीं देती है जिससे दुर्घटना की समस्या बनी रहती है। यातायात नियमों का पालन करें सुरक्षित रहें।

गर्भवती महिलाओं का निशुल्क अल्ट्रासाउंड की जांच सामुदायिक स्वास्थ केंद्र उतरौला के माध्यम से की जाएगी

उतरौला(बलरामपुर) गर्भवती महिलाओं का निशुल्क अल्ट्रासाउंड की जांच सामुदायिक स्वास्थ केंद्र उतरौला के माध्यम से की जाएगी। उक्त जानकारी सीएचसी स्वास्थ अधीक्षक डा0चन्द्र प्रकाश सिंह ने देते हुए बताया कि सभी गर्भवती महिलाओं की अल्ट्रासाउंड जांच अब निशुल्क होगी।यह जांच सीएचसी के ओर से प्राइवेट पैथालाजी सेंटरों से कराई जाएगी। यह जांच प्रत्येक माह के चार दिन 1,9,16,24 तारीख को की जाएगी। जांच की निशुल्क सुविधा हो जाने से क्षेत्र की तमाम गरीब परिवारों के लिए वरदान साबित हो रहा है।जो गरीब व असहाय गर्भवती महिलाएं पैसे के अभाव में जांच नही करवा पाती थी या निजी पैथालाजी सेंटरों पर महंगे दामों में अपनी जांच कराने को विवश थीं, उनके लिए काफी राहत मिली है।

अवध विवि में टूरिज्म स्टूडेंट कॉन्क्लेव का हुआ समापन

त्रिगुट संवाददाता

अयोध्या। डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के व्यवसाय प्रबंध एवं उद्यमिता विभाग एवं डिटोर संस्था के संयुक्त संयोजन में दो दिवसीय टूरिज्म स्टूडेंट कॉन्क्लेव का समापन हुआ। बुधवार को स्वामी विवेकानंद सभागार में पर्यटन एवं कॅरियर से संबंधित विषयों पर छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न संस्थाओं से आये विशेषज्ञों से सीधे संवाद किया एवं परिचर्चा की। कॉन्क्लेव के सत्र में कॉरपोरेट ट्रेनर अमन कौशिक ने छात्रों को रोजगार प्राप्त करने का आईडिया दिया।

उन्होंने ने बताया कि ज्यादा से ज्यादा ऑनलाइन रिसर्च करें। पर्यटन उधोग क्या है इसके बारे में जाने। उन्होंने कहा कि सभी को टेक्नोलॉजी से अपडेट होना होगा। पर्यटन उधोग बहुत तेजी से विकास हो रहा। इससे रोजगार के अवसर भी उतनी तेजी बढेंगे।

पैनल डिस्कशन में बीएचयू के डॉ0 अनिल सिंह ने छात्र-छात्राओं से कहा कि हम सभी एकेडमिशियन का मूल उदेश्य होना चाहिए कि छात्रों को अपने कल्चर से परिचित कराये। अपने देश की भेषभूषा धारण करने के लिये प्रेरित करें। इससे पर्यटन को बढ़ावा दिया जा सकता है। उन्होंने कहा कि पर्यटन का सिलेबस बनाते समय इंडस्ट्री के लोगों को भी शामिल करें। कॉन्क्लेव के सत्र में आंध्र प्रदेश की कैपेसिटी बिल्डिंग डायरेक्टर डॉ0 लाजवंती नायडू ने भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय द्वारा कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम के बारे बताया और कहा कि कैसे शैक्षिक संस्थान इस प्रोग्राम का उपयोग अपने छात्रों के लिये कर सकते हैं।

इस कॉन्क्लेव को प्रो0 सिटिकान्त मिश्रा, प्रो0 आई सी गुप्ता, डॉ0 रोहित बोलिकर, डॉ0 प्रवीण राणा, डॉ0 अनिल कुमार सिंह, डॉ0 लाजवंती नाइडू, डॉ0 सुप्रिया सीकरी, पर्यटन उद्योग से रवीश खुल्लर, बिंदेश्वरी प्रसाद, समीर माथुर, अमन कौशिक, सौमिया और देवांश चैरसिया ने भी संबोधित किया। कॉन्क्लेव में व्यवसाय प्रबंध एवं उद्यमिता विभाग विभागाध्यक्ष प्रो0 हिमांशु शेखर सिंह ने देश के कोनों से आये हुए छात्रों एवं फैकल्टी मेंबर्स एवं पर्यटन उधोग के मेम्बेर्स का स्वागत किया।

कॉन्क्लेव में डिटॉर संस्था के संस्थापक विकास टेम्ब्रे ने विश्वविद्यालय परिवार के प्रति आभार व्यक्त किया। कहा कि दो दिवसीय कार्यक्रम निश्चित ही विद्यार्थियों के लिए पथ प्रदर्शक का काम करेगा।

इस अवसर पर प्रो0 शैलेन्द्र वर्मा, डॉ0 राना रोहित सिंह, डॉ0 अंशुमान पाठक, डॉ0 राकेश कुमार, डॉ0 आशुतोष पाण्डेय, डॉ0 राम जी सिंह, डॉ0 अनुराग तिवारी, डॉ0 निमिष मिश्रा, डॉ0 प्रियंका सिंह, डॉ0 अनिता मिश्रा, डॉ0 प्रवीण राय, डॉ0 कापिल देव, डॉ0 नवनीत श्रीवास्तव, डॉ0 जूलियस कुमार, योगेश दीक्षित, डॉ0 श्रीष अस्थाना सहित देश के 12 पर्यटन संस्थाओं के छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

पूर्वोत्तर रेलवे सूचना संख्या 97/2023

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित **स्पेशल गाड़ी सं.** का संचलन निम्नवत् किया जायेगा:-

05005/05006 गोरखपुर ज.-अमृतसर-गोरखपुर ज. साप्ताहिक विशेष गाड़ी

गाड़ी सं. 05005 गोरखपुर जं. से प्रत्येक शुक्रवार को दिनांक 20.10.2023 से 01.12.2023 तक – 07 फेरे
गाड़ी सं. 05006 अमृतसर से प्रत्येक शनिवार को दिनांक 21.10.2023 से 02.12.2023 तक – 07 फेरे

05005 (गोरखपुर ज. – अमृतसर		↓ स्टेशन ↑	05006 (अमृतसर – गोरखपुर ज.	
आगमन	प्रस्थान		आगमन	प्रस्थान
-	14:40	गोरखपुर जं.	08:50	-
15:20	15:22	खलीलाबाद	07:48	07:50
15:47	15:50	बस्ती	07:12	07:15
17:05	17:15	गोंडा जं.	05:40	05:45
18:20	18:22	बुढ़वल	04:37	04:42
19:35	19:45	सीतापुर जं.	02:05	02:15
23:04	23:07	बरेली	23:10	23:12
00:45	00:53	मुरादाबाद	21:45	21:50
03:57	04:02	सहारनपुर जं.	18:00	18:10
04:25	04:27	यमुनानगर जगाधरी	17:30	17:32
05:18	05:25	अम्बाला कैंट	16:45	16:50
06:55	07:05	लुधियाना जं.	14:52	15:02
08:05	08:10	जलंधर सिटी	13:52	13:58
08:41	08:43	ब्यास	13:13	13:15
09:30	-	अमृतसर	-	12:45

संरचना: एसएलआरडी–2, सामान्य द्वितीय श्रेणी–4, शयनयान–4, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी–10, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी –2 = कुल 22 कोच

मुजाधि/टी–28 मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक, गोरखपुर

"ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें"

मतदाताओं की संख्या किसी भी मतदेय स्थल पर 1500 से अधिक न हो-उप जिला निर्वाचन अधिकारी

बलरामपुर। भारत निर्वाचन आयोग एवं जिला निर्वाचन अधिकारी महोदय के दिशा-निर्देश के अनुपालन में उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री प्रदीप कुमार ने बताया कि आयोग द्वारा प्रदेश के 69 जनपदों के विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के मतदेय स्थलों के सम्भाजन प्रस्ताव को अनुमोदित कर दिया गया है।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने जनपद बलरामपुर के समस्त उपजिलाधिकारी/निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी अधिकारी को निर्देशित किया है कि मतदाताओं की संख्या किसी भी मतदेय स्थल पर 1500 से अधिक न हो, यह पुनः देखना सुनिश्चित किया जाए। अनुमोदित मतदेय स्थलों की समस्त सूचियों को प्रकाशित करने से पूर्व एक बार पुनः उनकी जांच कराना भी सुनिश्चित किया जाए।

मतदेय स्थलों की नई सूची के अनुसार ही निर्वाचक नामावली की कन्ट्रोल टेबल को अद्यतन किया गया है, यह सुनिश्चित किया जाए। नए मतदेय स्थलों की जानकारी सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को दी जाय और निर्वाचन क्षेत्रों में इसका व्यापक रूप से प्रचार-प्रसार किया जाए।

नाराज होकर सीजेआई ने कहा, सुप्रीम कोर्ट हर मामले में दखल नहीं दे सकता

नई दिल्ली (ईएमएस)। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को एक अर्जी पर सुनवाई कर कहा कि देश में हजारों मामले होते हैं, जिस पर ध्यान देने की जरूरत है, लेकिन शीर्ष अदालत हर चीज में दखल नहीं दे सकता है। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की बेंच केरल में बंधक बनाकर रखे गए हाथियों से जुड़ी एक याचिका पर सुनवाई कर रहा था। चीफ जस्टिस अर्जी (इंटरवेंशन एप्लीकेशन) देख खासा नाराज भी हो गए।

सीजेआई ने नाराजगी जाहिर कर कहा कि इस तरह की याचिकाएं बेवजह सुप्रीम कोर्ट का बोझ बढ़ाती हैं। हमें उच्चतम न्यायालय की भूमिका को ढंग से समझने की जरूरत है। सीजेआई ने कहा कि यह मामला पूरी तरह स्थानीय है और हाई कोर्ट के जजों को स्थानीय मुद्दों की अच्छी समझ होती है। अगर उच्च न्यायालय से कोई गलती होती है, तब हम इसमें दखल दे सकते हैं। लेकिन इस तरीके से हम देश को कैसे चलाएंगे? रिपोर्ट के मुताबिक सुप्रीम कोर्ट में अर्जी लगाने वाले सीनियर एडवोकेट सीयू सिंह ने जब दलील दी की इस पूरे मामले में नियमों की अनदेखी हुई है, तब सीजेआई ने सवाल किया, आप इस मामले को केरल हाईकोर्ट के सामने क्यों नहीं उठाते हैं? इस पर एडवोकेट ने जवाब दिया कि इस मामले से संबंधित और भी याचिकाएं सुप्रीम कोर्ट के सामने लंबित हैं। वकील ने बताया कि साल 2018 से 2022 के बीच केरल में 135 हाथियों की मौत हो चुकी है। हालांकि चीफ जस्टिस चंद्रचूड़ वकील की दलील से सहमत नहीं नजर आए। उन्होंने कहा कि हाईकोर्ट में एक से बढ़कर एक विद्वान जज हैं।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री समृद्धि तिवारी जो कि फातिमा इण्टर कालेज में कक्षा IX ए की छात्रा है। विद्यालय के अभिलेख में छात्रा के पिता का नाम त्रुटिवश शार्ट नाम एस.बी.एम. तिवारी दर्ज हो गया है, जबकि छात्रा के पिता का सही व पूरा नाम SHASHI BINDU MOHAN TIWARI (शशि बिन्दु मोहन तिवारी) है।

शशि बिन्दु मोहन तिवारी
म.नं.-612 आवास विकास कालोनी, पर